आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी उपरांत 11:18 षष्ठी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 250, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज 16
शर्वरी ने दिखाया फिटनेस का जलवा 15

## दुधवा में 117 वर्षों बाद मिला दुर्लभ सांप पेंटेड कीलबैक

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

- बायोलॉजिस्टों ने की इस गैर विषैले सांप की पहचान और पुष्टि



**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व में 117 साल बाद दुर्लभ प्रजाति का गैर विषैला सांप पेंटेड कीलबैक मिला है। दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डा. रंगा राजू टी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में वर्ष 1907 में पेंटेड कीलबैक देखे जाने के बाद अब इसकी उपस्थिति दुधवा में दर्ज की गई है। पेंटेड कीलबैक को नकौआ नाले के पास स्थित दीमक के एक टीले के निकट मृत पाया गया। उसके शरीर के लाल-नारंगी रंग सहित अन्य विशेष चिन्हों और स्किल पैटर्न से बायोलॉजिस्टों ने इसकी पहचान प्रिंटेड कीलबैक के रूप में की।

विश्व प्रकृति निधि के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित रवि, बायोलॉजिस्ट विपिन सैनी एवं अपूर्व गुप्ता आदि ने गजन जांच कर पेंटेड कीलबैक की पहचान और पुष्टि की।

## कासगंज में पुलिस की पिटाई से आहत दलित ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

### रामलीला मंचन के दौरान कुर्सी पर बैठने पर पिटाई करने का आरोप

**अमृत विचारः** रामलीला मंचन के दौरान दलित युवक का कुर्सी पर बैठना पुलिस कर्मियों को नागवार लगी, उन्होंने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए पिटाई की। जिससे आहत होकर उसने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी ने आरोपी दो पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सोरों कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे गांव के ही कुछ लोगों की साजिश की बात कही जा रही है।

सोरों के गांव सलेमपुर में रामलीला का मंचन चल रहा है। रविवार को गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश दिवाकर पुत्र कन्हई लाल पंडाल में पड़ी कुर्सी पर बैठकर रामलीला देख रहे थे। आरोप है कि रामलीला कमेटी के इशारे पर पुलिस कर्मी विक्रम और एक अन्य कांस्टेबल ने रमेश का गिरेबान पकड़कर उठा लिया और अलग ले जाकर पिटाई कर जातिसूचक गालियां दीं। पिटाई से आहत रमेश ने घर आकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन सिपाहियों पर आरोप लगाकर कर्रवाई की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों और परिजनों से जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मृतक की पत्नी रामरती देवी ने तहरीर में कहा कि विक्रम नाम के सिपाही ने भरे पंडाल में मारपीट की। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। जांच की जा रही है।



- दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ पत्नी ने की शिकायत

### भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रमेश दिवाकर कुर्सी पर बैठे थे। इसी पर पुलिस कर्मियों ने मारपीट की। उनके सम्मान को ठेस पहुंची तो जान दे दी। ग्राम प्रधान गुड्डू ने कहा कि रामलीला के दौरान रमेश कुर्सी पर बैठ गए थे। कुछ लोगों के इशारे पर पुलिस कर्मियों ने मारा पीटा।

### विधान भवन के सामने युवक ने लगाई आग, गंभीर

- टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का था विवाद, जांच शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान भवन के सामने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे युवक ने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन कंबल डालकर आग बुझाई फिर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। पुलिस के मुताबिक टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का विवाद था। पूछताछ के लिए टेंट हाउस मालिक को हिरासत में लिया गया है। पुराना चबूतरा दालमंडी सआदतगंज निवासी मुन्ना विश्वकर्मा (40) आलमबाग के बंगाल टेंट हाउस में बिजली का काम करता था। टेंट हाउस मालिक रंजीत चक्रवर्ती से उसका लेनदेन का विवाद था। एक महीने पहले आलमबाग थाने की मवैया चौकी पुलिस ने शिकायत मिलने पर दोनों को बुलाया। मुन्ना का आरोप है कि पुलिस ने टेंट हाउस मालिक का साथ देते हुए उसे चौकी से भगा दिया। उसकी बात नहीं सुनी। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने बेटे की फीस भी नहीं भर पा रहा था। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक मुन्ना 50 प्रतिशत झुलस गया है। टेंट हाउस के मालिक रंजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हाईकोर्ट में इस माह 13 दिन होंगे न्यायिक कार्य

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 15 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश रहेगा। इसके चलते 8 दिनों तक हाईकोर्ट में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं होगा। नए दाखिल केसों की सुनवाई अब 15 अक्टूबर के बाद होगी। दशहरा एवं उसके बाद दीपावली अवकाश के कारण हाईकोर्ट अक्टूबर माह में केवल 13 दिनों के लिए ही खुला रहेगा। न्यायिक कार्य पूरे माह में मात्र 13 दिन ही होना है।

### बस पलटने से तीन यात्रियों की मौत, कई घायल

**पालनपुर (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात के बनासकांठा जिले में सोमवार को सुबह अंबाजी मंदिर से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी बस के पलट जाने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अक्षय राज ने बताया कि तीन यात्रियों की मौत होने के साथ नौ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 25 अन्य को मामूली चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### दो इनामी समेत चार नक्सली गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) टीम की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा-माओवादी के दो जोनल कमांडर समेत चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि किसी नक्सली घटना को अंजाम देने के लिए अवैध हथियार और कारतूस के साथ कुछ नक्सली बघोई टोला सत्यदेव नगर में सत्येन्द्र सिंह के घर पर रुके हुए हैं, जिस पर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई की।

### कच्छ तट से 120 करोड़ की कोकीन बरामद

**गांधीधाम (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले में गांधीधाम शहर के निकट एक खाड़ी क्षेत्र से 12 किलोग्राम कोकीन से भरे दस लावारिस पैकेट बरामद किए गए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपये आंकी गई है। कच्छ-पूर्व संभाग के पुलिस अधीक्षक सागर बागमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्करों ने संभवत: पकड़े जाने से बचने के लिए खाड़ी के पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ छिपाया होगा।

# संजय रॉय ने ही किया था प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या

### आरजी कर मामला: सीबीआई ने दाखिल किया आरोपपत्र, सामूहिक दुष्कर्म का उल्लेख नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में दिया था घटना को अंजाम

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सीबीआई ने कोलकाता की एक विशेष अदालत में दाखिल अपने आरोपपत्र में कहा है कि स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले रॉय ने 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में घटना को तब अंजाम दिया था जब प्रशिक्षु चिकित्सक वहां सोने के लिए गई थी।

अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने आरोपपत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं किया है, जिससे संकेत मिलता है कि रॉय ने अकेले ही अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस ने रॉय को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 10 अगस्त को गिरफ्तार किया था, जिसमें वह 9 अगस्त की सुबह सेमिनार रूम में प्रवेश करते हुए दिखा था। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 14 अगस्त को जांच का जिम्मा संभाला था। सीबीआई ने रॉय को हिरासत में लिया और उससे विस्तृत पूछताछ की, जिसके बाद पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया।

रॉय ने नार्को विश्लेषण के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद सीबीआई परीक्षण पर आगे नहीं बढ़ सकी। मामले में ताला पुलिस थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल और मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। घोष कथित भ्रष्टाचार से संबंधित सीबीआई के एक अन्य मामले का भी सामना कर रहे हैं। प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को सुबह 9.30 बजे उसके एक सहकर्मी ने वार्ड में राउंड शुरू करने से पहले उसकी तलाश के दौरान देखा था। ताला पुलिस थाने को एक महिला के बेहोशी की हालत में पड़े होने के बारे में सूचित किया गया था और उसका दल पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे मौके पर पहुंचा। प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या के बाद देशभर में रेजिडेंट डॉक्टर ने बेहतर सुरक्षा की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### जू.डॉक्टरों का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में न्याय एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग कर रहे आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों का आमरण अनशन लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मंगलवार को शाम करीब साढ़े चार बजे मध्य कोलकाता के कॉलेज स्कवायर से धर्मतला तक एक रैली करने की भी घोषणा की। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि कल, हम राज्य भर के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में सांकेतिक भूख हड़ताल भी करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी ने कहा-हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान हो

# महापुरुषों के प्रति टिप्पणी अस्वीकार्य लेकिन अराजकता भी बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने अधिकारियों के साथ की कानून-व्यवस्था की समीक्षा
- त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर करें कार्रवाई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों और साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की अपने सरकारी आवास पर समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो, यह हर जिला-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पर्वों पर आमजन को न होने पाए परेशानी



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पहले सोमवार की शाम ग्राउंड जीरो पर उतरकर विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। अधिकारियों के साथ शिलान्यास और लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजयादशमी एवं अन्य पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने के साथ ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पर जोर दिया। योगी ने कहा कि पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए।

## दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

- माइक्रो आरएनए की खोज के लिए होंगे सम्मानित

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। नोबेल असेंबली ने कहा कि इन वैज्ञानिकों की खोज जीवों के विकास और कार्यप्रणाली के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। नोबेल समिति के महासचिव थॉमस पर्लमैन ने कहा कि एंब्रोस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में वह शोध किया जिसके कारण उन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। वह वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स मेडिकल स्कूल में प्रकृति विज्ञान के प्रोफेसर हैं। रुवकुन का अनुसंधान मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में किया गया, जहां वह जेनेटिक्स के प्रोफेसर हैं। पिछले वर्ष, फिजियोलॉजी या चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार हंगरियाई-अमेरिकी नागरिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी नागरिक ड्रू वीसमैन को दिया गया था।

## मोबाइल चोरी के आरोप में मजदूर को पीट-पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पचदेउरा गांव की घटना, दो गिरफ्तार

**अमृत विचारः** मजूदर पर मोबाइल चोरी का आरोप लगा, फिर उसे पीटकर मार डाला गया। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पचदेवरा गांव में हुई घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी व उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के पुत्र के प्रार्थनापत्र पर हत्या समेत एससी-एसटी की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है।

सदरपुर थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव का राकेश (45) पुत्र हीरालाल सोमवार को बेलौली चौराहे पर लगने वाली मजदूर मंडी आया था। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का पचदेवरा निवासी शोभाराम 12 मजदूरों को लेकर अपने धान के खेत में पहुंचा। अन्य मजदूरों के मुताबिक, शोभाराम ने सिद्धेश्वर बाबा मंदिर के पीछे मौजूद अपने खेत पर धान की पिटाई करने के लिए सभी मजदूरों को लगा दिया। यहीं पर शोभाराम का मोबाइल कहीं गुम हो गया। राकेश के पुत्र इंद्रजीत ने बताया कि शोभाराम और उसके परिवार के लोग पिता पर मोबाइल का आरोप लगा कर अपने घर ले गये। जहां, उनको अमानवीय यातनाएं दी गईं। लाठी- डंडों से ताबड़तोड़ किये गए वार से राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद राकेश के शव को झाड़ी में ले जाकर डाल दिया। बढ़ते बवाल के बीच राकेश की मौत की पुष्टि के लिए पुलिस की मौजूदगी में महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि मुख्य आरोपी शोभाराम व उसके भाई चमनलाल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### आप सांसद संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी का छापा

**जालंधर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के एक मामले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सांसद के पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। जालंधर में जिन स्थानों पर तलाश ली जा रही है उनमें रियल एस्टेट कारोबारी हेमंत सूद और एक अन्य व्यक्ति चंद्र शेखर अग्रवाल के परिसर भी शामिल हैं। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि असल में किस कारण से तलाशी की जरूरत पड़ी।

## जिला मलेरिया अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- लखनऊ विजिलेंस टीम ने उन्नाव के अफसर को पकड़ा
- चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने को मांगे थे 10 हजार

**अमृत विचार :** कर्मचारी का चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेते जिला मलेरिया अधिकारी को सोमवार को लखनऊ विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। केके गुप्ता फाइलेरिया नियंत्रण इकाई में बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव को चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप है कि अवकाश स्वीकृत करने के लिए जिला मलेरिया अधिकारी ने 10 हजार रुपये मांगे थे। जिसकी शिकायत केके गुप्ता ने लखनऊ सतर्कता अधिष्ठान में की थी। सोमवार दोपहर बाद जैसे ही पीड़ित ने रमेश यादव को रुपये दिए, विजिलेंस टीम उन्हें दबोच लिया और लखनऊ ले गई। सतर्कता अधिष्ठान ने रमेश यादव को केके गुप्ता की शिकायत पर रंगे हाथ उनके कार्यालय से पकड़े जाने की पुष्टि की है।

## गोंडा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत

संवाददाता, गोंडा

- तीन की हालत गंभीर, एसपी व सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र का बेलसर बाजार सोमवार को धमाके से दहल उठा। बाजार से सटे एक मकान में अवैध रूप से चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। विस्फोट की जद में आकर लल्लू (30) व आकाश (15) की मौत हो गई। जबकि अयूब (17), कृष्ण कुमार (24) व इश्तियाक (40 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही तरबगंज एसएचओ राजेश सिंह व सीओ विनय सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल के डाक्टरों ने घायलों की हालत को देखते हुए उन्हे लखनऊ रेफर कर दिया। कुछ देर बाद एसपी विनीत जायसवाल व तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि दो लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। जबकि तीन घायल हैं। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। मौके पर डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी।

# 35 करोड़ की ठगी का आरोप, 6 बैंक खातों में सिर्फ 640 रुपये




इसी मशीन से जवान बनाने का किया दावा।

### जवानी की मशीन से बूढ़ों को युवा बनाने का आरोपी पहुंचा डीसीपी कार्यालय, दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बोला, मैं ठग नहीं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर, कभी नहीं कहा कि इजराइल से मंगाई मशीन
- डीसीपी और एसीपी ने की पूछताछ, अब आरोपी के दावों की सत्यता परख रही है एसआईटी



**अमृत विचार :** बुजुर्गों को जवान बनाने का झांसा देकर 35 करोड़ रुपये की ठगी का आरोपी स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे सोमवार दोपहर डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचा और बयान दर्ज कराए। खुद को बेकसूर बताते हुए उसने कहा कि उसके 6 बैंक खातों में मात्र 640 रुपये हैं। कंपनी ने कुल 40 लाख का ट्रांजेक्शन किया है। मैं ठग नहीं हूं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर हैं। मैंने कभी नहीं कहा था कि जवानी की मशीन इजराइल से मंगाई है। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा और एसीपी बाबूपुरवा अंजली विश्वकर्मा ने काफी देर तक उससे पूछताछ की, बाद में पुलिस उसे साकेत नगर स्थित जिम ले गई। एसआईटी टीम अब आरोपी के दावों की जांच कर रही है।

जवानी की मशीन से लोगों को झांसा देकर ठगी के आरोपी राजीव दुबे के डीसीपी कार्यालय पहुंचने पर उसे देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। इस पर किदवई नगर थाने से फोर्स बुलाना पड़ा। पुलिस को दर्ज कराए बयान में आरोपी ने 35 करोड़ की ठगी का आरोप निराधार बताते हुए कहा कि वह और पत्नी रश्मि दुबे बेकसूर हैं। आरोपी ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली रेनू सिंह चंदेल को ब्लैकमेलर बताते हुए कहा कि वह और उनके साथी पीछे पड़े हैं। उसके पास आडियो साक्ष्य हैं, पहले 5 लाख फिर 10 लाख, बाद में 18 लाख रुपये की मांग की गई। राजीव ने पुलिस को बताया कि उसने कभी नहीं कहा था कि मशीन इजराइल से मंगाई है। अगर ठगी करनी होती तो पत्नी के नाम का सहारा क्यों लेता और मूल दस्तावेजों का उपयोग क्यों करता। उसके विदेश भागने की बात कही जा रही है, आरोप लगाने वालों को नहीं पता है कि उसका पासपोर्ट डेढ़ वर्ष पहले एक्सपायर हो चुका है।

एसआईटी टीम अब आरोपी के बयान की सत्यता परखने के साथ उसके बैंक खातों की जांच कर रही है। देर शाम आरोपी को साकेत नगर स्थित रिवाइवल वर्ल्ड के ऑफिस ले जाया गया। इसी संस्था के नाम से उस पर ठगी करने का आरोप है। बीती 20 सितंबर को स्वरूप नगर निवासिनी रेनू सिंह चंदेल द्वारा राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद आफिस और कथित मशीन पहले ही सील की जा चुकी है।

> किदवई नगर थाने में पंजीकृत मुकदमे में स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर आरोप था कि इजराइल की मशीन से 60 साल के बूढ़ों को 25 साल का जवान बना दिया जाएगा। इस मामले में सोमवार को राजीव दुबे बयान दर्ज करने डीसीपी कार्यालय पहुंचे। अभी जो धाराएं उन पर लगी हैं, उनमें गिरफ्तारी नहीं है। मामले की सघन जांच की जा रही है, इसके बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपी के बैंक अकाउंट के ट्रांजेक्शन देखे जा रहे हैं। आरोप लगाने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। -**अंकिता शर्मा**, डीसीपी साउथ।

# जाजूपुर का पंचायत भवन चार वर्ष से पड़ा है अधूरा

**योगेश त्रिपाठी, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विकासखंड जाजूपुर का पंचायत भवन चार साल अधूरा पड़ा है। दरवाजे पल्ले न लगे होने से आवारा पशुओं ने इसे अपना अड्डा बना लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी इस ओर ध्यान नही देते। सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। यहां पंचायत भवन निर्माण के लिए मनरेगा से मजदूरी के लिए 87 हजार 448 रुपये व मिस्त्री को 18 हजार रुपये भुगतान किया गया है। साथ ही पंद्रहवें वित्त व राज्य वित्त मद से एक लाख 41 हजार 453 रुपये का भुगतान पंचायत भवन के मेंटिनेंस कार्य के लिए किया गया है।




जाजूपुर के चमरटोला में अधूरा पड़ा पंचायत भवन। अमृत विचार

## बोले ग्रामीण



पंचायत भवन बनने की शुरुआत चार साल पहले हुई थी। पहले यह पंचायत भवन लालपुर खाले स्थित सिद्धबाबा बाजार के पास बन रहा था, लेकिन फिर प्रधानी बदल गई। नए प्रधान ने चमरटोला गांव में इसका निर्माण शुरू कराया। लेकिन काफी समय से कार्य अधूरा पड़ा है। **मुकेश शर्मा, ग्रामीण**



पंचायत भवन अधूरा है, इसमें प्लास्टर व फर्श नहीं बनी। केवल सामने का प्लास्टर व पुताई ही कराया गया। दरवाजे-पल्ले न लगे होने से कुत्ते व जानवरी में इसमें बसेरा बनाए हुए हैं।

**घनश्याम, ग्रामीण**



सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल रहा। पंचायत भवन अधूरा होने से ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। सचिव व पंचायत सहायक से काम हो तो वह ढूंढे नही मिलते। पंचायत भवन बना होता तो हम लोगों को बहुत सहूलियत होती। **जयराम, ग्रामीण**

## बोले जिम्मेदार



पंचायत भवन अधूरा होने से ग्रामीणों को परेशानी होने की बात सामने आई है। बीडीओ व एडीओ पंचायत से बात कर कार्य जल्द पूर्ण कराएंगे। जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाएगा। हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी।

**विनोद सिंह तोमर, ब्लॉक प्रमुख**

पंचायत भवन का कार्य कराया जा रहा है। बारिश के कारण कार्य रोक दिया गया था। जल्द कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

**स्वाति सिंह, ग्राम पंचायत सचिव**

पंचायत भवन का निर्माण मनरेगा से कराया जा रहा है। सामग्री का भुगतान नही हो सका है। इस वजह से काफी उधारी हो गई है। समय से भुगतान न होने के कारण मजदूरों की भी दिक्कत रहती है। पंद्रहवें वित्त व राज्य वित्त मद से पंचायत भवन में वायरिंग व अन्य कार्य कराया गया है। बारिश के कारण कार्य रोका गया था। कार्य जल्द पूर्ण कराया जाएगा। **सुमित सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि**

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** टिक्की-बताशे का ठेला लगाने वाला युवक रेलवे लाइन पार कर रहा था। उसी बीच ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बेनीगंज कोतवाली के अटवा मुठिया गांव निवासी रोमिल (19) पुत्र राकेश अपने दो भाइयों में बड़ा था। वह टिक्की-बताशे का ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। रविवार शाम वह गांव के बाहर से निकली रेलवे लाइन पार कर रहा था। उसी बीच वहां से गुजरी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। काफी देर तक घर न पहुंचने पर उसकी तलाश की जाने लगी। उसी बीच उसका शव रेलवे लाइन पर पड़ा देखा गया। इसका पता होते ही रोमिल के घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### युवक ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला लोथू निवासी युवक ने कस्बे के मोहल्ला कटरा के युवकों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम नगला लोथू निवासी अंशु त्रिपाठी ने बताया कि वह रविवार की शाम कस्बे के मोहल्ला कटरा में निहाल की दुकान पर बैठा था। तभी मोहल्ले के आयुष सैनी, रितेश श्रीवास्तव, साहिल, अमित श्रीवास्तव और वरुण दुकान पर आए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर विपक्षियों ने उसे लात घूसों और डंडे से पीटकर घायल कर दिया।

### ग्रामीण को पीटकर किया लहूलुहान, रिपोर्ट दर्ज

**उधरनपुर, शाहाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गढ़ेपुर गांव में दबंगों ने रंजिश के चलते ग्रामीण को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ेपुर निवासी भगवान सिंह सोमवार की शाम अपने दरवाजे पर खड़ा था। उसी समय गांव के गिरधारी सिंह, रामपाल, दीपक व नन्हे आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर दिया। पुत्र अभय, सौरभ और पत्नी शैलेश सिंह को भी पीटा।

## 536.18 लाख से कछौना-पतसेनी नगर पंचायत का होगा कायाकल्प

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अलावा और भी कई योजनाओं से कछौना-पतसेनी नगर पंचायत का विकास कराए जाने की शुरुआत हो चुकी है। विधायक रामपाल वर्मा ने तमाम विकास कार्यों की 33 शिला पट्टिकाओ का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विधायक श्री वर्मा ने नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमण शुक्ला उर्फ पंकज शुक्ला की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में काफी लोग मौजूद रहे। 33 शिला पट्टिकाओं में पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अलावा 14 वें वित्तीय आयोग,15 वें वित्तीय आयोग और राज्य वित्त आयोग से स्कूलों का टायलीकरण,पेयजल योजना,डामरीकरण, सीसी सड़क निर्माण,वृक्षारोपण और तिरंगा चौक का निर्माण किया जाएगा। विधायक श्री वर्मा ने कहा कहा प्रस्तावित विकास कार्यो के अलावा जो कार्य योजना से छूट गए है,उन्हे कराने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। कार्यक्रम में ईओ अमित कुमार सिंह व संचित अग्रवाल मौजूद रहे।

### किसान यूनियन ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिलाध्यक्ष ने तहसील अध्यक्ष के साथ ब्लॉक टोडरपुर मुख्यालय पर किसानों की बैठक कर समस्याएं सुनीं। निराकरण करने के लिए बीडीओ टोडरपुर को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव ने तहसील अध्यक्ष गोलू कुमार के साथ ब्लॉक टोडरपुर मुख्यालय पर किसानों की समस्याएं सुनीं। इसके बाद निराकरण के लिए टोडरपुर बीडीओ को ज्ञापन दिया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

## मृतकों में तीन साल का एक बच्चा भी शामिल, एक घायल का चल रहा इलाज

**संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई**

**अमृत विचार।** प्रतापनगर बेनीगंज सम्पर्क मार्ग पर झरोइया मोड़ के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों में से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने घायल को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां भेज दिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को बेनीगंज प्रतापनगर मार्ग पर स्थित झरोइया मोड़ के पास ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार शैलेन्द्र पुत्र रामलाल निवासी ग्राम नारो पुरवा थाना टड़ियावां व तीन वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य सुशील पुत्र जालिम निवासी समथरी थाना पिहानी गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां भेजा गया।



घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाते एंबुलेंस कर्मचारी।

### बहन की ससुराल से लौट रहे भाई की सड़क हादसे में मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** बहन की ससुराल से लौट रहा बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। बघौली-माधौगंज रोड पर बीकापुर पावर हाउस के पास तेज़ रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे सीएचसी माधौगंज भेजा, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। सुरसा थाने छबारा मजरा बंधिया गांव निवासी 30 वर्षीय उदयराज पुत्र रामखिलावन अपने तीन भाइयों और तीन बहनों में सबसे बड़ा था। बीमारी के चलते पिता की काफी पहले मौत हो चुकी है। घर की सारी ज़िम्मेदारी उदयराज पर ही थी। वह मेहनत-मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। उदयराज की बहन रोली की पत्तापुरवा में ससुराल है, वह वहीं गया था। रविवार की देर शाम अपने घर लौट रहा था, उसी बीच बीकापुर पावर हाउस के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। बघौली चौराहा पुलिस चौकी प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घायल उदयराज को सीएचसी माधौगंज भिजवाया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके छोटे भाई उदित राज और इंद्रजीत रोते-बिलखते हुए पहुंचे। उदयराज की दो बहनों की शादी हो चुकी थी, छोटी बहन पूर्णिमा मां रामकुमारी के साथ हाथ बंटाती थी।



# वृद्ध मां की बेरहमी से पिटाई करते हुए बहु व बेटे का वीडियो हुआ वायरल

**संवाददाता, हरदोई,**

**अमृत विचार।** बुज़ुर्ग पिता को लात-घूंसों से पिटाई करने वाले वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर एक दूसरा वीडियो बड़ी तेज़ी से वायरल हो रहा। वीडियो में ज़मीन पर एक कोने में दुबकी बुज़ुर्ग की गर्दन और हाथ-पैर पकड़ कर उसकी पिटाई करने वाले कोई गैर नहीं बल्कि उस बुज़ुर्ग का बहू-बेटा बताया जा रहा है।

सही कहा जाता है कि एक मां-बाप बड़ी उम्मीदों से अपने बच्चों की परवरिश करने में क्या कुछ नहीं बर्दाश्त करते, लेकिन वही बच्चे बड़े हो कर अपने मां-बाप को रोटी का टुकड़ा तो देना दूर बल्कि उनके साथ जानवरों से बदतर सुलूक करने से नहीं हिचकते। वायरल हो रहे 2 मिनट 41 सेकेंड के वीडियो में ज़मीन के कोने में दुबकी बैठी बुज़ुर्ग के सामने कच्छा पहने बैठा शख्स पत्नी के साथ बेरहमी से पीट रहा है। हाथ में डंडा लिए उसकी बहू पिटाई कर रही है। वीडियो टड़ियावां थाने के बहोरवा गांव का बताया गया है, पिटाई करने वाला पेशे से अधिवक्ता बताया गया है।



वृद्ध मां की बेरहमी से पिटाई करते बेटा और बहू।

# कोई छेड़छाड़ करे तो पुलिस को दें सूचना

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई**

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति द्वारा चलाए जा रहे नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के तहत कोतवाल अनिल कुमार सैनी व महिला आरक्षियों ने कैरियर पब्लिक स्कूल बड़ी बाजार में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

कोतवाल ने विद्यालय की बालिकाओं को जागरुक करते हुए कहा कि सभी बच्चे अच्छे संस्कारित वातावरण में रहते हुए अपने माता-पिता व गुरुजनों के आदेश का पालन कर विद्यालय आते जाते समय या अन्य किसी भी स्थान पर जाना हो माता-पिता की अनुमति से सतर्कता पूर्वक आए जाएं। महिला आरक्षी पूनम वर्मा व उपासना ने कहा कि रास्ते में आते-जाते समय यदि कोई परेशान करे या छेड़छाड़ करे तो उसकी जानकारी माता-पिता के साथ विद्यालय में दें। सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, पुलिस एमरजेंसी नंबर 112, स्वास्थ्य एंबुलेंस नंबर 108, 102, मेला हेल्पलाइन नंबर 181 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर सूचना दें। जिससे समय रहते आपकी सुरक्षा की जा सके। उन्होंने बालिकाओं को गुड टच व बैड टच के बारे में भी समझाया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम भरोसे गौर, व्यवस्थापक आकाश ओमर, शिक्षक लवकुश पटेल, दीपक राठौर, अनुज पटेल, शिवम, अंशु वर्मा, सौरभ शर्मा, दीपक पटेल एवं अजरा परवीन, चांदनी बानो, प्रिया शुक्ला, आरती पटेल सहित सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं हरियावां में भी पुलिस ने स्कूलों में जाकर छात्राओं को जागरूक किया। शासन द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आजकल साइबर क्राइम बढ़ गया है। इस संबंध में 1930 नंबर पर सूचना दी जा सकती है। किसी भी सूरत में घटना को छुपाना नहीं है। एंटी रोमियो टीम के अलावा महिला हेल्प लाइन 181, वूमेन हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकाल के लिए 112 नंबर के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान हरियावा थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव, अभिन्न चौधरी, गजेंद्र चौधरी, विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र बहादुर सिंह, श्रीकांत मिश्रा, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।



जागरूकता शिविर में छात्राओं को जानकारी देतीं महिला आरक्षी पूनम वर्मा।

# बाइक सवार ने सड़क पर जा रही छात्रा का दुपट्टा खींचा

**संवाददाता, हरदोई।**

स्कूल से घर लौट रही छात्राएं सड़क पर पैदल जा रहीं थी। उसी बीच उनके बिल्कुल करीब से गुजरे बाइक सवार ने एक छात्रा के गले में पड़ा उसका दुपट्टा पकड़ कर खींच लिया। जिससे छात्रा लड़खड़ा कर गिरते-गिरते बची। बाइक सवार की इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि स्कूली ड्रेस पहने कुछ छात्राएं सड़क पर पैदल जा रही है। उसी बीच उनके सामने से आ रहा बाइक सवार एक छात्रा के बिल्कुल पास से निकला और उसके गले में पड़े दुपट्टे को खींचता हुआ आगे बढ़ गया। उसकी इस तरह की हरकत से छात्रा गिरते-गिरते बची, जबकि दूसरी छात्राएं दहशत में आ गई। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि वीडियो पिछले महीने का बताया जा रहा। फिलहाल सारे मामले की गहराई से जांच कर बाइक सवार की तलाश के लिए पुलिस की टीमें को लगाया गया है।



छात्रा का दुपट्टा खींचते हुए बाइक सवार युवक का वायरल वीडियो।

## सार-संक्षेप

### पति समेत चार लोगों पर दहेज एक्ट में रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** हरियावां थाने के ग्राम उमरसेढा की असमा पुत्री रिजवान ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि उसकी शादी 7 मार्च 2021 को थाना क्षेत्र के कस्बा व चौकी गोपामऊ के मोहल्ला पूर्वी कन्नौजी निवासी अरशद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। उसकी 2 वर्षीया पुत्री हिब्जा हैं। आरोप है कि शादी के दौरान उसके मां- बाप ने सामर्थ्य अनुसार काफी दान दहेज दिया था। बावजूद उसके पति अरशद, देवर राजू, सास हसरती और ननद हिबरा एक लाख की नकदी और कारखाना व पति अरशद उससे भैंस के अलावा सास हिबरा सोने की टप्स की डिमांड करते हुए परेशान करना शुरू कर दिया है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज़ एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। इसकी जांच गोपामऊ चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह को जांच सौंपी गई है।



मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते अंजुमन-ए-इस्लामियां के लोग।

### यति नरसिम्हानंद सरस्वती को गिरफ्तार करने की मांग

**हरदोई, अमृत विचार।** पैगंबर-ए-इस्लाम के बारे में गलत बयानबाजी करने वाले यति नरसिम्हानंद सरस्वती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। सोमवार को अंजुमन-ए-इस्लामियां की तरफ से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। हालांकि पहले शहर में जुलूस निकाल कर ज्ञापन सौंपे जाने की राय बनी थी। लेकिन प्रशासन की मनाही से प्रदर्शन नहीं हुआ। अंजुमन के दफ्तर पहुंचे मजिस्ट्रेट को नरसिम्हानंद सरस्वती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। अंजुमन के सदर एडवोकेट मोहम्मद खालिद ने कहा कि नरसिम्हानंद सरस्वती की हेट स्पीच से देश के साम्प्रदायिक सौहार्द को खतरा बढ़ गया है। जनरल सेक्रेटरी हफीज़ अहमद खां ने कहा कि नरसिम्हानंद सरस्वती की बयानबाज़ी उन्हें देशद्रोही साबित करने के लिए काफी है। ज्ञापन में नरसिम्हानंद सरस्वती को देशद्रोही ठहराते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की गई। इस बीच जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आफताब आलम मज़ाहिरी, अंजुमन के वाइस प्रेसीडेंट फर्रूख राशिद, तनवीर खां, फरीद अंसारी, इंतज़ार हुसैन के अलावा और भी तमाम मेंबर मौजूद रहे।

### यति नरसिम्हानंद व शिष्य पर हो सख्त कार्रवाई: अनस

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** यति नरसिम्हानंद व उसके शिष्य के द्वारा इस्लाम जगत के प्रर्वतक हजरत मोहम्मद सल्लललाहू अलैहि वसल्लम व उनके चारों खलीफा पर की गई टिप्पणी से नाराज़ होकर मुस्लिम समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। सोमवार को फातहे बिलग्राम मिशन के अध्यक्ष सय्यद अनस वास्ती की अगुआई में दर्जनों लोगों ने आनंदी बेन पटेल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिलग्राम राकेश कुमार को सौंपा। यति नरसिम्हानंद व उसके शिष्य अनिल यादव पर एनएसए व यूएपीए के तहत कार्रवाई करने की मांग की। कहा कि आरोपियों पर एनएसए व यूएपीए के तहत कानूनी कार्यवाही की जाये। देश के मुसलमानों में गम व गुस्सा है। अगर इन लोगों के खिलाफ एनएसए व यूएपीए के तहत कठोर कार्यवाही नहीं होती है तो मुस्लिम समाज के द्वारा इसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन व अनशन का आह्वान करेगा।

### चार महीने बाद दर्ज की हमला करने की रिपोर्ट

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से शौच के लिए जा रहे युवक को तीन सगे भाइयो ने रास्तें में घेर लिया,पहले तो उसे गाली-गलौज की,विरोध करने पर हमला बोल कर उसे अधमरा कर दिया। युवक ने पुलिस को तहरीर दी,लेकिन उसने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उसके पुलिस ने हमले के 4 महीनें बाद तीन सगे भाइयो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु की है। कोतवाली देहात के बेलहा गांव निवासी विनीत तिवारी पुत्र विजय शंकर तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि 12 जून को वह घर से शौच करने जा रहा था,उसी बीच गांव निवासी सत्यम पुत्र राममुरारी और उसके भाइयों रमन व पवन ने रास्तें में रोक कर गाली-गलौज करने लगे। विनीत के विरोध करने पर तीनों भाइयों ने उसकी घेराबंदी कर हमला कर दिया,जिससे विनीत बुरी तरह से घायल हो गया। शोर सुन कर कुछ गांव वाले दौड़े,उसी बीच हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। विनीत ने पुलिस को तहरीर दी,लेकिन उसने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। दौड़-भाग करते हुए कई महीनें बीत गए। फिर उसके चार महीने बाद तीनों हमलावर भाइयों के खिलाफ धारा 323/504 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु हो सकी।

## दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने सीएचसी में मृत बच्चे को दिया जन्म, नवजात का होगा डीएनए

**हरदोई, अमृत विचार।** दुष्कर्म की शिकार हुई किशोरी गर्भवती हो गई और शनिवार को उसने सीएचसी में मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने सारी सच्चाई को सामने लाने के लिए उस नवजात का डीएनए कराने का फैसला लिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के दौरान डीएनए के लिए सैंपलिंग की गई। बताते चलें कि साल 2023 दिसंबर में शाहाबाद कोतवाली के एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ था,हालाकि पुलिस ने पहले तो छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया,लेकिन कोर्ट में हुए बयान पर छेड़छाड़ को दुष्कर्म में तरमीम किया गया। उधर दुष्कर्म की शिकार हुई किशोरी गर्भवती हो गई, शनिवार को उसे प्रसव पीड़ा के दौरान उसे शाहाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां उसने मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने सोमवार को उसके शव का पोस्टमार्टम हुआ और डीएनए के लिए उसके बाल,सीने की पसली और मांस की सैंपलिंग की गई। पुलिस का कहना है कि डीएनए रिपोर्ट आने के बाद सारी सच्चाई सामने होगी।

## किसान पर अज्ञात जानवर का हमला

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई,**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में रात्रि के तीसरे पर लघु शंका के लिए घर से बाहर निकले किसान पर अज्ञात जानवर ने हमला कर के शरीर पर कई जगह पंजे मार किसान को बुरी तरह जख्मी कर दिया। जानकारी के मुताबिक ऊंची मंगरौली गांव निवासी किशन राम सिंह 56 वर्ष करीब रात के तीन बजे लघु शंका के लिए घर से बाहर निकला जैसे ही वहां निकला वैसे ही एक अज्ञात जानवर उसे पर टूट पड़ा उसके हाथ पंजा हथेली टांग व जांघ पर कई जगह पंजा मार बुरी तरह जख्मी कर दिया। रात साढ़े तीन बजे किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसका इलाज हुआ। आकस्मिक सेवाओं में तैनात फार्मासिस्ट जितेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति के कई जगह जानवर के पंजे लगे थे किसान का कहना था कि वह अंधेरे के कारण देख नहीं पाया कि कौन सा जानवर है।



### काव्य सरिता से सम्मानित हुईं मंजू वर्मा

**हरदोई, अमृत विचार।** सम्मान एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा की राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मंजू वर्मा गिजुभाई बधेका राष्ट्रीय शिक्षक एवं काव्य सरिता सम्मान से सम्मानित किया। मंजू वर्मा ने अपने विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के साथ-साथ बच्चों सर्वांगीण विकास को प्रयासरत रहती हैं। शैक्षिक संवाद मंच के मुखिया प्रमोद दीक्षित 'मलय' ने मंजू वर्मा को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया।

## आयोजन — कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में कवियों व शायरों ने बांधा समां

# घर के किसी कोने में ख़ामोश खड़ा हूं मैं...

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई**

**अमृत विचार।** द विश्वास फाउंडेशन की ओर से कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आयोजित किए गए कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मल्लावां पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हरपाल सिंह व कैरियर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विपिन सोनी सहित फाउंडेशन के सदस्यों ने किया।

कवि सम्मेलन में जिले से आए ओजस्वी कवि पवन प्रगीत ने सरस्वती वंदना के साथ अपनी रचनाओं को पढ़कर काव्य पाठ का शुभारंभ किया। कवि सत्यधार सत्या ने अपनी रचना मैं घर के किसी कोने में ख़ामोश खड़ा हूँ, दीवार पे गिर जाएगी दीवार किसी दिन... सुना कर शायरी का आगाज किया। सहारनपुर से पधारे कवि बिलाल सहारनपुर ने कहा, छोटे लोगों से उलझते नहीं वह लोग कभी, जिनकी आंखों में बड़े ख्वाब हुआ करते हैं। लखनऊ से आए कवि शाश्वत सिंह दर्पण ने खोना भी चाहता था कई दिन से मैं, उसे इक शय जो मैंने जान के रक्खी इधर-उधर सुना कर तालियां बटोरी। बरेली से आए शायर आशू मिश्रा ने अपनी शायरी मैं तुझे बज़्म में लाऊँगा मेरी जान मगर, लोग जब दूसरे चेहरों पे फ़िदा हो जाएँ। पवन प्रगीत, फैज खलीलाबादी, ने भी रचनाएं पढ़ी। मंच का संचालन कर रहे शायर नदीम फारूकी, मल्लावां के शायर डॉ रियाज बरहक, कवि अभिजीत अयंक लखनऊ ने भी रचनाएं पढ़ी। कवि सम्मेलन एवं मुशायरा की अध्यक्षता कर रहे सुप्रसिद्ध शायर सारिक कैफी ने की। समाजसेवी विशाल जायसवाल ने सभी कवियों व शायरों का अंग वस्त्र उड़ाकर सम्मान किया।




कविता पाठ करते कवि।

# खोद कर छोड़े गए गड्ढे में गिरकर महिला की मौत

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** डेढ़ साल पहले गांव में नाली बनाने के लिए जेसीबी से गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया। उसमें पानी भर गया था। रविवार की शाम को एक अधेड़ महिला उसी गड्ढे में गिर गई,जिससे उसकी मौत हो गई। अधेड़ महिला की मौत के लिए सरकारी सिस्टम को ज़िम्मेदार माना जा रहा है।

बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के धियरई गांव में नाली बनाने के लिए करीब डेढ़ साल पहले जेसीबी से खुदाई की गई थी,लापरवाही के चलते की गई खुदाई एक बड़ा सा गड्ढा हो गया और उसमें पानी भरा हुआ था। रविवार की शाम को गांव की 50 वर्षीय कमला पत्नी बटेश्वर उसी गड्ढे मे गिर पड़ी,इसका किसी को पता नहीं चला। काफी देर तक कमला घर नहीं पहुंची तो घर वाले उसे ढूंढने लगे,उसी बीच उसी गड्ढे में उसका शव पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। कमला के दो बेटे अजय कुमार पवन व दो बेटी सुनीता और प्रीती हैं। पुलिस ने उसके शव को गड्ढे से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम कराया है। कमला की मौत के लिए सरकारी सिस्टम की लापरवाही को ज़िम्मेदार माना जा रहा है।

**षष्ठम कात्यायनी**



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती (शक्ति) के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। 'कात्यायनी' अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में इन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र – क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।**

## पांचवें दिन घरों व मंदिरों में मां स्कंदमाता की हुई पूजा

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप माता स्कंदमाता देवी की पूजा अर्चना की गई। घरों से लेकर मंदिरों में माता की भक्तों की धूम रही। शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन घरों से लेकर देवी माता के मंदिरो में विधिवत पूजा अर्चना की। रोली, सुपारी, पान, पुष्प, मिष्ठान, धूप दीप आदि से माता रानी की पूजा की और जयकारे लगाए। घरों से लेकर मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ का जाप किया गया और फिर महा आरती का गुणगान करते हुए भक्ति का वातावरण बनाया गया। अंबे तू है जगदंबे मैया जय काली मां खप्पर वाली... की आरती पर भक्ति झूम उठे। पूरे दिन उपवास रखकर शाम को एक बार फिर से देवी माता के श्री चरणों में शीश नवाया और महा आरती का गुणगान किया। शहर के प्रमुख देवी मां के मंदिरों में भक्तों की धूम रही। श्री श्रवण देवी मंदिर, श्री दुर्गा देवी मंदिर, श्री काली माता मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, संतोषी मां मंदिर, फूलमती देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहा।

# श्री नव दुर्गा पूजन पंडाल में बच्चों का धमाल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,

**अमृत विचार।** श्री नवदुर्गा पूजन पंडाल में चतुर्थ दिवस मां कुष्मांडा देवी के स्वरूप का पूजन अर्चन प्रातः कालीन बेला में नितांत रस्तोगी सपत्नीक किया गया। सायं कालीन बेला में हनुमान चालीसा का पाठ महामाई जगत जननी मां दुर्गा जी की आरती मां ज्वाला जी की आरती नवनीत गुप्ता, महेंद्र राणा, रमाकांत मौर्य, रचित गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में माता रानी के भक्तों द्वारा की गई। प्रसाद वितरण कार्यक्रम के बाद धार्मिक नृत्य संध्या स्थानीय बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें नगर के विद्यालयों से छोटे-छोटे बच्चों ने देवी-देवताओं मां के स्वरूपों में सज धज कर धार्मिक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों को मध्य रात्रि तक झूमने पर विवश कर दिया।



मां के स्वरूपों में सजे धजे बच्चे। अमृत विचार

एसडी जनता इंटर कॉलेज, डीएन इंटरनेशनल, गुरुकुल कन्या इंटर कॉलेज, दिवाकर नाथ मिश्रा शिक्षण संस्थान व राजा डांस ग्रुप के बच्चों ने बहुत ही सुंदर नृत्य गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मानवी शुक्ला, केशव, अक्षिता, मिश्रा, तरुण, तमन्ना अवस्थी, सृष्टि राठौर, वेदिता गुप्ता सहित लगभग 70 बच्चों ने धार्मिक गीतों व भजनों पर अपने-अपने नृत्य का प्रदर्शन किया। पंडित दिवाकर नाथ मिश्रा शिक्षण संस्थान के बच्चों आस्था, निष्ठा, शुभांगी, सुंदरी, मनु, सार्थक, अलविया, सुलोचना आदि ने पुलवामा अटैक पर एक सुंदर सराहनीय नाटिका प्रस्तुत कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस नृत्य नाटिका को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। समिति के संरक्षक संजय मिश्रा, सुरेश चंद मिश्रा द्वारा समस्त प्रतियोगियों विद्यालयों के अध्यापकों व प्रबंधकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। पंकज मिश्रा द्वारा सभी प्रतियोगियों का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर बसंत गुप्ता, मंगल मिश्रा, राजेश मिश्रा, राजीव बाजपेई, रत्नेश मिश्रा, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



## राम बारात शोभा यात्रा में उमड़ी भीड़

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पठकाना रामलीला मेला समिति की राम बारात शोभायात्रा रविवार की रात नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा शोभायात्रा में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। पठकाना रामलीला मेला समिति की राम बारात शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कार्यालय के समाचार आरती पूजन के साथ हुआ। इसके बाद विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभा यात्रा कटरा पहुंची, जहां राम बारात शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां का प्रदर्शन किया गया। शोभा यात्रा को देखने के लिए देर रात तक सड़कों पर भीड़ डटी रही।

**एक नजर**

## भागवत कथा व रामलीला का आयोजन 13 को

**हरदोई, अमृत विचार।** ब्लाक सुरसा के शिव शक्ति आश्रम जगतपुरवा पर आयोजित होने वाले रामलीला आदि कार्यक्रमों के आयोजक आत्माराम तिवारी व विवेक तिवारी ने बताया कि उक्त आश्रम पर नवरात्रि दुर्गा पूजा के अवसर पर 3 से 13 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा श्री राम बिहारी द्वारा की जा रही है। इसके साथ ही मुस्कान एण्ड रामलीला पार्टी द्वारा सायं 08 बजे से रात्रि 12 बजे तक उत्कृष्ट रामलीला मंचन का आयोजन किया जायेगा और सूचना विभाग में पंजीकृत प्रयास भजन कीर्तन पार्टी के मुखिया मो. हनीफ द्वारा अपने कलाकारों के साथ मनमोहक भजन आदि की प्रस्तुत दी जायेगी।

## समीक्षा बैठक 9 व 23 को

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि विभागों की समस्त योजनाओं, परियोजनाओं एवं समितियों की समीक्षा बैठक नौ अक्टूबर व 23 अक्टूबर को उनकी अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में की जाएगी।

## समिति की बैठक कल

**अतरौली, हरदोई।** ब्लॉक भरावन के ग्राम बहेरिया में नौ अक्टूबर को मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की द्वितीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समिति के प्रवर्तक मेवालाल ने दी है।

# नीरज चोपड़ा व मिल्खा सिंह जैसा बनने का करें प्रयास

## जिलाधिकारी ने 74वीं अंतर्विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया उद्घाटन, खिलाड़ियों को किया प्रेरित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आरआर इंटर कॉलेज में 74वीं अंतर्विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कॉलेज के मैदान पर पहुंचने पर एनसीसी व स्काउट के बच्चों ने बैंड की धुन व सेंगोल के साथ जिलाधिकारी को सलामी दी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी पूरी खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में भाग लें। आगे चलकर नीरज चोपड़ा व मिल्खा सिंह की तरह देश का नाम रोशन करें।

जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद व बेसिक



विजेता प्रतिभागियों के साथ जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

शिक्षा अधिकारी तथा अन्य लोगों ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट किया। वेणी माधव बालिका विद्यापीठ की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। गंगा देवी इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने खेल आधारित गीत पर अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। जिलाधिकारी ने मंच से खिलाड़ियों के मार्च की सलामी ली तथा गुब्बारे व सफ़ेद कबूतर उड़ाकर तथा तत्पश्चात मशाल जलाकर पूर्व की चौम्पियन बालिका निधि मौर्या को सौंपकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रतियोगिता के लिए सभी आयोजकों को शुभकामनाएं दी। कहा कि यह प्रतियोगिता 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलेगी। खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष राजेश तिवारी मौजूद रहे।

## डीएम ने की पीएम सूर्यघर योजना की बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पीएम सूर्यघर योजना के सम्बन्ध में बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी कार्यालयों में सोलर प्लांट लगवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाये। पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। लोगों को सौर ऊर्जा से होने वाली बचत के सम्बन्ध में बताया जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिले में 8 नवंबर तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा

## उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई: जिलाधिकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** त्योहारों के मद्देनजर 8 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठौर कार्यवाही की जाएगी। जिला मजिस्टेट मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि इस माह 3 अक्टूबर से दुर्गा पूजा का पर्व प्रारम्भ हो गया है और 11 अक्टूबर को महा अष्टमी, 12 को विजय दशमी, 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवम्बर को गोवर्धन पूजा तथा 03 नवम्बर को भैयादूज को त्योहार मनाए जाएंगे। इसके साथ ही 27 अक्टूबर को सम्मिलि राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा की परीक्षा दो पालियों में कराई जायेगी। जिला मजिस्टेट ने कहा है कि उक्त त्यौहारों एवं परीक्षा को शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद में 3 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक भारतीय नागरिक सुरक्षा की धारा –163 के अन्तर्गत तत्काल निषेधाज्ञा लागू की जाती है। उन्होंने कहा है कि निषेधाज्ञा के दौरान बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर पांच से अधिक व्यक्ति जमा नहीं होंगे और बिना अनुमति जनसभा, प्रचार एवं जुलूस आदि नहीं निकाले जायेगे, कोई अपने मकान आदि पर ईंट, पत्थर नही जमा करेगें, सरकारी सम्पत्ति को नुकसान नहीं पहुचायेगें व पोस्टर बैनर नहीं लगायेगें, कोई भी व्यक्ति लाठी, डण्डा, भाला एवं अन्य अग्नेय शस्त्र लेकर नहीं चलेगें और किसी के द्वारा किसी भी धर्म, सम्प्रदाय के प्रति अमर्यादित तथा भवनाओं को भड़काने वाले भाषण नही दिया जायेगा। कहा है कि त्यौहारों पर अवैध रूप से आतिशबाजी का न तो निर्माण किया जायेगा और न ही परिवहन व बिक्रय किया जायेगा।

## मोबाइल ट्राली से तेल व कॉपर का तार चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** चोर 33/11 केवी पावर हाउस में खड़ी मोबाइल ट्राली को दूर तक खींच ले गए और उसमें से तकरीबन ढ़ाई लाख का तेल व कापर तार चुरा ले गए। पुलिस नए जेई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच एसआई अखिलेश कुमार को सौंपी गई है। 33/11 केवी पावर हाउस चरौली में तैनात जेई अभिषेक यादव ने कोतवाली देहात पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि पावर हाउस में 400 केबीए की मोबाइल ट्राली खड़ी हुई थी। 2 अक्टूबर को वहां तैनात एसएसओ अनुज ने सूचना दी कि मोबाइल ट्राली पावर हाउस से करीब डेढ़ सौ मीटर दूरी पर खड़ी मिली, उसमें से तेल और उसकी कापर की बाइंडिंग गायब है। जानकारी के मुताबिक चोर करीब दो से ढ़ाई लाख रुपये का तेल और कापर का तार चोरी कर ले गए। पुलिस ने जेई की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चंडी यज्ञ से प्रसन्न होती हैं मां दुर्गा : यज्ञाचार्य

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** श्री सिद्धिदात्री नव दुर्गा मंदिर अनंगपुर में आयोजित श्री दुर्गा शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन यज्ञ स्थल पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने सैकड़ों भक्तों के महायज्ञ में आहुतियां दे सर्वकल्याण की कामना की। गणपति पूजन के उपरांत भव्य यज्ञ शाला में बने हवन कुंड में यजमानों ने घी सामग्री से आहुतियां डाल मंगल कामना की। विद्वान ब्राह्मणों ने मंत्रों के उच्चारण से यज्ञ की आहुतियां डलवाई। यज्ञ आरती के उपरांत भक्तों द्वारा परिक्रमा की गई।

यज्ञाचार्य सत्यदेव द्विवेदी ने बताया कि दुर्गा जी को प्रसन्न करने के लिए जिस यज्ञ विधि को पूर्ण किया जाता है उसे चंडी यज्ञ बोला जाता है। शतचंडी यज्ञ को सनातन धर्म में बेहद शक्तिशाली वर्णित किया गया है। इस यज्ञ से बिगड़े हुए ग्रहों की स्थिति को सही किया जा सकता है और सौभाग्य आपका साथ देने लगता है। इस यज्ञ के बाद मनुष्य खुद को एक आनंदित वातावरण में महसूस कर सकता है। वेदों में इसकी महिमा के बारे में यहां तक बोला है कि शतचंडी यज्ञ



श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास। अमृत विचार

के बाद आपके दुश्मन आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं। इस यज्ञ को गणेश जी, भगवान शिव, नव ग्रह, और नव दुर्गा (देवी) को समर्पित करने से मनुष्य जीवन धन्य होता है। तदुपरांत कथाव्यास ने महाभारत की कथा में बताया कि भीष्म पितामह ने अपने पिता के लिए अपने सुखों का त्याग करके प्रतिज्ञा की थी कि वह जीवन भर ब्रह्मचारी बनकर रहेंगे और हस्तनापुर का दास बनकर जीवन व्यतीत करेंगे और हस्तनापुर कि रक्षा करंगे। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदा ही अपने बड़ो का आदर सम्मान करना चाहिए और उनके बचनों का पालन करना चाहिए। इस मौके पर वेदाचार्य आशु पचौरी, लोकेंद्र शर्मा, गौतम मिश्र व्याकरणाचार्य, शिवम मिश्र, पंकज दीक्षित, आलोक मिश्र आदि रहे।

## कथा से मिलता है सच्चा सुख व शांति : विधायक

विधायक माधवेन्द्र प्रताप ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से आत्म संतुष्टि मिलती है।ऐसा कहा गया है कि पुण्य कर्मों के उदय होने पर भागवत कथा के श्रवण का सुअवसर मिलता है। इस दौरान विधायक ने सभी यज्ञाचार्यों व पंडित सत्यदेव द्विवेदी से आशीर्वाद लिया।

## वंदना उसी की होनी चाहिए, जिसके चित्त व चरित्र में पवित्रता हो : अंबरीश महाराज

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड के रानीखेड़ा गांव में बाबा नीमकरौरी संत शिव सेवा आश्रम पर चल रहे शतचंड़ी महायज्ञ व श्रीराम कथा में कथा व्यास अंबरीश महाराज ने कहा कि इस संसार में संतोष से बड़ा कोई सुख नहीं है। कहा कि साधु भगवान को याद करते हैं जबकि संतों को भगवान याद करते हैं।वंदना उसी की होनी चाहिए, जिसके चित्त और चरित्र में पवित्रता हो। प्रभु रामजी का चरित्र वंदनीय है। उन्होंने श्रीराम के पदचिह्नों पर चलकर इतिहास बदलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज में ताड़का, सूर्पणखा समेत आसुरी वृत्तियों के नाश के लिए राम बनना होगा। राम आदर्शों के चरमोत्कर्ष हैं। शैशव, तरुणाई, जीवन-मरण



श्रीराम कथा का रसपान कराते कथा व्यास अंबरीश महाराज।

सब जगह राम हैं। बिना राम के भारत नहीं।जीवन में आनंद के लिए हमें राममय हो जाना चाहिए। ईश्वर चरणों में हमारा मस्तक होना चाहिए। जब काम भी राम से जुड़ जाता है तो वह भी शुद्ध हो जाता है और राम नाम से जीवन सुंदर बन जाता है।

# सीएमओ से नाराज सीएचसी अधीक्षक ने दिया इस्तीफा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार के तमाम दावों के बाद भी अस्पतालों की हालत बेहद खराब है। वहां न तो दवाइयां हैं और न ही साफ-सफाई का सही बंदोबस्त। सरकार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दे रही है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर हकीकत ज्यादा बेहतर नहीं है। सण्डीला सीएचसी अधीक्षक डा. शरद वैश्य ने ऐसे चुभते हुए सवाल उठाते हुए इस्तीफा देकर सीएमओ को कटघरे में खड़ा कर दिया। सीएमओ को भेजे इस्तीफे में जो कुछ लिखा है, उसे पढ़कर खुद सीएमओ तक हैरान रह गये हैं।

सण्डीला सीएचसी अधीक्षक डा. वैश्य ने 9 बिंदुओं के अपने इस्तीफे में कहा है कि तमाम बार कहने के बाद भी सरकारी अस्पतालों की बदहाली दूर नहीं हो सकी है। कहा कि सरकार की तरफ से जो



डा. शरद वैश्य।

**नाराजगी**

**▸▸ कहा, अस्पताल में न दवाइयां हैं न ही साफ-सफाई का इंतजाम**

वादा किया जाता है, सीएचसी पर पहुंचने वाले मरीज़ उसी के मुताबिक सवाल करते हैं, मसलन सारी दवाएं मुफ्त मिलती हैं, लेकिन दवाएं न होने पर मरीज़ उल्टे तमाम तरह की तोहमत लगाते हैं। साफ-सफाई और लॉन्ड्री का कोई बंदोबस्त नहीं है। डा.वैश्य के इस्तीफे से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## जामा तलाशी में 30 हजार बरामद, युवक गिरफ्तार

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई,।** पुलिस ने बखरिया मगरहा निवासी मनोज पाल को गंगा एक्सप्रेस वे मल्लावां राघवपुर जाने वाली कच्ची सड़क से गिरफ्तार किया। जामा तलाशी में 30 हजार रुपए बरामद हुए। कोतवाल अनिल कुमार सैनी ने बताया कि विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**सार-संक्षेप**

## जागरूक किसान ही पशुपालन में सफल : डॉ. चौधरी

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड भरावन की न्याय पंचायत खसरौल के अन्तर्गत सैयापुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य शिविर का आयोजन पशु चिकित्सालय भरावन की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान परमेश्वर ने की। पशुचिकित्सा अधिकारी डा. शंभुशरण चौधरी ने गो पूजन व फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने पशुपालकों को बताया कि जागरूक किसान ही पशुधन से उचित लाभ अर्जित कर सकता है। समय-समय पर पशुओं की अनेक बीमारी होती है जिनका इलाज समय पर करना चाहिए। संतुलित आहार, उचित रखरखाव एवं संचारी रोग के विषय में किसान को पूरी जानकारी होना आवश्यक है। इस समय अनेक बीमारियां चल रही हैं। जिससे तमाम पशु ग्रसित हैं। इनका समय से इलाज बहुत जरूरी है। शिविर में 550 पशुओं का पंजीकरण कर नि:शुल्क परीक्षण व दवाएं दी गई। कार्यक्रम में अवधेश, अंकुर, विजय प्रकाश, श्रवण पाल, आलोक, लवलेश पाल, चंद्र श्याम यादव मौजूद रहे।

## विधायक ने लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता

**हरपालपुर,हरदोई, अमृत विचार।** सवायजपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने विधानसभा क्षेत्र के मण्डल हरपालपुर के ककरा में आयोजित वृहद सदस्यता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। बूथ अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उपस्थित क्षेत्रीय जनों से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक सिंह, जिला प्रतिनिधि अभिराम सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष मिथलेश सिंह भूरा, अमित सिंह, बलराम सिंह चौहान, राम सागर पाल, सोनू चौहान, कमलेश पाल, मदन पाल मोदी, अरविन्द सिंह एडवोकेट, मोहित मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।



कुमारगंज थाने में पूछताछ के लिए लाए गए कथित साधु।

## अयोध्या : साधु भेषधारी संदिग्ध छह लोग हिरासत में

**कुमारगंज अयोध्या, अमृत विचार :** कुमारगंज कस्बे में साधु के भेष में छह लोग भिक्षा मांगते हुए पाए गए। लोगों ने जब उनसे सनातन धर्म के बारे में पूछा, तो कोई जवाब नहीं दे पाए। पुलिस पूछताछ कर रही है। कुमारगंज कस्बे में 6 साधु भेषधारी भिक्षा मांग रहे थे। जब कस्बे में स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे तो वहां के पुजारी से भिक्षा मांगने लगे। पुजारी को शक हुआ तो उन्होंने हनुमान चालीसा सुनाने को कहा। इस पर सभी लोग सकपका गए और कुछ भी नहीं सुना सके। पूछने पर बताया कि हम लोग अयोध्या धाम से हैं। संदिग्ध प्रतीत होने पर हनुमान मंदिर के पुजारी ने मामले की सूचना कुमारगंज पुलिस को दी। पूछताछ में पकड़े गये लोगों ने बताया कि हम सभी लोग महावत परिवार से हैं और हरदोई जिले के निवासी हैं व भिक्षा मांगते हैं। उप निरीक्षक एसपी सिंह ने बताया कि छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने अपना नाम मनोज, आकाश, अनोज, रामनिस, बचनिया, रिकू बताया है। हरदोई पुलिस से भी इस मामले में जानकारी के लिए संपर्क किया जा रहा है।

## लूट की घटना के दोनों आरोपी गिरफ्तार

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ में राज मिस्त्री का कार्य करने वाले हरियावां निवासी व्यक्ति से घर आते समय 1 अक्टूबर की रात रास्ते में लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। पीड़ित अनिल कुमार निवासी छमुहन पुरवा थाना हरियावां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने जांच में सीसीटीवी देखने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपित युवकों को बिलहरी से मदरावा जाने वाले मार्ग से घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित युवकों के पास से लूट का मोबाइल और 3000 रुपये बरामद हुआ। दोनों बदमाशों ने अपना नाम राहुल उर्फ पकिया व मोहित निवासी ओम नगर मोहलिया शिवपार कोतवाली देहात बताया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश यादव ने बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया है।

**सराहनीय** — गरीब मां के निवेदन पर कन्या दान योजना समिति परिवार ने धूमधाम से कराया बेटी का विवाह

# समिति ने किया कन्यादान, मनीष की हुई मुस्कान

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** कन्या दान योजना समिति परिवार ने एक गरीब परिवार की बेटी का विवाह कराने के साथ अपना 30वां महायज्ञ संपन्न कराया। मां पिंकी ने कन्या दान योजना समिति परिवार में अपनी बिटिया मुस्कान के विवाह में सहयोग करने की अपील की थी।

बेहद ही गरीब परिवार में पली बढ़ी मुस्कान बिटिया जब शादी लायक हुई तो माता पिंकी को चिंता हुई। शादी के लिए अच्छे परिवार का लड़का तो मिल गया, लेकिन जमा पूंजी के नाम पर पिंकी के पास कुछ भी नहीं है। लोगों के घरों में काम करके चार बच्चों का पेट पालने वाली पिंकी



मुस्कान का कन्यादान करते कन्या दान योजना समिति परिवार के सदस्य। अमृत विचार

को मदद की कोई उम्मीद नहीं दिख रही थी। उसने अपनी व्यथा लक्ष्मी दीक्षित को बताई तो उन्होंने कन्या दान योजना समिति परिवार की महासचिव स्वेता दीक्षित को जानकारी दी। तत्काल में समिति परिवार कार्यालय में संपर्क साधा। पिंकी की बात को गंभीरता से लेते हुए कोर कमेटी ने दीक्षा श्रीवास्तव को जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी। जिसमें पिंकी के द्वारा बताए गए सभी तथ्य सच साबित हुए। इसके बाद नवरात्र में 6 अक्टूबर को मुस्कान का विवाह बाबा मंदिर में कराने का फैसला लिया गया है। सभी सदस्यों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार बिटिया को कन्यादान के रूप में तन मन धन से सहयोग प्रदान किया, जिससे मुस्कान बिटिया को बेड गद्दा तकिया, सिंगारदान, अलमारी, बर्तन कपड़े पायल बिछिया के साथ नगद राशि देकर विदा किया।

इस मौके पर संस्था में शामिल चांदनी अग्रवाल, ग्लेस एंटोनी, बिंदिया गुप्ता, रुचि गोयल, स्मिता कश्यप, नेहा पांडे, नेहा सेठ, अंजली श्रीवास्तव, निहारिका सिंह, राखी शुक्ला, मनीष गुप्ता, डा एसके सिंह, सनद कुमार मिश्रा, मोहित श्रीवास्तव, अरविंद शुक्ला, जीतेश दीक्षित, राजेश बाजपेई, उमेश मिश्रा, जगतार सिंह, सम्राट सांडी, गरिमा बहन गाजियाबाद, सोना शिवहरे फतेहपुर, लीला पाठक, राकेश त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, नागराज शिवहरे, सहित अन्य तमाम सदस्यों का सहयोग मिला।

## भाई ने भाई को फावड़ा मारकर उतारा मौत के घाट

**बेनीगंज (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेवादा लोचन में भाई ने भाई को फावड़ा मारकर मौत के घाट उतार दिया। बताते चलें कि ग्रामीणों के मुताबिक कमल व अशोक पुत्र हेमराज निवासी ग्राम पंचायत नेवादा लोचन में अशोक जोकि अंधे है अपनी ससुराल जा रहे थे, उसी समय उनके छोटे भाई कमल जिसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं है से आपस मे कहासुनी हो गई और इसी बीच कमल ने अशोक पर फावड़े से वार कर दिया, जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने अशोक को इलाज के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां भेजा, जहां डॉक्टर ने अशोक को मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

### किसान मजदूर मेला में दिखे ग्रामीण जिंदगी के रंग

**सीतापुर :** मेले ने शहर और ग्रामीण लोगों को एक साथ ला दिया। तीन दिवसीय मेले में किसान, मजदूर, व्यापारी आदि शामिल हुए। मेले में किसानों और मजदूरों के उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला। ग्रामीणों के अनुभव, संस्कृति और उत्पादों को साझा किया गया। मेले ने शहर और ग्रामीण लोगों को एक साथ लाने की नई शुरुआत की। संगतिन किसान मजदूर संगठन की रामबेटी, प्रकाश, कौसर, कुलदीप, रामजीवन, सुमन, सुशीला, लक्ष्मी, सुभाष, अरविंद, राजाराम, पप्पू, रामकुमार, सुधा, मुकेश भार्गव रहे।

### किशोरी लापता, दी तहरीर

**तालगांव, सीतापुर :** तालगांव थाना क्षेत्र के सरैंय्यां ऊंचाखेर में एक किशोरी संदिग्ध स्थितियों में लापता हो गई। ऐसे में पिता पिंकू की ओर से शिकायती पत्र थाने पर दिया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उसकी पुत्री घर से निकली थी, इसी दौरान अचानक लापता हो गई। गांव के बाहर और आसपास तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल सका है।

# हादसे में दो युवकों की मौत, लोगों ने फूंकी बस

## बाइक को आधा किलोमीटर दूर तक घसीट कर ले गई बस, लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लखनऊ से आ रही तेज रफ्तार निजी बस ने सोमवार की शाम एलआरपी चौकी क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साई भीड़ ने बस पर पथराव कर आग लगा दी। पुलिस ने लाठियां फटकार कर किसी तरह से भीड़ को खदेड़ा। फायर बिग्रेड ने आग बुझाई।

हादसा लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर जल भवन के निकट हुआ। गांव मुड़िया खेड़ा निवासी इंद्रेश (22) और अभिमन्यु (21) बाइक पर सवार होकर लखीमपुर से घर जा रहे थे। सीतापुर की तरफ से आ रही निजी बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में इंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अभिमन्यु गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक बस में फंस गई और करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद चालक और परिचालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकले। घायल अभिमन्यु को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत से लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही आक्रोशित भीड़ ने बस में तोड़फोड़ और पथराव कर आग लगा दी। बवाल की सूचना पर एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी पूर्वी पवन गौतम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अफसरों ने आक्रोशित भीड़ को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया। फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही पूरी बस जल गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बाइक सवार गलत तरीके से मार्ग को क्रॉस कर रहे थे। इससे हादसा हो गया।

वहीं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि बाइक पर दो युवक सवार थे, जिसमें इंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। अभिमन्यु ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### बाजार में बांके से हमला, युवक गंभीर



अस्पताल में भर्ती ग्रामीण व परिजन।

**संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** भारी भीड़ में दबंग हमलावर हो गए। युवक को दौड़ाकर पीटा गया, फिर धारदार हथियार से हमला हुआ। रामपुर मथुरा की मुख्य बाजार में हुई वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गभीर हालत में युवक को स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के उमरीगनेशपुर गांव का है। परिजनों के मुताबिक, सुरेन्द्र भारती (35) पुत्र अयोध्या प्रसाद सोमवार शाम रामपुर मथुरा कस्बे की बाजार में खरीदारी करने गया था। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी रमाकांत, विजय, सियाराम, राममूर्ति और सरवन मिल गए। इनसे सुरेंद्र का जमीन संबंधी विवाद चला आ रहा था। दोनों के मध्य कहासुनी हो गई। बातचीत बढ़ने पर विपक्षियों ने ग्रामीण युवक को घेर लिया। दौड़ाकर पीटा, फिर बांके से कई वार युवक के सिर व अन्य हिस्सों पर किये। भीड़ में अफरातफरी बढ़ती देख आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र भारती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां युवक की हालत बिगड़ती देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा कृष्णानंदन तिवारी का कहना है कि घायल को जिला अस्पताल भिजवाया जा रहा है। आरोपियों की तलाश हो रही है। तहरीर मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। वहीं अयोध्या प्रसाद के मुताबिक, वारदात से कुछ देर पहले विवाद को लेकर दोनों पक्ष थाने गए थे। जहां जमीन संबंधी मामले में सुलह-समझौता भी हुआ। थाने से निकलने के बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दे डाला।

# शिक्षक शराब पीकर बच्चों की करता था पिटाई, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- एलिया ब्लॉक क्षेत्र के हलुवापुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात था शिक्षक
- बीडीओ की संयुक्त टीम की जांच में शराब के नशे में विद्यालय में मिला था शिक्षक

**अमृत विचार:** नशे में धुत होकर प्राथमिक विद्यालय पहुंचना एक शिक्षक को खासा महंगा पड़ा। जांच के दौरान तथ्य सामने आने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। माना जा रहा है कि मेडिकल रिपोर्ट में शराब की पुष्टि हुई है। वहीं बच्चों ने बताया कि शिक्षक अक्सर शराब पीकर स्कूल में पढ़ाते थे, साथ ही पढ़ाते समय हमारी पिटाई भी करते थे।

एलिया ब्लॉक क्षेत्र के हलवापुर प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक प्रदीप शुक्ला शराब पीकर विद्यालय में मिले। बीडीओ शैलेंद्र सिंह के मुताबिक, पूछने पर उन्होंने स्वीकार भी किया कि दर्द होने के कारण थोड़ी सी शराब पी ली है। ऐसे में उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। फिर विभागीय कार्रवाई भी शुरू की गई। संयुक्त जांच के दौरान गांव की महिलाओं और स्कूली बच्चों से भी बातचीत हुई। बीडीओ ने बताया कि पता चला है कि इससे पहले भी यही शिक्षक शराब पीकर विद्यालय आ चुका है। बच्चों के साथ भी मारपीट की गई। चूंकि लंबे से एक ही जगह पर तैनात होने के कारण बाते आगे नहीं बढ़ सकी। विभागीय कार्रवाई के न होने से स्थितियां बिगड़ती चली गईं। उधर, बीएसए अखिलेश सिंह ने बताया है कि शराब पीने की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट में हो चुकी है। कई और प्रकरण भी प्रकाश में आए हैं। फिलहाल शिक्षक प्रदीप शुक्ला को निलंबित कर दिया गया है।

# मंदिर पहुंचा युवक फिर रेता अपना गला

संवाददाता सीतापुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** रामकोट इलाके के रामेश्वरम मंदिर में पूजा करते हुए एक युवक ने अचानक धारदार हथियार से अपनी ही गर्दन रेत ली, परिसर के भीतर अफरातफरी मच गई। पुलिस के पहुंचने पर गंभीर रूप से जख्मी युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है। लोग इसे मनौती से जोड़ रहे हैं। लेकिन पिता का कहना है कि जब तक उसका पुत्र होश में नहीं आता, उनका कुछ कह पाना उचित नहीं है। हालांकि घटना से मंदिर प्रांगण में सनसनी फैल गई।

रामकोट थाना क्षेत्र का बबुरी गांव वासी 25 वर्षीय सरवन कुमार गांव के करीब बने रामेश्वरम मंदिर में आया था। पिता शिव नारायण के मुताबिक, पूजा करते समय चाकू से उसकी गर्दन कट गई। वहीं पुजारी ने बताया है कि उसके पुत्र ने खुद ही अपनी गर्दन पर चाकू चलाया, जिससे वो जख्मी हो गया। परिसर के भीतर सरवन को तड़पता देख पुजारी ने ही पुलिस और परिवार दोनों को सूचना दी। रामकोट पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल सरवन कुमार को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर है। चर्चा है कि मनौती के चलते सरवन ने ऐसा किया। उधर, पिता सरवन कुमार का कहना है कि जब तक उसका बेटा जब तक होश में नहीं आ जाएगा। कुछ भी कह पाना उचित नहीं है।



जिला अस्पताल में भर्ती सरवन।

**सनसनी**

- रामकोट थाना क्षेत्र का मामला जिला अस्पताल में हो रहा इलाज
- पिता बोले, पूजा करते समय चाकू से उसकी कट गई गर्दन

**सरेराह दबंगई में तीन जख्मी केस दर्ज, सकरन, सीतापुर,अमृत विचार:** भागवत कथा सुनकर अपने घर वापस जा रहे तीन लोगों को दबंगों ने लोहे की राड से मारा पीटा। ग्रामीणों के आ जाने पर दबंग हवा में तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सकरन थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर मजरा सरैंया कलां स्थित शिव मंदिर पर ग्रामीणों के सहयोग से पांच दिवसीय भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। रविवार को उसकी पूर्णाहुति व भंडारे का आयोजन था। भागवत कथा सुनने के लिए दिलेश कुमार निवासी महाराजनगर थाना सकरन रविनेश निवासी मुंशीगंज नगर कोतवाली आए थे। रात करीब 10:40 बजे दोनों लोगों को सुल्तानपुर गांव निवासी शोभित महाराजनगर छोड़ने के लिए जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही निवासी विनोद, राजेन्द्र, अच्छेलाल, विश्वनाथ आदि ने रोक कर लोहे की राड से मारने पीटने लगे। मारपीट में दिलेश कुमार व रविनेश को चोटे आयी हैं। बीच-बचाव में शोभित को भी चोटे आई हैं। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा भेजा गया। पुलिस ने आरोपी विनोद व राजेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले को लेकर एसओ कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। जांच जारी है, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नहर में उतराता मिला अधेड़ का शव



मौके पर बिलखते परिजन और जांच को पहुंची पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता हरगांव, सीतापुर

- हरगांव थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच-पड़ताल

**अमृत विचार:** शारदा सहायक नहर में एक अधेड़ व्यक्ति का शव उतराता मिला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष का कहना है कि मरने वाला इलाके के बेलीथारा गांव का रहने वाला है। मामले में जांच की जा रही है।

बिड़ला विद्या मंदिर हरगांव के करीब से शारदा सहायक नहर गुजरी है। बताते हैं कि कुछ लोग घास काटने निकले थे। तभी उन्हें उतराता हुआ शव दिखाई दिया। पुलिस के पहुंचने पर शव को बाहर निकाला गया। इसी के बाद उसकी पहचान हरगांव थानाक्षेत्र के ग्राम बेलीथारा निवासी 55 वर्षीय प्रहलाद के रूप में हुई। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थितियां भी स्पष्ट हो जाएंगी। उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मोहल्लों में लगी पुलिस की पाठशाला

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिले के अलग अलग थानाक्षेत्रों में पुलिस पाठशाला आयोजित की गई। भीड़-भीड़ वाले इलाकों के अलावा प्रमुख स्थानों पर भी लोगों को जागरूक किया गया। विद्यालयों में छात्राओं के बीच जरूरी नंबर साझा किये गए। सकरन में मंडोर, हरगांव में गदनापुर, खैराबाद में टकपुरवा, सिधौली में सरदार सिंह कॉन्वेंट इंटर कॉलेज सहित अन्य स्थानों पर आयोजन हुए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरैयां बलदेव सिंह विकास खण्ड पहला-सीतापुर**

पत्रांक: मेमो/सा0आपूर्ति/नि.प./2024-25 दिनांक: 07.10.2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से S.L.W(M) योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला/ग्राम पंचायत के पंजीकृत दुकानदारों/फर्मो से सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08/10/2024 से 16/10/2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक निःशुल्क कार्यालय ग्राम विकास अधिकारी सरैयां बलदेव सिंह से प्राप्त की जा सकती है। मोहरबन्द निविदा दिनांक 17/10/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा दिनांक 17/10/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे ग्राम विकास अधिकारी ग्रा0पं0 सरैयां बलदेव सिंह एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारों की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति की अवधि | निविदा का शुल्क | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 सिरौली में कूड़ा प्रथक्करण (R.R.C.) निर्माण कार्य। | 295417.40 | 5909.00 | 01 माह | निःशुल्क | ग्रा0पं0 में पंजीकृत दुकानदार/फर्म |
| 2 | बैट्री चालित कूड़ा गाड़ी (01) | 175000/- | 3500.00 | 01 माह | निःशुल्क | उपरोक्त |

निविदा की पात्रताः- 1- निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 08/10/2024 से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम विकास अधिकारी ग्रा0पं0- सरैयां बलदेव सिंह कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2- निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रधान सचिव
ग्राम पंचायत सरैयां बलदेव सिंह विकास खण्ड पहला-सीतापुर

# जंगली जानवर ने 5 बकरियों का किया शिकार, दहशत

संवाददाता, थानगांव, सीतापुर

- थानगांव के गोलोककोडर गांव के मजरा नगीनापुरवा का मामला
- वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर लोगों के साथ कर रही कॉबिंग

**अमृत विचार:** बहराइच जनपद की सीमा के करीब क्षेत्रों में जंगल जानवर की दहशत एक बार फिर बढ़ चली है। थानगांव थानाक्षेत्र के गोलोक कोडर गांव के मजरा नगीना पुरवा में जंगली जानवर रात के अंधेरे में दो घरों से कुल आठ बकरियों को उठा ले गए। ग्रामीणों की सजकता से तीन को बचाया जा सका। अन्य लापता है, वन विभाग की टीम कॉबिंग कर रही है।

नगीना पुरवा निवासी कपूर चंद्र और जगदंबा चौहान के घर के बाहर बकरियां बंधी थी। कपूर चंद्र के मुताबिक, उनके घर के आगे छह बकरियां बंधी थीं। जबकि जगदंबा के घर के बाहर दो बकरियां थीं। अंधेरा बढ़ते ही जंगली जानवरों के झुण्ड ने हमला कर दिया। ग्रामीणों का आशंका जताई है कि हमला करने वाले जानवर भेड़िया ही थे। जानवरों कुल आठ बकरियों को उठा ले गया। आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए और फिर दौड़ पड़े। ऐसे में तीन बकरियों की जान बच सकी। वहीं डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह चौहान का कहना है कि इलाके में कॉबिंग कराई जा रही है। झुण्ड भेड़िया का था, ये अभी तक स्पष्ट नहीं है। संभवतः कोई और भी जानवर हो सकता है।

## पकड़े गए 14 वांछित-आरोपी

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 14 वांछित वारण्टी गिरफ्तार किये हैं। पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के तहत जिलेभर में पुलिस कार्यवाही के दौरान सभी के विरुद्ध जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

जिलेभर में एसपी के निर्देश पर धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत तंबौर पुलिस ने रुकसाद उर्फ टकरी, फुरकान, अच्छन, शादाब और गुफरान को गुफरान को गिरफ्तार किया है। वहीं चांदी निवासी धर्मपाल की भी गिरफ्तारी हुई। उधर कोतवाली देहात से श्रीकेशन, महमूदाबाद से मुन्ना, बाबू को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं मिश्रिख में भी अभियान के तहत से बड़कन्न, ललई और रामपुर कला से मूलचंद्र और रामचंद्र को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैने अपना नाम SADADAM पुत्र SHAJAAD ALI से बदलकर SADDAM रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-SHAHZAD ALI NIYAMATPUR, NEOLI DANAPUR, BARABANKI-225404 (UP)

**सूचना**
मेरे पुत्र पंकज कुमार उर्फ शेरा व पुत्रवधू निशा कुमारी का चालचलन ठीक नहीं है तथा पुत्र पंकज शराबी व जुआरी है। मेरी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। बहू खाना नहीं देती व गालीगलौज करती है। पुत्र ने दबंगों से कर्ज ले रखा है। मैं कर्ज का डेढ़ लाख का कर्ज व 50 हजार का जेवर छुड़वा चुका है। इसके बाद भी पुत्र-पुत्रवधू परेशान कर रहे हैं। अतः मैं दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कार्य के लिए वे जिम्मेदार होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।- **उमेश चंद्र पुत्र राम भरोसे, नि.मो. बजरिया, छिबरामऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **राजा सोनकर पुत्र अनूप चन्द्र सोनकर, निवासी-137/67, तकिया गणेश गंज, लखनऊ,** मैने अपनी पुत्री का नाम नाव्या सोनकर जन्मतिथि-03.02.2010 के स्थान पर माही सोनकर रख लिया है अब मेरी पुत्री को नाव्या सोनकर के स्थान पर माही सोनकर के नाम से जाना व पहचाना जाये तथा माता का नाम श्यामली सोनकर है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि **मेरा वास्तविक नाम गंगा देइ पत्नी दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम हयातनगर पोस्ट शुजागंज रूदौली,अयोध्या है।** मेरी जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या-215379913 में मेरा नाम रामावती सोनी पत्नी दुर्गा प्रसाद सोनी हो गया है जबकि वास्तविक आधार पर मैं गंगा देई पत्नी दुर्गा प्रसाद के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित करना है कि मैं **गंगा प्रसाद पुत्र स्व0 काली चरण, निवासी- आर्य नगर, नगर पंचायत महराजगंज, जिला- रायबरेली** अपने तीन पुत्रों में से दो पुत्र सुरेंद्र कुमार व नरेन्द्र कुमार को उनके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद से अपने गलत कृत्यों के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है ।

**सूचना**
मेरे आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम चन्द्रिका पुत्र रामकिशोर दर्ज है जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में भूल बस चन्द्रिका प्रसाद पुत्र राम किशोर लिख गया है ।दोनों नाम मेरे ही हैं। चन्द्रिका पुत्र राम किशोर नाम सही है जो लिखा व पढ़ा जाए। - **चन्द्रिका पुत्र राम किशोर निवासी ग्राम ककराही पोस्ट चिलौला थाना लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक नंबर 4245431 वर्ष 2011 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **दिव्य कुमार पुत्र राम कुमार, निवासी शंकरपुर, पोस्ट पखरौली, जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक नंबर 2448242 वर्ष 2005 एवं इंटर मीडियट अनुक्रमांक नंबर 1935927 वर्ष 2007 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **आलोक कुमार पुत्र राम कुमार, निवासी शंकरपुर, पोस्ट पखरौली, जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश कादरी नजर मोहम्म्द पुत्र मोहम्मद बशीर जन्मतिथि 01-01-1966 दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद बशीर जन्म तिथि 01-10-1965 है, इसे ही भविष्य में लिखा पढा जाए। **-नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्द बशीर, निवासी- कस्बाखास, पो0 बभनजोत, थाना- खोडारे जिला गोंडा।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में कमर जहां पत्नी नजर मोहम्मद कादरी त्रुटिवश दर्ज हो गया है, मेरे पति का वास्तविक नाम नजर मोहम्मद है जिसे भविष्य में पढ़ा व लिखा जाए। पता कमर जहां (QAMAR JAHAN) पत्नी नजर मोहम्मद (NAZAR MOHAMMAD) निवासी कस्बाखास, पो0- बभनजोत, थाना- खोडारे, जिला गोंडा।

**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**
SINCE 2006
**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**
**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें**
VACHAK **वाचक आयुर्वेद**®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सायं 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सायं अवकाश**

## एक नजर

### हत्या का केस दर्ज, जांच करने पहुंचे एएसपी

**संदना, सीतापुर :** संदना इलाके के सहोली गांव में युवक की हुई मौत का मामला गहरा गया है। पुलिस ने इस मामले में सोमवार शाम हत्या का अभियोग दर्ज कर लिया है। उधर, तूल पकड़ते प्रकरण में अपर पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना भी किया। संदना थाना क्षेत्र के सहोली गांव के बाहर तालाब किनारे 35 वर्षीय राहुल सिंह का शव मिला था। पत्नी प्रियंका सहित अन्य लोगों ने हत्या किये जाने का आरोप लगाया था। उस दौरान मामले को इलाका पुलिस ने खास गंभीरता से नहीं लिया। सूत्रों के मुताबिक, पीड़ित पक्ष लखनऊ पहुंचा तो रिकार्ड खंगाले जाने लगा। आनन फानन में घटना को लेकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या किये जाने का अभियोग पंजीकृत हुआ। उधर, तूल पकड़ते प्रकरण डॉ. प्रवीण रंजन ने मौका मुआएना किया और अधीनस्थों को विशेष दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी ने परिवार के लोगों से भी मुलाकात की।

### विद्युत आपूर्ति ठप, दो लाख की आबादी प्रभावित

**पिसावां, सीतापुर :** विद्युत उपकेंद्र पिसावां में तकनीकी खराबी के कारण 18 घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। ऐसे डेढ़ सौ गावों की करीब दो लाख की आबादी प्रभावित रही। विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत रविवार शाम पांच बजे नेरी से आने वाली 33 केवी लाइन में खराबी आ जाने से करीब एक घण्टे दो फेस आपूर्ति मिली। शाम छह बजे विद्युत उपकेंद्र खराबी आने से बिजली कर्मी रात्रि एक बजे तक मशक्कत करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार दोपहर बारह बजे विद्युत उपकेंद्र में खराब लाइटिंग अरेस्टर बदलने के बाद करीब अठारह घण्टे बाद आपूर्ति बहाल हो सकी।

### नैमिषारण्य में राज्यमंत्री नितिन ने टेका माथा

**नैमिषारण्य, सीतापुर :** नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी मंदिर में राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल परिवार के साथ पहुंचे। पूजन-अर्चन करते हुए माता से विश्व कल्याण, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। मंत्री नितिन अग्रवाल आबकारी और शराब निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्यरत हैं। शारदीय नवरात्र में इनका अचानक परिवार के साथ आना हुआ। मां ललिता देवी मंदिर में सभी ने देर तक रुककर पूजा-अर्चना के साथ प्रार्थना भी की। इन क्षणों को नितिन अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी साझा किया है।

# लकड़ी से बने सैनिकों के पुतलों ने चीनी फौज को था छकाया

## जिले की प्लाईवुड फैक्ट्री में स्थानीय कारपेंटर टीम ने बनाए थे ये पुतले, फैक्ट्री बंद होने तक लगातार होता रहा निर्माण

जीशान कदीर, सीतापुर

**अमृत विचार :** तारीख थी 21 सितंबर 2001, हुसैनगंज स्थित एशिया की सुप्रसिद्ध 150 बीघे में फैली प्लाईवुड फैक्ट्री, सीतापुर प्लाईवुड प्रोडक्ट में ताला जड़ा गया। कई मजदूरों की रोजी-रोटी छिन गई। वहीं 1962 से भारत-चीन युद्ध के दौरान चीनी सैनिकों को चकमा देने के लिए शुरू किए गए भारतीय सैनिकों के पुतले बनाने का काम भी अब बंद हो गया। फैक्ट्री में बने भारतीय सैनिकों के पुतलों ने युद्ध में अहम योगदान दिया था, इन पुतलों ने चीनी फौज को खूब छकाया था।

पंडित जवाहरलाल नेहरू उस वक्त देश के प्रधानमंत्री थे। चीनी पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने अरुणाचल प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर लिया। चीनी सैनिकों को खदेड़ने के लिए भारतीय सेना ने भरसक प्रयास किए, लेकिन इन चीनी सैनिकों के पास अत्याधुनिक हथियार और पहाड़ी क्षेत्र में युद्ध के दौरान हासिल महारथ के आगे मात खाते दिखे। भारतीय दूतावास को अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम ने भी मदद देने से इनकार कर दिया।

ये युद्ध 20 अक्टूबर 1962 को शुरु हुआ। इस पर भारतीय आर्मी इस फिराक में थी कि चीनी सैनिकों को किसी तरह खदेड़ा जाए। उस दौरान सीतापुर प्लाईवुड प्रोडक्ट फैक्ट्री का एशिया में नंबर वन स्थान था, तो भारतीय सैनिकों के पुतले बनाने का जिम्मा भी इसी को सौंपा गया। प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाले कारपेंटर रामचरित्र, इस्माइल, बुद्धालाल और कढ़िलेराम को पुतला डिजाइनिंग का काम सौंपा गया। उन्होंने टीम के साथ ऐसे पुतले बनाए जो गोली लगने पर जमीन में गिर जाते और हूबहू भारतीय सैनिकों जैसे दिखते, गिरने के बाद वापस खड़े हो जाते। ऐसे में चीनी सैनिकों के पसीने छूट गए, आखिरकार 21 नवंबर तक ये युद्ध चला और अरुणाचल प्रदेश की कुछ सीमा को एक समझौते के आधार पर चीन को छोड़ना पड़ा।

### लगातार बनाए जाते रहे पुतले

सीतापुर प्लाईवुड प्रोडक्ट फैक्ट्री में 1962 से शुरू हुआ भारतीय सैनिकों के पुतलों का निर्माण तब से अनवरत जारी रहा। फैक्ट्री प्रबंधन इसका स्टॉक रखता था। क्योंकि भारतीय सेना की ओर से कभी भी इसकी मांग की जा सकती थी। लेकिन फैक्ट्री बंद होने पर इन पुतलों को भी हटा दिया गया।

### फैक्ट्री के कामगारों ने बताई अपनी परेशानी


राजेश।

पूर्व फैक्ट्री कर्मचारी राजेश बताते हैं कि वर्ष 1939 में स्थापित इस फैक्ट्री का मालिकाना हक इंग्लैंड मूल के मोहम्मद इस्माइल, हेनरी टॉमसन, मिस्टर जीन-ए-थालमैसेंजर, जीडब्ल्यूएम एलेक्जेंडर व्लीटल और भारतीय मूल के गोपाल कृष्ण सिंहानिया, विजयपित, हरिशंकर के पास है, दूसरी ओर अभी हमारी मजदूरी भी बकाया है।


अशोक कुमार।

वहीं फैक्ट्री कर्मचारी रहे अशोक कुमार ने बताया कि हम 65 साल के हो गए हैं, फैक्ट्री में हमारा काम जीडीशा मशीन चलाते थे, हेनरी टॉमसन आखिरी बार 1980 में फैक्ट्री में आए, इसके बाद से यहां पर जऊरुल्ला कामकाज देखते थे। बड़े पैमाने पर कर्मचारियों का फंड और वेतन बकाया है। इसका मामला हाईकोर्ट में चल रहा है।

# चोरों ने नकदी और सामान किया पार दी गई तहरीर

**सदरपुर, सीतापुरः** अज्ञात चोरों ने एक घर में धावा बोल कर नकदी और जेवर चोरी कर ले गए। चोरी का पता चलने पर पीड़िता ने स्थानीय थाने पर तहरीर दी है।

सदरपुर थाना इलाके के शुरखूपुरवा मजरे अंगेठुवा निवासी मुन्नी पत्नी जाबिर के घर रविवार की देर रात अज्ञात चोर घुस गए और बक्से में रखी पांच हजार की नगदी, एक जोड़ी पायल और कीमती कपड़े चोरी कर ले गए। सोमवार की सुबह जब घर वाले सोकर उठे तो उनको अपने घर में चोरी होने का पता चला। वहीं थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया है कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीतापुर-बहराइच मार्ग की बनने लगी पुलिया



अमृत विचार से प्रकाशित खबर।


शुरू हो गया पुलिया निर्माण का कार्य। अमृत विचार

संवाददाता सांडा, सीतापुर

**अमृत विचारः** बिसवां - बहराइच मार्ग पर बन रही पुलिया का निर्माण एक साल से लंबित था। ऐसे में राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। जनहित से जुड़े प्रमुख मुद्दे को अमृत विचार ने बीते दिन एक वर्ष में भी पूरी नहीं बन पाई अंतर्जनपदीय मार्ग पर पुलिया शीर्षक से प्रकाशित किया। इस प्रमुख समस्या को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्रमुखता से लिया और अधीनस्थों को निर्देश दिए। इसी के बाद विभागीय मशीनरी हरकत में आ गई। आनन-फानन में रुका हुआ कार्य शुरू हो गया।

**खबर का असर**
- डीएम के निर्देश पर हरकत में आया विभाग, शुरू हुआ कार्य

क्षेत्रवासी विनोद तिवारी, ओमप्रकाश भार्गव, कृष्णकांत गुप्ता, कपिल यादव, रमेश मिश्रा, दिनेश वर्मा, राजेश गुप्ता, संदीप भार्गव, शिवराज यादव, राम प्रकाश सिंह, संजय शर्मा, दिनेश सिंह, नीरज श्रीवास्तव आदि ने अमृत विचार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि एक वर्ष से बाधित कार्य शुरू हो गया। इससे आमजन को राहत मिलेगी। कई बार इस पुलिया से गुजरते समय वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं।

### नलकूप खराब किसानों की बढ़ीं समस्याएं

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर मजरा रायपुर गंज में लगा सरकारी नलकूप पिछले एक माह से बंद पड़ा है। ऐसे में किसानों को सिचाई संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान दिनेश, रामनरेश, मोनू तिवारी, रमेश, रिंकू, उमाशंकर, विनय शंकर, शिवकुमार सहित अन्य किसानों ने बताया है कि एक महीने से नलकूप बंद पड़ा है, चल नहीं रहा है। रखरखाव के अभाव में नलकूप के चारों तरफ बड़ी-बड़ी झाड़ियां निकल आई हैं। वहीं नालियां पूरी तरह से टूट चुकी हैं।

# रात 10 के बाद बंद करें होटल, लगाएं सीसीटीवी

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**सख्ती**
- अंधेरी होटल में कुछ दिन पहले मादक पदार्थ सेवन को लेकर हुआ था विवाद
- सीओ बोले- सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ कराना होगा पुलिस सत्यापन

**अमृत विचारः** कस्बे में रेलवे स्टेशन के समीप अंधेरी होटल में दो दिन पूर्व युवक द्वारा मादक पदार्थ सेवन को लेकर युवकों के बीच हुई मारपीट में केस दर्ज होने के बाद सीओ ने होटल संचालक को होटल पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही होटल के कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराने को कहा है।

सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया है कि रात दस बजे के बाद होटल खुला मिलने पर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि महमूदाबाद कोतवाली इलाके के मोहल्ला कटरा निवासी प्रशांत सोनी के मुताबिक, एक अक्टूबर को दोपहर दो बजे रेलवे स्टेशन के पास कलुवापुर निवासी जावेद मादक पदार्थ का सेवन कर रहा था। इनके टोकने पर उसके साथी मोहल्ला कटरा निवासी महफूज व हफनान ने डंडे से सिर पर वार कर दिया। हमले में प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की ओर से चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए कार्रवाई आगे बढ़ाई गई। उधर, दूसरे पक्ष से जावेद ने आरोप लगाया कि रेलवे स्टेशन स्थित अंधेरी होटल पर धीरज व प्रशांत सोनी ने गालियां दीं, इसलिए मारपीट हुई। फिलहाल गहराते मामले को सीओ दिनेश शुक्ल ने गंभीरता से लिया है।

उन्होंने मामले की जांच के बाद बताया कि होटल संचालक को होटल 10 बजे के बाद बंद करने को कहा गया है। साथ ही सुरक्षा को लेकर होटल में सीसीटीवी कैमरा लगवाने और होटल के कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश भी दिये गए हैं। जिससे की कि आगे चलकर ऐसी घटना दोबारा न हो और किसी की परेशानी बढ़े।

## सार-संक्षेप

### पुलिस महानिरीक्षक ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा


बाजार का हाल जानते पुलिस महानिरीक्षक प्रशांत कुमार। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र प्रशांत कुमार द्वितीय सोमवार रात नैमिषारण्य पहुंचे। मां ललिता देवी मंदिर का भ्रमण किया। त्योहारों के दृष्टिगत भीड़ की आवाजाही किस ओर अधिक रहेगी। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा से जानकारी ली। बाद में मूर्ति विसर्जन को लेकर पुलिसकर्मियों से संवाद स्थापित किया। औचक भ्रमण के दौरान मिश्रिख के अलावा आसपास थानों की पुलिस मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह और क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सिंह को निर्देशित भी किया गया।

### होमगार्ड को मिला सम्मान

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** पिसावां इलाके के सतनापुर में दीपू के शव को 35 फीट गहरे कुएं से निकाले जाने वाले होमगार्ड मुनेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन कुमार द्वारा होमगार्ड को प्रशस्ति पत्र दिया गया। क्षेत्र में भी होमगार्ड के सकारात्मक प्रयास की चर्चा है।

### हुकूमत ने किया खादी और व्यवस्था को खराबः आनंद


उद्घाटन कार्यक्रम में फीता काटते सांसद धौरहरा व पार्टी कार्यकर्ता।

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विधायक अनिल वर्मा के तहसील लहरपुर स्थित विधानसभा कार्यालय पर हरगोविंद वर्मा खादी ग्रामोद्योग का आरंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धौरहरा सांसद आनन्द भदौरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सन्तोष मिश्र ने की। सपा सांसद आनन्द भदौरिया ने कहा कि हुकूमत ने खादी को खराब करने के साथ-साथ देश व प्रदेश की व्यवस्था को खराब करने का कार्य किया है। कार्यक्रम के आयोजक लहरपुर विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि हमारे पिता ने हमे विरासत में दो चीजे थीं खादी और राजनीति। दोनों को हमने आगे बढ़ाने का कार्य किया है। पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा ने कहा कि सरकार ने लोकतन्त्र को खत्म करने का कार्य किया है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, विजय वर्मा, राजेश गिरी राजू, मास्टर प्रमोद वर्मा, सुधाकर मिश्र, कमल किशोर मिश्र, प्रभाकर मिश्र, अनिल मिश्र, जय सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य तौकीर अहमद अल्लन, प्रहलाद कनौजिया, मनोज गुप्ता मिंटू, प्रधान मो. नादिर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विधायक ने 7 कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने के दिए निर्देश

**संवाददाता, महोली, सीतापुर, अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचाय द्वारा कराए गए कार्यों की पत्रावलियों की जांच पड़ताल की। उन्होंने आउटसोर्सिंग के सात कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए। रविवार को नगर पंचायत के एक दर्जन से अधिक सभासदों ने विधायक शशांक त्रिवेदी से नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कराए गए कार्यों की जांच व कार्रवाई करने की मांग की थी। इसी को लेकर विधायक शशांक त्रिवेदी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने सभासदों की शिकायतों वाले कार्यों की पड़ताल की। विधायक के मुताबिक, अनियमितता पाए जाने पर उन्होंने आउट सोर्सिंग के सात कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारी शशि बिंदु द्विवेदी को मौके पर बुलाया। उनके सामने भी नगर पंचायत के सभासदों द्वारा निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया। इस दौरान सभासद अनुज दीक्षित, सुनील कुमार, भगवती, कपिल मिश्रा, रामकिशन, मोहम्मद राजू, सुनीता, अरविंद चौधरी, सभासद प्रतिनिधि प्रवीण शुक्ला, अरविंद बाजपेई, मनोज सिंह, जानकी प्रसाद, मौजूद रहे।

# सीतापुर में फिल्मांकन को यूपी पुलिस ने एक्स पर किया वायरल

संवाददाता सीतापुर


वीडियो रिलीज करते बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव व अभिनेत्री तृप्ति डिमरी।

- विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में फिल्म का जिले में हुआ था फिल्मांकन

**अमृत विचारः** 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में हम सबको साइबर सुरक्षा से जुड़ा संदेश देखने को मिलेगा। इसका फिल्मांकन जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यूपी पुलिस ने इसे साझा भी किया है।

बता दें कि इस फिल्म की शूटिंग जिले के बिसवां सहित अन्य स्थानों पर हुई थी। जिसमें बॉलीवुड अभिनेता राजकुमरा राव सहित अन्य कलाकार शामिल हुए। अभिनेता राजकुमार राव एवं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने फिल्म के कथानक के आधार पर ऑनलाइन एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया है। इस उद्देश को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राजकुमार राव एवं तृप्ति डिमरी का वीडियो पोस्ट किया गया है। वीडियो में राजकुमार राव एवं तृप्ति डिमरी द्वारा बताया गया है कि जिस तरह फिल्म में उनकी सीडी चोरी हुई थी, उसी प्रकार की घटनाएं आमजन के साथ हो रही है। जिसमें मोबाइल, कम्प्यूटर, लैपटॉप आदि का डाटा एवं अन्य गोपनीय जानकारियां चुराई जा रही हैं। इससे बचाव के लिए डिवाइस में तगड़े पासवर्ड लगाने की सलाह दी गई है।

# न स्टाफ पूरा-न उपकरण, कैसे हो पशुओं का इलाज


पैथालॉजी में धूल फांकते उपकरण। अमृत विचार


पशु चिकित्सालय की इमरजेंसी में ईंटों के सहारे टिका स्ट्रेचर और बेड।

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- चिकित्सालय में इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं भी नहीं

**अमृत विचारः** शहर का पशु चिकित्सालय अपनी अव्यवस्थाओं पर आंसू बहा रहा है। दरअसल यहां न पर्याप्त सुविधाएं हैं, न ही संपूर्ण उपकरण हैं। जो उपकरण मौजूद हैं, उनका प्रयोग भी ठीक प्रकार से नहीं हो पा रहा है। हालांकि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सभी सुविधाओं के मौजूद होने का दावा कर रहे हैं। वहीं उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्टॉफ की कमी को पशुओं के इलाज में प्रमुख बाधा बताया।

उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके त्रिपाठी के मुताबिक गाय, भैंस आदि जानवरों के लिए अस्पताल में पर्याप्त दवाएं मौजूद हैं लेकिन कुत्ते और बिल्लियों के लिए आवश्यक एंटीबायटिक दवाएं नहीं हैं। ऐसे में कुत्ते बिल्ली का बेहतर इलाज यहां पर संभव नहीं है, हालांकि एंटी रैबीज समेत स्किन संबंधी रोगों का इलाज यहीं पर हो जाता है, अन्य गंभीर हालातों को कुत्ते और बिल्लियों को लखनऊ या बरेली रेफर करना पड़ता है। इसके अलावा अस्पताल में पर्याप्त पशुओं को भर्ती करने के लिए बेड और स्ट्रेचर की सुविधा भी मौजूद नहीं है वहीं प्रयोगशाला में मशीनें तो हैं लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण ढंग से संचालन नहीं हो पा रहा। ऐसे में पशुपालकों को भी परेशानी होती है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि स्वयं उनके पास शहर की गौशाला और दो अस्पतालों का प्रभार है, फार्मासिस्ट वीके शुक्ला को पशुधन प्रसार अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अस्पताल में न लैब टेक्नीशियन है ना ही सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर्याप्त है। इस बाबत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दवाओं की मौजूदगी है, लेकिन स्टाफ की कमी से कभी-कभी परेशानी होती रही है।

**फर्श पर होता मिला उपचारः** शहरी क्षेत्र में रहने वाले तजेंदर सिंह ने अपने कुत्ते को लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि काफी बीमार है। कई दिनों से कुछ भी नहीं खा रहा। ऐसे में फार्मासिस्ट वीके शुक्ला बरामद में टूटे हुए फर्श पर लिटाकर कुत्ते का उपचार करते देखे गए।

## आस्था

### अविवाहित कन्याओं और भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाला है महर्षि दधीचि नगरी का यह मंदिर

# श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है महागौरी मंदिर

संवाददाता, मिश्रिख

**अमृत विचारः** कस्बे के शेषनाथ मंदिर के पास स्थित महागौरी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बीते दशकों से आस्था का प्रतीक है। महर्षि दधीचि की नगरी मिश्रिख अपने आप में अद्भुत मान्यताओं को समेटे हुए है।

महर्षि दधीचि की नगरी मिश्रिख की पुण्य धरा पर स्थित है महागौरी मंदिर जोकि बीते कई दशकों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इन दिनों नवरात्र चल रहे हैं जिसके चलते प्रत्येक दिन यहां काफी संख्या में पूजन अर्चन के लिए भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही जनपद के लोगों के साथ आस-पास के जिलों के भी भक्तगण यहां मातारानी के दर्शन करने आते हैं।


मंदिर में मां ललिता देवी की प्रतिमा।

**क्या है मंदिर का महत्वः** ऐसी मान्यता है कि अविवाहित लड़कियां अपने सुयोग्य वर को पाने की कामना लेकर इस दरबार में आती हैं और जब उनकी मनोकामना पूर्ण हो जाती हैं। तब वह अपने पति के साथ माता गौरी के मंदिर में दर्शन के लिए आती हैं और माता महागौरी का श्रृंगार और पूजन करतीं हैं। वहीं पुजारी कमलेश चंद्र त्रिपाठी स्थानीय के अनुसार, इस महागौरी मंदिर का निर्माण वर्ष 1967 में मिश्रिख निवासी सेठ नंद किशोर वैश्य की पत्नी रामदेवी ने कराया था। मंदिर में एक बड़े आकार की माता महागौरी की मूर्ति शोभायमान है और पास में ही माता सीताजी विराजमान हैं। इसी मंदिर के नजदीक मां सीताकुंड स्थित है, जहां लोग आचमन एवं स्नान के लिए आते हैं और मां गौरी मंदिर के दर्शन-पूजन करते हैं।

वहीं रामचरितमानस के अनुसार ऐसी मान्यता है कि माता सीताजी ने स्वयंवर के समय सर्वप्रथम गौरी पूजन किया था और उन्हीं के आशीर्वाद से मां सीता को प्रभु श्रीराम जैसा सुयोग्य वर मिला था। इसी के बाद से मंदिर में अविवाहित लड़कियों और भक्तों का पहुंचना अनवरत जारी है। जहां मातारानी अपने भक्तों की मनोकामना पूरी करती हैं।

### मां के जगराता में झूमे श्रद्धालु


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** बस्ती फतुहापुर स्थित मां भगवती दुर्गा जागरण समिति द्वारा जगराता कराया गया। कार्यक्रम अकबापुर, सरैया से आए बाल विकास सूरज सांवरिया ग्रुप द्वारा दिखाई गई। कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रसंगों पर दिखाई गई मनमोहक झांकी व भक्ति गीतों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिससे भारी संख्या में एकत्रित भीड़ ने तालियां बजाकर व जयकारा लगाकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में गणेश, राम दरबार, काली माता, दुर्गा माता आदि झांकियों का आयोजन हुआ। इसमें समिति के संरक्षक रामकुमार तिवारी, राकेश, आरके श्रीवास्तव, शिवराज चौहान दिनेश व अन्य सदस्यों ने व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग दिया। जिसमें मुख्य रूप से ठाकुर प्रसाद, विश्राम चौहान, अखिलेश, संदीप, विक्रम राजेश, श्रीराम, प्रकाश चौहान, दिनेश चौहान, मोहम्मद उमर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# राम वनवास का किया गया मंचन

संवाददाता पिसावां, सीतापुर


रामलीला मंचन में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बाबू सिंह इंटर कालेज के समीप चल रही रामलीला के पांचवें दिन जय मड़ैया बाबा सेवा समिति के कलाकारों द्वारा भगवान राम के वनवास का मंचन किया गया। वन गमन के समय पुत्र वियोग में महाराज दशरथ का विलाप देख कर बैठे दर्शकों की आंखों से अश्रुधारा बहने लगी।

पिसावां में आयोजित सजीव राम लीला के मंचन में अयोध्या नरेश महाराज दशरथ ने विचार किया कि राम को अयोध्या का राजा बनाया जाए। उन्होंने अपने मंत्री सुमंत को बुलाकर बड़े बेटे राम को राजा बनाए जाने के लिये राज्याभिषेक की तैयारी करने का आदेश दिया। यह सूचना जैसे ही महारानी कैकेयी की दासी मंथरा को प्राप्त हुई, मंथरा ने महारानी के कान भरना शुरू कर दिया। महारानी कैकेयी मंथरा की बातों को मानकर राजा दशरथ से अपने पुराने दो वरदान मांगे। राजा दशरथ ने महारानी कैकेयी को दोनों वरदान देने का निर्णय करते हुए कहा कि हम रघुवंशी हैं, हम अपने दिए गए वचन को निभाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कैकेयी ने अपने पुत्र भरत को राजतिलक और कौशल्या पुत्र राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा। यह सूचना जैसे ही भगवान राम को मिली, भगवान राम तुरन्त वन गमन को तैयार हो गए। राजा दशरथ फूट-फूट कर रोने लगे और पूरी अयोध्या नगरी में शोक छा गया। श्रीराम के साथ अयोध्या के हजारों नर, नारी भी वन गमन करने को तैयार हो गए। इसके बाद भगवान राम तमसा नदी के किनारे पहुंचे। जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया।

## एक नजर

### कार की टक्कर से वृद्ध किसान की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रविवार की रात अज्ञात कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल वृद्ध किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पूरे निहाल मजरे बड़ेला नारायणपुर निवासी वृद्ध किसान मोहनलाल रविवार की रात भगवानपुर चौराहा के निकट सड़क पार कर रहा था। इसी बीच लखनऊ से अयोध्या जा रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से जख्मी किसान को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। यहां पर इलाज के दौरान देर रात वृद्ध की मौत हो गई।

### धीरज बने ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

**हैदरगढ़ बाराबंकी : अमृत विचार :** क्षेत्र के ट्रक मालिकों की एक बैठक कस्बा स्थित एक रेस्टोरेंट पर हुई। इसमें हैदरगढ़ ट्रक ओनर्स एसोसिएशन का गठन किया गया। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में रणविजय सिंह को संरक्षक, पूर्व डीडीसी धीरज यादव को अध्यक्ष, राजन सिंह, श्याम शिखर मिश्रा, मोहम्मद आसिफ एवं अभय सिंह को उपाध्यक्ष, रामेंद्र तिवारी को महामंत्री, मो0 इशहाक व अर्जुन सिंह को सह मंत्री तथा अमित झुनझुनवाला को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में पिंटू, रमेश, दुर्गेश समेत आसपास क्षेत्र के तमाम ट्रक मालिक मौजूद रहे।

### पुजारी की बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लाजपतनगर स्थित श्री रामजानकी मंदिर के गेट से पुजारी की बाइक चोरी कर ली गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मंदिर के पुजारी सोनू तिवारी ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपनी बाइक गेट पर खड़ी कर मंदिर के भीतर चला गया। वापस लौट कर आया तो बाइक अपनी जगह पर नहीं मिली। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एक घंटे की कोतवाल शिवानी ने समझी दादी की पीड़ा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



छात्रा शिवानी के साथ सीओ और प्रधानाचार्य। अमृत विचार



छात्रा को प्रोत्साहित करते एएसपी सीएन सिन्हा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वृद्ध महिला ने अपनी पुत्री के खो जाने की शिकायत शहर कोतवाल शिवानी से की तो कोतवाल शिवानी को चिंता हुई। उन्होंने मोबाइल पर अधीनस्थ को निर्देश दिया कि दादी की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी परेशान को समझें और गायब बेटी का जल्द पता लगाएं। यह सुनकर अधीनस्थ ने जी सर कहकर सहमित जताई। यह दृश्य दिखा शहर कोतवाली में, जहां जीजीआईसी की छात्रा एक घंटे के लिए शहर कोतवाल बनीं और वृद्ध महिला पहली फरियादी।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति फेज- 05 संचालित है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां हो रही हैं। सोमवार को शहर कोतवाली का नजारा बदला हुआ था। ड्यूटी निभाती पुलिस और आने वाले फरियादी तो रोज की तरह थे ही, साथ ही बड़ी संख्या में राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राएं भी यहां पर थीं। तस्वीर तब बदली जब मिशन शक्ति के तहत जीजीआईसी में अध्ययनरत कक्षा 11 की मेधावी छात्रा शिवानी को एक घण्टे के लिए प्रभारी थाना कोतवाली नगर बनाया गया। प्रभारी बनते ही एक वृद्ध महिला ने उनसे अपनी व्यथा बताई, जिसके अनुसार उनकी बेटी लापता है। यह सुनते ही कोतवाल शिवानी ने अधीनस्थ को मोबाइल पर वही निर्देश दिए जो आमतौर पर शहर कोतवाल देते। कई और फरियादी भी नई कोतवाल से रुबरु हुए। हालांकि शिवानी की दादी के प्रति चिंता साफ झलक रही थी। कोतवाल शिवानी समेत सभी छात्राओं ने समय पूरा होते ही पुलिस का आभार जताया तो पुलिस ने भी खुशी जताई। इस मौके पर एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कविता के माध्यम से छात्राओं को जागरुक किया। इस दौरान सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी, सीओ गरिमा पंत, शहर कोतवाल, महिला पुलिस, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, शिक्षिता ज्योति द्विवेदी आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता के लिए छात्राओं ने जीजीआईसी से रैली निकाली।

### बाइक सवार छेड़खानी करे तो नोट करें वाहन नंबर

**बनीकोडर/देवा बाराबंकी। अमृत विचार :** यदि कोई बाइक या कार सवार छेड़खानी करे तो उस गाड़ी का नंबर नोट करें और अपने अध्यापक या पुलिस को बताइए। तत्काल उस पर कार्यवाही होगी। यह बात मिशन शक्ति के अंतर्गत भवनियापुर स्थित अवध पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार यादव ने कही। पुलिस को अपने मध्य पाकर जागरूक बच्चों ने उनसे प्रश्न पूछे जिसका उत्तर पुलिस ने दिया। विद्यालय की एक छात्रा ने पूछा यदि हमारे गांव में कोई तेज लाउडस्पीकर में अश्लील गाने बजा रहा हो तो क्या करे। जवाब मिला की तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें माइक बंद करवा कर उसके खिलाफ आवश्यक करवाई की जाएगी। बच्चों ने साइबर फ्रॉड के बारे में और वर्तमान में लड़कियों को जो लोग ब्लैकमेल करते हैं उससे बचने के उपाय भी पूछे। पुलिस ने सभी बच्चों के सवालों के जबाब दिया। कार्यक्रम में सिपाही रामजी यादव, सनी, राहुल, ऊषा, मंजू आदि मौजूद रहे।

### हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

देवा क्षेत्र के बिशुनपुर कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज और एक गांव में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में जानकारियां दी गई। महिला उपनिरीक्षक सुषमा देवी व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना आदि के बारे में बताया। वहीं, हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112 , 1076 , 102, 108, 181, 1930 आदि के बाद में जानकारी दी और पंपलेट वितरित किए। वहीं कचनापुर गांव में भी महिलाओं को इस संबंध में जागरूक किया गया। इस मौके पर विशुनपुर चौकी प्रभारी मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह, महिला आरक्षी नीता तोमर , आरक्षी संतोष आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# फंदे से लटकते मिले तीन लोगों के शव

## जिले में विभिन्न क्षेत्रों में हुई घटनाएं, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 24 घंटे के भीतर एक महिला व छात्रावास के रसोईये समेत तीन लोगों का फांसी के फंदे से लटकता शव पाया गया। पुलिस ने तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। खास बात यह कि तीनों की घटनाओं के पीछे वजहों पर पर्दा पड़ा हुआ है।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली अंतर्गत ग्राम उमरापुर के रहने वाले देवतादीन की पत्नी करिश्मा (32) का शव गांव के बाहर एक बाग में पेड़ से लटकता मिला। सुबह के समय

**▸▸ पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

ग्रामीणों ने महिला का शव लटकता देख हैरत में पड़ गए। सूचना पाकर घटनास्थल गई पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा ने बताया कि महिला की 8 वर्ष पहले शादी हुई थी और उसके तीन बच्चे भी हैं। मृतका का पति काफी दिनों से बीमार चल रहा है।

निंदूरा प्रतिनिधि के अनुसार सीतापुर जनपद के थाना तंबौर निवासी दीपू यादव (20) वर्ष बाराबंकी में कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम उमरा में संचालित इंट्रीगल यूनिवर्सिटी के बालक छात्रावास में खाना बनाने की नौकरी करता था। दीपू छात्रावास की कैंटीन में खाना बनाने के साथ वहीं रहता भी था। सोमवार सुबह युवक का शव यूनिवर्सिटी की एक बिल्डिंग में पुताई के लिए बांस से बनाई गई सीढ़ी की रस्सी से लटकता मिला। कालेज खुलने पर सफाई के लिए पहुंचे कर्मियों ने युवक का शव लटकता देखा तो कालेज में हड़कंप मच गया। कालेज स्टाफ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उमरा चौकी इंचार्ज सुरेश गुप्ता ने बताया कि मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भट्ठापुरवा के रहने वाले रामलखन के 27 वर्षीय पुत्र शुभम गौतम का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। परिजनों के अनुसार शुभम रविवार की रात साढ़े 8 बजे अपने कमरे में गया और दरवाजा अंदर से बंदकर फांसी लगा ली। सोमवार की सुबह दरवाजा खोला गया तो अंदर शुभम फंदे से लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पत्रावलियों की होगी जांच, दोषी पर कार्रवाई

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी



धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार फतेहपुर पर घोर अनियमितताओं व भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जोरदार धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने सम्बन्धित पत्रावलियां की जांच कराकर कार्यवाही करने की बात कही। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।

स्थानीय बार सभागार में एक आमसभा की बैठक का आयोजन किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि नायब तहसीलदार फतेहपुर द्वारा जो अनियमितता बरती गयी है। उसके विरूद्ध आन्दोलन करके सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। देखते ही देखते

**▸▸ एसडीएम के आश्वासन पर माने आंदोलित वकील**

अधिवक्ता पुरानी कचेहरी में एकत्र होकर नायब तहसीलदार के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए तहसीलदार गेट से जाने वाले मार्ग पर तिरपाल बिछाकर बैठ गये और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसडीएम राजेश विश्वकर्मा मौके पर आकर बार संघ अध्यक्ष प्रदीप निगम से सम्बन्धित पत्रावलियां की जानकारी की। उन्होंने कहा कि इन दोनों पत्रावलियों की जांच करायेंगे और जांच कराने के दौरान जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके बाद धरना समाप्त हुआ। इस मौके पर महामंत्री संजय सिंह, राजीव नयन, हरिनाम समेत तमाम अधिकवक्ता मौजूद रहे।

# 9 नमूने भरे गए, ढाई लाख की खाद्य सामग्री कराई नष्ट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नवरात्रि एवं अन्य अवसरों पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए एफएसडीए की टीम ने सोमवार को छापेमारी की। इस दौरान कुल 9 वस्तुओं के नमूने भरे गए। साथ ही मानक विपरीत मिली 28 किलो कुट्टू आटा समेत करीब दो लाख पचास हजार रुपये की सामग्री नष्ट करवाई गई।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में एफएसडीए की टीम ने ओम किराना स्टोर आलापुर से कुट्टू आटा, न्यू इण्डिया किराना स्टोर स्टेशन रोड से साबूदाना, दीपक ट्रेडर्स नबीगंज से फ्राई ओला पॉम ऑयल, हलीम किराना स्टोर नयी बाजार दरियाबाद से किशमिश का नमूना भरा। नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए। मानक विपरीत कुट्टू आटा 28 किलो, रस्क 120 पैकेट, खाद्य तेल 150 लीटर, वनस्पति घी 75 किलो, बेसन 20 किलो, फ्राई ओला पाम आयल 109 टिन नष्ट करा दिया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार, प्रिया त्रिपाठी, अनुराधा मिश्रा, पल्लवी तिवारी, डा. अंकिता यादव व भगौती प्रसाद शामिल रहे।

# भाजपा नेता का भाई समेत 7 जुआरी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नेता के भाई व भतीजे समेत सात लोगों को धर दबोचा। रात में हुई इस कार्रवाई के बाद जहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने 28 हजार रुपये, ताश की गड्डी आदि बरामद कर सातों जुआरियों को जेल भेज दिया।

जुआरियों की चल रही धरपकड़ के क्रम में क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शहर के नागेश्वर नाथ मंदिर के निकट छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान कुल सात लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते मिले। बड़ी संख्या में रही फोर्स ने इन सभी को धर दबोचा। पकड़े गए लोगों में रेहसुल हसन पुत्र कासिम अब्बास व फराज हुसैन पुत्र रैसुल हसन निवासी नागेश्वर नाथ धाम पीरबटावन ने पकड़े जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता राजा कासिम के परिवार से होने का हवाला दिया। इनमें रेहसुल हसन भाजपा नेता का भाई व फराज हुसैन भतीजा है पर पुलिस ने बिना कोई सुनवाई किए इन्हे व अनवर अली पुत्र असगर अली निवासी मोहल्ला चंदना बारादरी, हुजूर आलम पुत्र छोटा सलमानी निवासी पीरबटावन, शादाब अहमद पुत्र सईद अहमद निवासी सिविल लाइन नेहरू नगर, निशान पुत्र मो. मुश्फिक निवासी रफीनगर देवा रोड व बच्चेलाल बाल्मीकी पुत्र रामलखन निवासी पीरबटावन सभी थाना कोतवाली नगर को कोतवाली ले गई।

### कुर्सी पुलिस ने दबोचे 8 जुआरी

थाना कुर्सी पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे रेहान पुत्र बसारत निवासी एक मिनारा मस्जिद, शीबू पुत्र मुसर्रफ अली, मो. सलीम पुत्र नुसरत अली, मो. शब्बू पुत्र पुत्तन निवासी मो. फाटक, मो. आसिफ पुत्र स्व. मो. जमील, मो. इरफान पुत्र मो. सुलेमान 8. मो. इमरान पुत्र खलील अहमद निवासी मुल्ला टोला सभी थाना कुर्सी व गुफरान पुत्र स्व. रमजान निवासी पाण्डेय टोला अलीगंज जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ताश के पत्ते, मालफड़, जामातलाशी में 3,050 रुपये बरामद किए गए।

### हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रामनगर बाराबंकी। अमृत विचार :** बहन के यहां जाने को बात कर घर से निकले वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम किसुनपुर निवासी 60 वर्षीय रामकरन सिंह पुत्र शीतल सिंह बीते रविवार को बहन के यहां जाने के लिए घर से निकले थे। सोमवार की देर शाम बाराबंकी गोंडा हाईवे के ग्राम सुरवारी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे आरक्षी बृजेश कुमार ने एंबुलेंस के द्वारा स्थानीय सीएचसी भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पंचनामा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही थी। पुत्री के विवाह एवं पुत्र के बाहर चले जाने के बाद वृद्ध अकेला ही रहता था, आज वह अपनी बहन से मिलने जाने के लिए निकला था लेकिन अनहोनी हो गई।

## सार-संक्षेप

### डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ उद्घाटन

**संवाददाता, बनीकोडर। अमृत विचार :** देवीगंज चौराहे पर नवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवा डायग्नोस्टिक सेंटर एवं कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ हुआ। देवीगंज सुबेहा रोड पर बालाजी लाइब्रेरी के पास शिवा डायग्नोस्टिक सेंटर एवं कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ सोमवार को किया गया। डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ सेंटर के कपीस तिवारी ने हवन पूजन के साथ किया। हवन पूजन का कार्यक्रम आचार्य बिंदु पंडित के द्वारा किया गया। शुभारंभ के बाद संचालक कपीश तिवारी ने बताया कि केंद्र पर मरीजों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्र पर समस्त प्रकार की खून की जांच होंगी। किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जाएगा।

### राज्यमंत्री ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन



उद्घाटन करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी। अमृत विचार :** सुबेहा-देवीगंज मार्ग पर क्षेत्र के पहला गांव में नवनिर्मित एचएस फिलिंग सेंटर पेट्रोल पंप का शुभारंभ सोमवार को राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत एवं क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व मंत्र उच्चारण के बीच हवन पूजन भी किया गया। राज्य मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षक अमरनाथ सिंह द्वारा स्थापित किए गए इस पेट्रोल पंप से क्षेत्रीय लोगों को अपने गांव के नजदीक पूरी पारदर्शिता के साथ शुद्ध और सही मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति हो सकेगी। इस अवसर पर इंडियन ऑयल की सीनियर सेल्स ऑफिसर सौम्या पाठक, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव समेत कई क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कन्याभोज के बाद भंडारा का आयोजन

**संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी। अमृत विचार :** हनुमंत वाटिका आश्रम कल्याणी तट गाजीपुर में कन्या भोज के साथ गुरु दीक्षा का कार्य संपन्न हुआ। कन्या भोज का शुभारंभ राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने किया। आश्रम में नवरात्र के उपलक्ष्य में भक्ति भाव में डूबा रहा। सुबह से गुरु पूजा के आयोजन शुरू हो गए थे। महंत राम दास के चरणों में भक्त पहुंचकर अपनी श्रद्धानुसार लोगों ने दक्षिणा अर्पित की और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या भोज के साथ भंडारा भी सम्पन्न हुआ। राज्य मंत्री ने आश्रम के विद्यालय के बरामदा का लोकार्पण भी किया। आश्रम के महंत ने राज्यमंत्री को रामायण की ग्रन्थ दे कर समानित किया। इस मौके पर बनीकोडर ब्लॉक प्रमुख चन्द्र शेखर वर्मा, दरियाबाद ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडे, प्रधान जटा शंकर तिवारी प, आशुतोष सिंह, केदार दीक्षित एमएल, डॉक्टर एमएल साहू, दिनेश तिवारी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### बापू के शिक्षा दर्शन से लें सीख

**संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा "बापू के बुनियादी शिक्षा" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रा. प्रो .डॉ. सीताराम सिंह ने वर्तमान समय में गांधी जी की शिक्षा योजना को प्रासंगिक बताया तथा कहा कि विद्यार्थियों को गांधी जी के शिक्षा दर्शन से सीख लेनी चाहिए कि किस तरह से कम से कम साधनों से भी महान बना जा सकता है। प्रो. बी के गुप्ता ने कहा कि दोनों में ही हस्तकौशल द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने पर बोल दिया गया है। संगोष्ठी में शिक्षाशास्त्र विभाग के अरविंद पांडेय, डॉ. किरन सिंह समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

### दो गिरफ्तार, तमंचे बरामद

**संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने अभियुक्त आसिफ पुत्र साकिर अली निवासी मो. फैजुल्लागंज थाना जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस बरामद किया। थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम ने अभियुक्त इस्लामुद्दीन पुत्र स्व0 मुन्ना निवासी ग्राम नई बस्ती थाना जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस बरामद किया। दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

### नोडल अधिकारी ने देखीं स्कूल की व्यवस्थाएं

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के एक विद्यालय में नोडल अधिकारी द्वारा अचानक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत श्री राम अभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज चोरी अलादास पुर में नोडल अधिकारी विजय कुमार गुप्ता ने विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का रखरखाव साफ सफाई और विद्यालय व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया। विद्यालय में जल व बिजली व्यवस्था, जनरेटर, बायोमेट्रिक, अग्निशमन यंत्र, फर्नीचर, शौचालय की व्यवस्था देखा और विद्यालय के प्रधानाचार्य को साफ सफाई का आदेश दिया।

# डीएम ने की चकबंदी व राजस्व कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में चकबंदी, कर-करेत्तर और राजस्व कार्यों सम्बंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विभिन्न मामलों के प्रगति कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के कई गांवों में चकबंदी प्रक्रिया अभी भी चल रही है। उन गांवों में यह कार्य जल्द पूरा कराया जाए। जहां पर चकबंदी के वाद चल रहे हैं, उन्हें नियमानुसार यथा शीघ्र निस्तारित किया जाए। इसके बाद डीएम ने कर-करेत्तर सम्बन्धी मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और विभिन्न विभागों खनिज विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग और तहसीलों में बकायेदारों आदि सहित समस्त विभागों से कर वसूली के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नीलामी योग्य तालाबों के लिये मेला आयोजित करते हुए पट्टे आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा किया जाए और ई-खसरा बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। आईजीआरएस के मामलों के निस्तारण में अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि स्थल मेमो, मौके की फोटो और आवेदक से वार्ता होना जरूरी है। इस मौके पर एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक इंद्रसेन और एसडीएम नवाबगंज आर.जगत साईं सहित सभी तहसीलों के एसडीएम मौजूद रहे।

# कांग्रेस सिर्फ भ्रम फैलाने का करती है काम

**▸▸ सदस्यता महाअभियान की तैयारी बैठक में बोले क्षेत्रीय विधायक**

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारत आज पड़ोसी देशों से जहां धीरे धीरे असुरक्षित महसूस कर रहा है। वहीं भयमुक्त देश बनाने के लिए एकजुटता का कार्य अति आवश्यक है। कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम करती है। अब तक कांग्रेस ने अपने शासनकाल में 75 बार संविधान का संशोधन किया तब तक संविधान खतरे में नही था लेकिन अब जब भाजपा सरकार संविधान संशोधन करती है तो राहुल गांधी को संविधान खतरे में लगने लगता है।

यह बात भाजपा विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने सदस्यता महाअभियान की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए रामनगर रोड पर स्थित बाबा मैरिज लॉन में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान चलाने के लिए कार्यकर्ता घर घर जाये और आम जनता के बीच भारत की सुरक्षा एवं संवर्धन को लेकर चर्चा करें तथा भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस पार्टी से कैसे सावधान रहे यह भी आम जनता के बीच जाकर चर्चा करने का विषय है। इस मौके पर हंसराज वर्मा, राजीव नयन तिवारी, दिनेश पाण्डेय, अंशुमान मिश्रा, बाबा हेमन्त दास, करूणा शंकर शुक्ला, मुकुन्द सिंह, दिनेश सिंह, पूजा सिंह, दिलीप वर्मा, सरोज वर्मा, विनीतानन्द मिश्रा आदि मौजूद थे।

### एक दर्जन लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**संवाददाता, सिरौली गौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति देने के लिए पूर्व विधायक ने बूथ पर चौपाल लगाई। सोमवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेषपुर टूटरू के बूथ पर पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। केंद्र व प्रदेश की सरकार लगातार गरीबों के लिए कार्य कर रही है। सरकार के कार्यो से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं और भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने एक दर्जन से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि पदाधिकारीप्रत्येक बूथ पर जाएं और बूथ अध्यक्ष के साथ मिलकर गांव के लोगों को पार्टी की सरकार की नीतियों व सरकार के कार्य बताएं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, अमित, नीरज, प्रहलाद, विमल, ग्राम प्रधान संजय सिंह, स्वतंत्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**अव्यवस्था** — गैंगवार, हत्या की साजिश तक रची जा चुकी है, खराब भोजन पर सस्पेंड हुए थे चार कारागार कर्मी

# 163 साल पुरानी जेल में क्षमता से अधिक कैदी

योगेश शर्मा, बाराबंकी




जिला कारागार बाराबंकी।

**अमृत विचार:** 163 साल पुराना जिला कारागार फिलहाल शांत है। क्षमता में वृद्धि के बाद भी कारागार में 123 कैदी अधिक हैं। संवेदनशीलता की वजह से जिला जज, डीएम एसपी का मासिक निरीक्षण बरकरार है क्योंकि कुछ ही साल पहले इसी कारागार से गैंगवार ने जन्म लिया तो जेल अधीक्षक की हत्या की साजिश तक रची जा चुकी है। खूंखार कैदियों के एक के बाद एक कर चले जाने से ही जेल अफसरों को राहत मिली है। रही बात चर्चा में रहने की तो चार का निलंबन हो या फिर कथित नींबू घोटाला अभी भी सबको याद है।

> क्षमता से कैदियों की संख्या अधिक है पर नियंत्रण में कोई कमी नही है। वहीं शासन के आदेशानुसार कैदियों को वर्णमाला क्रम में रखा जा रहा है।
>
> -कुंदन कुमार
> जिला कारागार अधीक्षक

बताते चलें कि जिला कारागार आपराधिक न्याय प्रशासन का एक महत्वपूर्ण घटक है। जिला कारागार बाराबंकी की स्थापना वर्ष 1861 में की गई थी। 29.9 एकड़ के क्षेत्र और 403 कैदियों को रखने की क्षमता से इसकी शुरुआत हुई। आगे चलकर यह कारागार 62.53 एकड़ के क्षेत्र में विस्तारित हुआ, जिसमें 960 कैदियों को रखने की क्षमता थी। क्षमता वृद्धि में विस्तार के साथ ही यह संख्या बढ़कर 1047 हो गई है। वर्तमान में क्षमता के विपरीत यहां पर कुल 1170 कैदी बंद हैं। इस तरह अभी भी जिला जेल 123 कैदियों का अतिरिक्त बोझ उठा रही है। बंदी रक्षको की संख्या बराबर कम चली आ रही है। रही बात कारागार की संवेदनशीलता की तो यहां पर बंद दो खतरनाक बंदियों संजय माहेश्वरी उर्फ जीवा व पन्ना यादव उर्फ डॉक्टर के बीच गैंगवार चर्चा में आ गई थी। इसी गैंगवार का नतीजा रहा कि 15 जनवरी 2013 को सपा के युवा नेता अरविंद सिंह यादव की शहर के बंकी कस्बे में गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले को लेकर सपा युवा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे इसके बाद संजीव माहेश्वरी को इस जेल से हटा दिया गया। कुछ दिन बाद पन्ना यादव को भी दूसरी जेल भेजा गया। इसी जेल में रहकर चंदन सिंह ने जेल अधीक्षक की हत्या की साजिश रची और गोरखपुर में हुई एक चिकित्सक की हत्या में भी उसका नाम उभरा। मुजफ्फरनगर का सुक्रम पाल भी इसी कारागार में बंद रह चुका।

### नई पहल से सुधार के आसार

शासन के नए आदेश के बाद जेल प्रशासन ने कैदियों को व्यवस्थित करना शुरू कर दिया है। आदेश के तहत अब जिला कारागार की बैरकों में कैदियों को वर्णमाला क्रम में रखा जाएगा। उदाहरण के लिए जिन कैदियों के शुरुआती नाम में ए होगा, उन्हे एक बैरक में, जिनके नाम की शुरुता बी से होगी उन्हे अन्य बैरक में। इस तरह कैदियों की छंटनी नाम के अनुसार होगी। यहां पर बनी बैरकों में वर्णमाला क्रम के अनुसार कैदियों को रखने का सिलसिला शुरु कर दिया गया है। माना जाता है कि कैदियों को इस क्रम में रखने से कारागार प्रशासन को भी काफी सुविधा होगी।

### अक्सर चर्चा में रहता है जिला कारागार

जिला कारागार में हाता कराने की स्थानीय परंपरा हो या फिर मिलाई करने आए परिजनों से भेंट पूजा, कारागार किसी न किसी रूप में चर्चा में आता रहा है। हद तो तब हो गई जब वर्ष 2022 में कारागार मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने निरीक्षण में बंदियों को दिया जाने वाला भोजन गुणवत्ता विहीन मिलने पर जेल अधीक्षक हरिबख्श सिंह सहित चार को निलंबित कर दिया। वहीं यहां पर नींबू घोटाले के मामले ने भी चर्चा पाई हालांकि घोटाले की पुष्टि नहीं हो सकी पर यह सामने आया कि मानक के विपरीत नींबू की खरीद की गई।

# तीनों लोक में जयंत को नही मिली शरण, राम ने किया उद्धार

## शहर के दशहराबाद में हुआ जयंत उद्धार लीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


प्रभु श्री राम माता सीता का रूप धारण कर प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दशहराबाग की सुप्रसिद्ध रामलीला में चित्रकूट पर्वत पर प्रभु श्री राम माता सीता का श्रृंगार कर रहे है। इसी दौरान आकाश मार्ग से उड़ते हुए इंद्रपुत्र जयंत की नजर इस दृश्य पर पड़ती है और वह भ्रमित हो गए और मन ही मन सोचने लगे कि श्री राम ब्रह्मचारी कैसे हो सकते है और परीक्षा लेने के लिए कौवे का रूप धारण कर जानकी के चरणों में चोंच से प्रहार करते है।

प्रभु श्री राम एक कुश को अभिमंत्रित करके जयंत पर छोड़ देते है, जयंत तीनों लोक भागते है, ब्रह्मा विष्णु, महेश से शरण मांगते है लेकिन किसी ने शरण नहीं दी। इसी दौरान जयंत की मुलाकात नारद मुनि से होती है और उन्ही की प्रेरणा से जयंत पुनः श्री राम की शरण में पंहुचते हैं। प्रभु बोले कि अभिमंत्रित शक्ति के प्रभाव को कम किया जा सकता है और उन्होंने जयंत की एक आंख को फोड़कर उन्हे क्षमा प्रदान की, तत्पश्चात भगवान श्री राम ऋषि अत्रि एवम अनुसुइया से मिलते है। वहीं रामलीला मैदान पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलकियां भी प्रस्तुत की गई। दर्शकों की भीड़ ने लीला का आनंद लिया।

### प्रभू राम ने किया अहिल्या का उद्धार



**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** कस्बे के सुदामा साहब बाबा संगत के परिसर में चल रही रामलीला में रविवार की रात अहिल्या उद्धार लीला का नाट्य मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। जिसमें दिखाया गया कि गुरु विश्वामित्र बाण विद्या की शिक्षा देते हैं साथ ही विश्वामित्र के साथ राम जनकपुरी के लिए प्रस्थान करते हैं। मार्ग में गंगा जी के घाट पर पूजन भजन करते हैं और विश्वामित्र के आदेशानुसार प्रभु श्री राम गौतम ऋषि की अर्धांगिनी अहिल्या को शिला रूप से मुक्त करते हैं। अहिल्या उद्धार का नाटय मंचन देख दर्शक प्रफुल्लित दिखे। इस नाट्य मंचन में विश्वामित्र का अभिनय श्रीअंक ने निभाया। जबकि राम का अभिनय विष्णु, लक्ष्मण का शांतनु ने। वहीं पंडा के पात्रों का अभिनय शेखर शर्मा, राहुल मिश्र, अंशु श्रीवास्तव, ऋतिक मिश्र आदि ने बखूबी निभाया। अहिल्या का शानदार अभिनय रुद्र मिश्र द्वारा किया गया।

### 14 वर्ष के वनवास को गए प्रभू राम



**हैदरगढ़, बाराबंकी। अमृत विचार :** हैदरगढ़ के रामलीला कोठी मैदान में चल रहे रामलीला कार्यक्रम के सातवें दिन वनवास की लीला में राजा दशरथ अपनी सभा में ज्येष्ठ पुत्र राम को राजपथ सौंपने का मन बनाते हैं। यह विचार कर वे गुरु वशिष्ठ से परामर्श करते हैं और उनकी आज्ञा पर राम को राजा बनाने की घोषणा की जाती है। वहीं दूसरी और रानी कैकेयी की दासी मंथरा को जब पता चलता है तो वह रानी के पास पहुंच अपनी बातों से कैकई की बुद्धि भ्रष्ट कर देती है। मंथरा की सलाह पर कोप भवन में चली जाती है जब यह बात राजा दशरथ को पता चलती है तो वह स्वयं को प्रभाव में पहुंचकर इसका कारण पूछते हैं और रानी करके द्वारा भरत को राज्य एवं राम को 14 वर्ष का वनवास का वरदान मांगते ही राजा मूर्छित हो जाते हैं। माता के के द्वारा वरदान मांगने का पता जब राम को चलता है तब वह पिता के वचनों की मर्यादा रखने के लिए वन जाने के लिए परेशान करते हैं राम के वन जाने की बात सुनकर भ्राता लक्ष्मण और माता सीता भी उनके साथ जाने के लिए तत्पर हो जाती है।

## एक नजर

### धारदार हथियार समेत चार गिरफ्तार

**बाराबंकी। अमृत विचार :** थाना मसौली पुलिस टीम ने बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त मुख्तार व इकबाल पुत्र सफी उर्फ टेनी, अतीक पुत्र मो. जान, निशार पुत्र सिद्दीक निवासी शहावपुर थाना मसौली को शहावपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की सरिया व एक लकड़ी का डण्डा बरामद किया गया।

### बिजली चोरी करने पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी। अमृत विचार :** पावर कॉरपोरेशन की टीम ने क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर, पूरे रुद्रपुर गांव में अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वाले दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इस मौके पर बकाया बिल न जमा कर पाने वाले तीन उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काटे तथा तीस हजार रुपये के राजस्व की वसूली की गई। इस मौके पर वकार मेंहदी, रोहित शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे। इस मौके पर अवर अभियंता परवेज हुसैन, रुपेन्द कुमार, प्रदीप आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### कठिन दौर से गुजर रहे श्रमिक

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार :** कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव शहनवाज आलम व प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. मसूद की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल विकासखण्ड देवा के ग्राम सालेहनगर नई बस्ती पहुंचा और गांव के प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। शहनवाज आलम ने कहा कि हमारे देश के श्रमिक जो बेहतर रोजगार की तलाश में इजराइल गये थे, इस समय जिंदगी के बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। हम भारत सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह इस गम्भीर प्रकरण पर तत्काल ध्यान दें और इजराइल में फंसे हमारे श्रमिक भाई जो जिंदगी और मौत के बीच फंसे हैं, उन्हें सुरक्षित बाहर निकाले।

### दिव्यांग बच्चों को मिलेंगे उपकरण

**बाराबंकी। अमृत विचार :** जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल की देखरेख में ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ेल में परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर उपकरण मापन कैंप का आयोजन एलिम्को कानपुर व समग्र शिक्षा अभियान के सहयोग से किया गया। जिसमें सभी ब्लॉकों के विद्यालयों में अध्यनरत 255 दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नामित एजेंसी के अताउर रहमान प्रोस्थोटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट, अशोक प्रताप सिंह ऑडियोलॉजिस्ट, आर्यन शर्मा डाटा इंट्री ऑपरेटर ने सभी बच्चों का परीक्षण कर उपकरण हेतु टोकन दिया। सभी बच्चों को 20 दिसंबर को ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ेल में बुलाकर उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

# सैलानी माता मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब


सैलानी माता मंदिर में उमड़े भक्त। अमृत विचार

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

▶▶ **नवरात्रि के मेले में सजी है कॉस्मेटिक, बर्तन, कपड़े की सजी दुकानें**

**अमृत विचार:** सैलानी माता मंदिर पर आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। मां के दरबार में माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं को लाइन में लगाकर घंटों अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ा। सुरक्षा की दृष्टि को लेकर कई थानों का पुलिस बल तैनात किया गया।

सतरिख थाना क्षेत्र के डल्लू खेड़ा गांव में गोमती नदी के तट पर प्रसिद्ध सैलानी माता का मंदिर है। यहां शारदीय नवरात्रि को लेकर नव दिवसीय मेला लगा रहता है। सोमवार के दिन जिले के अलावा अन्य दूरदराज के स्थानों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अधिक भीड़ होने के कारण मंदिर के दोनों तरफ श्रद्धालुओं की लंबी लाइने लगी रहीं। इस दौरान मां के जयकारों से माहौल गुंजायमान रहा। मेले में कॉस्मेटिक, बर्तन, कपड़े की आदि दुकानें सज़ी हुई है। मेले में झूला आकर्षण केंद्र बना हुआ है। सैलानी माता मंदिर पर आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। कमेटी के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने बताया कि मंदिर आने वाला हर मार्ग मां की जयकारों से गूंज रहा है। सड़क मार्ग पर भीड़ भी अत्याधिक लगी रही है। चौकी प्रभारी लखैचा सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से मेला में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

### कलाकारों की प्रस्तुतियों में झूमें भक्त

**संवाददाता, जैदपुर, बाराबंकी। अमृत विचार :** शीतला माता जागरण समिति द्वारा दसवां विशाल जागरण आयोजित किया गया। पीलीभीत से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक खूबसूरत झांकियों के साथ अपनी प्रस्तुति दी। रजत एण्ड ग्रुप पीलीभीत की शानदार प्रस्तुति ने जागरण में उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लखनऊ ग्रुप के एंकर ने मां पर भक्ति और धार्मिक गीतों का शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके साथ ही जैदपुर पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया। साइबर क्राइम और सुरक्षा व्यवस्था के विषय पर एसएसआई योगेंद्र मिश्रा और कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार गुप्ता ने जानकारी साझा की। सुबह माता जी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान दिनेश कुमार, राजू लोधी, राम सजीवन, हंसराज और टेकचंद रावत, सिपाही शैलैश यादव, दीवान जय नारायण सहित महिला पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

# झुकाया शीष, पंचम स्वरूप स्कंदमाता से मांगा आशीष


देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्रि में सोमवार को आदि शक्ति के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही।

सोमवार को शहर के बड़ी व छोटी देवी मंदिर, फतेहपुर कस्बे के उजली माता मंदिर, गुरसेल माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। देवी भक्तों ने मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा-अर्चना की और उपवास रखा। सबसे ज्यादा भीड़ शहर के बड़ी देवी मंदिर देखी गई। देवी मंदिर सुबह से लेकर शाम तक मां दुर्गा के जयकारों से गूंजते रहे। वहीं जिले भर के पूजा पंडालों में देर रात्रि तक जागरण, भजन, कीर्तन आदि के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इससे पहले मां की भव्य आरती उतारी गई।

## माता रानी के सजे दरबार में आयोजित जागरण में झूमे भक्त

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी


जागरण में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्बा के बेल चौराहे स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में माता रानी के सजे दरबार में रविवार रात आयोजित हुए विशाल जागरण में माहौल भक्तिमय हो गया। भजनों की धुन पर भक्त जमकर झूमे और मां के जयकारे भी लगाए।

वहीं जागरण की शुरूआत आरती से की गई। कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की झांकियों का सजीव मंचन किया गया। सोमवार को सुमली नदी में ज्योति विसर्जन कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर मिस्टर निगम, मनीष, रोहित, रजत, राम किशन, धर्मेंद्र, प्रमोद, श्याम, अमित, सुभाष, सचिन, अंशु, रितिक, सरोज, गोपी, अरविंद सहित कमेटी के लोग मौजूद रहे। वहीं सोमवार को ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सुमाली नदी में भारी पुलिस की मौजूदगी में विसर्जित की गई।

## मां के भजनों से हुआ कव्वालों को मुकाबला

**सूरतगंज, बाराबंकी: अमृत विचार :** रानीगंज में स्थित ठाकुर द्वारा प्रांगण में सजे मां वैष्णो देवी के दरबार में रविवार की जवाबी कव्वाली का आयोजन किया गया। माता रानी की कव्वाली सुनकर महफिल में हजारों लोग सुबह तक बैठे रहे। मां वैष्णों देवी की कव्वाली पर पंडाल तालियों से गूंज उठा।

क्षेत्र में मां दुर्गा पूजा महोत्सव पंडाल में सोमवार की रात जवाबी कव्वाली का आयोजन किया गया। कव्वाल शरीफ परवाज़ कानपुरी का मुकाबला महिला कव्वाला उजमा नाज फैजाबाद के बीच हुआ। वहीं माता रानी की कव्वाली सुनकर पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया।



### सुंदरकांड पाठ के बाद खुले मां के दरबार के कपाट

▶▶ **नगर पालिका परिषद में 55 वीं शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में हुईं प्रतियोगिताएं**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज सोमवार को सुंदरकांड पाठ के बाद शुरू हो गया है। नगर पालिका परिषद के सभागार में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के साथ अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जिसका दरबार सोमवार को खुल गया। यूथ एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस दुर्गा पूजा के साथ गमला व समान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसका शुभारंभ अधीशाषी अधिकारी संजय शुक्ला द्वारा मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि अलग-अलग प्रतियोगिताओं में 540 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। 8 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे मेहंदी जूनियर, सीनियर, पेंटिंग, फैंसी ड्रेस शाम 6:30 बजे आयोजित होगी। साथ ही 7:00 बजे उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस मौके पर पंकी गुप्ता, दिलीप श्रीवास्तव, रविनंन खजांची, शरदराज सिंह और प्रदीप जैन समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### नवयुग की मम्मियां कमाल कर रहीं...

**रामनगर, बाराबंकी। अमृत विचार :** शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन ग्राम पंचायत जुरौंडा में कवि सम्मेलन का आयोजन कवि रामपाल सिंह की अध्यक्षता एवं आकाश उमंग के संचालन में हुआ। पूर्व डीडीसीस रवीन्द्र सिंह और शीतला बक्श सिह ने मां वीणा पाणि के चित्र पर दीप प्रज्जवल्लित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। क्षेत्रीय कवियों ने अपने काव्य पाठ की रस धार बहाकर खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर राम मिलन, इन्द्रभान, शिव प्रकाश, श्रवण, संदीप आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजन संजय और सत्यव्रत के संयोजन में हुआ।

### लकी ड्रा में पूजा को बाइक, तो आदित्य को मिला फ्रिज


लकी ड्रा में निकली मौटरसाइकिल के साथ विजेता। अमृत विचार

**संवाददाता, देवा, बाराबंकी। अमृत विचार :** कस्बा देवा स्थित दुर्गाधाम मंदिर में 30 वां विशाल जागरण का आयोजन किया गया। सारेगामा बैंड अयोध्या की धुन पर कानपुर गायकों ने माता रानी के भजन सुनाकर शमा बांधा। नव युवक दुर्गा जागरण समित के द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सहयोग राशि देने वाले भक्तों को लकी ड्रा के द्वारा विजेताओं को इनाम दिया जाता है। जिसमें मोटर साइकिल से लेकर अन्य इनाम शामिल होते हैं। लकी ड्रॉ प्रतियोगिता में देवा क्षेत्र की कोनागांव की रहने वाली पूजा कुमारी को मोटर साइकिल प्रदान की गई। द्वितीय पुरस्कार के रूप में बिशनपुर के रहने वाले आदित्य जायसवाल को फ्रिज दी गई और बाराबंकी के रहने वाले तनिष्क शर्मा को तीसरे पुरस्कार के रूप में एलईडी प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य विजेताओं को कूलर, सिलाई मशीन, गैस चूल्हा, हेलमेट, कुर्सी और प्रेस वितरित किए गए।

### दुराचार मामले में एक को 20 वर्ष कठोर कारावास

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** न्यायालय ने नाबालिग से दुराचार के प्रकरण में एक दोष सिद्ध अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 30 रुपये अर्थदण्ड अदा करने का आदेश दिया है। थाना लोनीकटरा पर नाबालिग से दुराचार की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत रिपोर्ट एवं पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त गोलू उर्फ प्रदीप पुत्र विष्णु कुमार निवासी ग्राम परीवां थाना लोनीकटरा को दर्ज धाराओं में अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-44 ने दोष सिद्ध करते हुए 20 वर्ष कठोर कारावास व 30 रुपया अर्थदण्ड से दण्डित किया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 5 जून 2019 को वादी ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अभियुक्त द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी।

### मुंडन कराने गए परिवार पर लाठी डंडों से हमला, आठ जख्मी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। अमृत विचार :** मुंडन कराने गए लोगों पर ट्रैक्टर आगे निकालने के विवाद में हाथापाई के बाद एक पक्ष भारी पड़ गया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने वापस जा रहे लोगों पर लाठी डंडे से हमला कर दिया और फरार हो गए। हमले में तीन महिलाओं समेत आठ लोग घायल हुए, इन्हे इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार यह घटना बदोसरांय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमरा कटेहरा स्थित देवी मंदिर से शुरु हुई। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लापुर के रहने वाले कुलदीप अपने परिवार के साथ मुंडन कराने मंदिर गए थे। यहां पर ट्रैक्टर आगे निकालने को लेकर उनका कुछ लोगों से विवाद और हाथापाई हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिटाई से घायल कुलदीप, अनूप, विजयेन्द्र, रामसजीवन, हिमांशु, प्रेमलता, मनीषा, सीमा को संयुक्त चिकित्सालय इलाज के लिए भिजवाया। यहां पर इनका इलाज चल रहा है। एसओ संतोष कुमार ने बताया कि अज्ञात लोगों ने हमला किया है। घायलों का ईलाज हो रहा है।

### अजय बने रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**संवाददाता, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** ग्राम रोजगार सेवक संघ की बैठक ब्लॉक सभागार में जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शकील अहमद को संगठन का प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया। पूर्व से निष्क्रिय पड़ी ब्लॉक कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अजय कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष व प्रेमलता मौर्या को महामंत्री मनोनीत किया गया। साथ ही मुकेश चंद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, योगेंद्र प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, राजकुमार को ब्लॉक संगठन प्रभारी एवं रामविलास को ब्लाक कोषाध्यक्ष नामित किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित ग्राम रोजगार सेवकों ने नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएँ दी। जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ने बताया कि ब्लॉक सिरौलीगौसपुर में काफी दिनों से ब्लॉक की कार्य कारिणी निष्क्रिय हो गई थी। जिससे संगठन के कार्य नहीं हो पा रहे थे। नई कार्यकारिणी के ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव को बनाया गया। वहीं अन्य पदाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। बैठक में जितेंद्र, दिलीप, पंकज, अशोक, रमाकांत, लवलेश, राजेंद्र, ज्योती, रेखा, सविता, बीरबल व शिवकुमार सहित दर्जनों रोजगार सेवक उपस्थित रहे।



## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**मसौली, बाराबंकी: अमृत विचार :** दुर्गा पूजा महोत्सव की पंचमी के मौके पर भवानी नीम दुर्गा मंदिर मुंजापुर परिसर में कलश यात्रा के साथ पंच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक आचार्य मयंक शरण शास्त्री के द्वारा कलश यात्रा एवं वेदी पूजन मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। भवानी नीम दुर्गा मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा कल्याणी नदी स्थित कोलेहार घाट से जल लेकर वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ कथावाचक राजकुमार मिश्र शास्त्री किया। इस मौके पर आयोजक छोटेलाल वर्मा, पुजारी राजकुमार शर्मा, सोहित, मोहित, बाबूलाल, नरेंद्र, मंटू, कुशन, डॉ. नितेश समेत कई लोग मौजूद रहे।

# नैना व अभिषेक दो-दो खेलों में रहे अव्वल

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी


विजेता खिलाड़ियों के साथ बीईओ हरख अर्चना यादव।

▶▶ **दौड़ और लंबीकूदप्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन**

**अमृत विचार:** न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र में सरस्वती पूजन के साथ संपन्न हुआ। इसके बाद सभी खिलाड़ियों से परिचय करवाया गया। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

विकास खंड हरख के ब्लॉक संसाधन केंद्र सतरिख में खंड शिक्षा अधिकारी हरख अर्चना यादव, खेल प्रभारी हरिकृष्ण श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ अध्यापक सुरेश अस्थाना, कुलदीप पटेल तथा संगीता श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद का उद्घाटन किया। 50 मीटर बालक वर्ग दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बड़ापुरा के अभिषेक तो बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय गाल्हामऊ की नैना ने प्रथम स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में गाल्हामऊ की अदिति और प्राथमिक विद्यालय सतरिख प्रथम के अयान ने प्रथम स्थान पाया। 200 मी. दौड़ में नैना तथा 400 मीटर प्राथमिक विद्यालय बड़ापुरा के अभिषेक ने प्रथम स्थान पर बाज़ी मारी लंबी कूद बालक वर्ग में अभिषेक ने फिर से प्रथम स्थान पर रहे। नैना दो खेलों में तो अभिषेक तीन खेलों में एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता को लेकर खेल अनुदेशक श्वेता, रमाकांत, आदित्य प्रकाश, निधि, भावना का योगदान रहा।

### घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**जैदपुर, बाराबंकी : अमृत विचार।** तीन दिन पूर्व घर का सामान लेने बाइक से निकले युवक को ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर दशा में जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर किए गए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सर्वेश कुमार पुत्र बेचन लाल निवासी झलिया थाना सफदरगंज ने जैदपुर पुलिस को एक दिन पूर्व बताया कि 3 अक्टूबर की को उसका भाई उमेश 23 वर्ष सामान लेने के लिए बाइक से भनौली चौराहा तक गया था। तभी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त होने के साथ ही उमेश को गंभीर चोटें आई। उसे इलाज के लिए बाराबंकी जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने घायल को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां पर इलाज के दौरान उमेश की मौत हो गई। थाना जैदपुर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक कलीम पुत्र हबीब के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**उर्स** — उमड़ेगा जायरीनों का सैलाब

# 21 को निकलेगी ऐतिहासिक पालकी यात्रा

संवाददाता, देवा, बाराबंकी


आस्ताना सैयद कुर्बान अली शाह उर्फ दादा मियां।

**अमृत विचार :** जो रब है वही राम का संदेश देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली उर्फ दादा मियां की याद में लगने देवा मेला की शुरुआत 18 अक्टूबर से हो रही है। इस दौरान वारिस पाक के वालिद हजरत सैय्यद कुर्बान अली शाह दादा मियां की दरगाह पर होने वाले कार्यक्रमों के तिथि और समय की घोषणा भी कर दी गई है।

सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के वालिद सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में आयोजित होने वाले कार्तिक उर्स के दौरान हजरत कुर्बान अली शाह के आस्ताने पर भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन होता है। सज्जादानशीन हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह के बेटे सैय्यद अमान गनी ने बताया कि 19 अक्टूबर को हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह की ओर से दादा मियां के आस्ताने पर जुलूस के साथ चादर पेश की जाएगी। इसके बाद कार्तिक उर्स की शुरुआत हो जायेगी। 20 को मीलाद शरीफ का आयोजन हाजी उस्मान गनी शाह के निवास स्थान पर स्थित समा खाने में होगा। 21 को हजरत वारिस पाक की भव्य पालकी यात्रा निकलेगी। दादामियां दरगाह के सज्जादानशीन हाजी उस्मान गनी शाह हाजी वारिस अली शाह के आस्ताने पर हाजिरी देने के बाद हजरत सैय्यद कुर्बान अली शाह दादा मियां की मजार पर पहुंच कर चादर पेश करेंगे। उसके बाद दादामियां के सालाना उर्स शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। रात में सज्जादानशीन के निवास स्थान पर स्थित दरगाह हजरत हाजी सैय्यद अली अहमद शाह पर महफिले समा का आयोजन होगा। 22 को महफिले समा और हजरत खादिम अली शाह, हजरत सैय्यद मोहम्मद इब्राहिम शाह, हजरत सैय्यद अली अहमद शाह, हजरत सैय्यद वसी अहमद शाह आदि के कुल शरीफ होंगे। इसके बाद कव्वाली का दौर रात भर जारी रहेगा। रात में तीन बजे कुरान ख्वानी व 4 बजकर 13 मिनट पर हजरत हाजी सैय्यद वारिस अली शाह का कुल शरीफ होगा 24 को आस्ताना हजरत सैय्यद कुर्बान अली शाह दादा मियां का गुस्ल होगा इसके बाद अकीदत मंदों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# कैंप लगाकर लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता


कैंप का उद्घाटन करते जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य व निवर्तमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत।

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** भाजपा की सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण जोरों पर है। इसमें कॉलेज, मॉल जैसे सार्वजनिक स्थलों पर कैंप लगाकर सदस्यता दिलाए जाने पर संगठन का जोर है।

सोमवार को विकास भवन मोड़ के निकट स्थित स्पेंसर मॉल के सामने भाजपा ने कैंप लगाकर सदस्यता की। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य और निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने दोपहर बाद फीता काटकर कैंप का उद्घाटन किया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को कैंप में 162 लोगों को सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, सह संयोजक शिव स्वामी वर्मा, नगर अध्यक्ष विष्णु प्रभाकर वर्मा, नवीन सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

माता शत्रु : पिता वैरी येनवालो न पाठित : ।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये वको यथा ॥

बच्चे को न पढ़ानेवाली माता शत्रु तथा पिता वैरी के समान होते हैं । बिना पढ़ा व्यक्ति पढ़े लोगों के बीच में कौए के समान शोभा नहीं पता ।

## संपादकीय

# मुइज्जू का भारत दौरा

मालदीव हिंद महासागर में अत्यधिक रणनीतिक महत्व रखता है, जो अरब सागर और उससे आगे के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। मालदीव भारत की मुख्य भूमि से दक्षिण-पश्चिम तट के करीब हिंद महासागर में स्थित द्वीप समूह से बना एक देश है। मालदीव के साथ भारत के रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मालदीव के नेताओं की टिप्पणी के बाद दोनों देशों के रिश्तों में दूरियां आ गई थीं। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत दौरे से मालदीव और भारत के रिश्तों में आई कड़ुवाहट दूर करने की रणनीति सफल होती दिख रही है। सोमवार को भारत और मालदीव ने द्विपक्षीय सहयोग को 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा की। पिछली कड़वी बातों को भुलाकर मालदीव के राष्ट्रपति का आगे बढ़ना उनका कूटनीतिक यू-टर्न कहा जा रहा है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'सागर' विज़न में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। जब भी कोई संकट आया, जैसे-सुनामी या पेयजल की कमी, भारत ने मालदीव की सहायता की है। इस बीच बदले वैश्विक हालात में भारत के पड़ोसी देशों में चीन के सामरिक दखल में वृद्धि देखने को मिली है। मालदीव, भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता का केंद्र बनता दिखा। दोनों देशों के रिश्तों में हुई उथल-पुथल के चलते भारतीय सैन्यकर्मियों को मालदीव से निकालना और इंडिया आउट मोहम्मद मुइज्जू के चुनावी कैंपेन का हिस्सा रहा। इसके बावजूद भारत ने द्विपक्षीय रिश्ते को फिर से पटरी पर लाने के लिए कूटनीति प्रयास जारी रखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुइज्जू से मुलाकात की थी और पेचीदा मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया। अब भारत पहुंचने पर राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को कमजोर करने वाला कोई काम नहीं करेगा।

दरअसल मालदीव पर भारी कर्ज है। ऐसे में मालदीव को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू को इस बात का अहसास रहा कि दोनों पक्ष शांति के फायदों पर गौर करें। दोनों देशो के बीच पनपे तनाव सिर्फ उन समस्याओं के लक्षण हैं, जो बड़ी बन सकती हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि मुइज्जू की यात्रा से हमारे संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। मालदीव के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए भारत अपना हरसंभव सहयोग देता रहेगा। हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगें। वास्तव में पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप दक्षिण एशिया और आसपास की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत की इंडो-पैसिफिक सुरक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दृष्टि से द्विपक्षीय संबंधों में आया बदलाव भारत और मालदीव दोनों के लिए अच्छा है।

# गर्मी के बढ़ते दिन और परेशानियां



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह संभलने का वक्त है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है।

वायु सेना के शो के दौरान चेन्नई में तेज गर्मी के चलते छह लोग मारे गए और 100 से अधिक बीमार हो गए । बस्तर में कभी दशहरे के पास का मौसम बहुत सुहाना होता था, आज वहां तापमान 35 के पार है और गर्मी की चुभन 40 जैसी। अभी एक हफ्ते पहले ही उत्तर पूर्वी राज्यों में सबसे भीगा और पसंदीदा मौसम कहलाने वाले समय में गुवाहाटी समेत कई जिलों में स्कूल बंद करने पड़े क्योंकि तापमान 45 से पार हो गया। उत्तराखंड में देहरादून में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और पंतनगर का अधिकतम तापमान 37.2 होना असामान्य है। कश्मीर में मौसमी तपिश लोगों को बेहाल किए है। यहां इस मौसम के तापमान से कोई 6.6 डिग्री अधिक गर्मी दर्ज की गई है और हालात लू जैसे हैं। कुपवाड़ा में 33.3, पहलगाम में 29.5 और गुलमार्ग में 23.6 तापमान असहनीय सा है। हिमाचल प्रदेश में सितंबर के महीने में जून सी गर्मी है। ऊना समेत प्रदेश के पांच जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मंगलवार को ऊना का तापमान 38 डिग्री को पार कर गया। जबकि कांगड़ा, मंडी, चंबा और बिलासपुर में भी तापमान 35 डिग्री पर पहुंच रहा है। सामान्य तौर पर सितंबर माह में हल्की सर्दी का दौर शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। शिमला में भी तापमान 28 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। जो सामान्य से कहीं अधिक है।

यह संभलने का वक्त है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है। प्लास्टिक बोतलों में बिकने वाला पानी हो या फिर आम लोगों द्वारा सहेज कर रखा गया जल, तीखी गर्मी ने प्लास्टिक बोतल में उबाल गए पानी के जहर बना दिया। पानी का तापमान बढ़ना तालाब-नदियों की सेहत खराब कर रहा है। एक तो वाष्पीकरण तेज हो रहा है, दूसरा पानी अधिक गरम होने से जल में विकसित होने वाले जीव-जन्तु और वनस्पति मर रहे हैं।




आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय या गया ही कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन , कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार करना होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जीलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, उर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।

तीखी गर्मी भोजन की पौष्टिकता की भी दुश्मन है। तीखी गर्मी में गेहूं, कहने के दाने छोटे हो रहे हैं और उनके पौष्टिक गुण घट रहे हैं। वैसे भी तीखी गर्मी में पका हुआ खान जल्दी सड़-बुस रहा है। फल-सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं। खासकर गर्मी में आने वाले वे फल जिन्हे केमिकल लगा कर पकाया जा रहा है, इतने उच्च तापमान में जहर बन रहे हैं और उनका सेवन करने वालों के अस्पताल का बिल बढ़ रहा है।

इस बार की गर्मी की एक और त्रासदी है कि इसमें रात का तापमान कम नहीं हो रहा, चाहे पहाड़ हो या मैदानी महानगर, बीते दो महीनों से न्यूनतम तापमान सामनी से पांच डिग्री तक अधिक रहा ही है। खासकर सुबह चार बजे भी लू का एहसास होता है और इसका कुप्रभाव यह है कि बड़ी आबादी की नींद पूरी नहीं हो पा रही। खासकर स्लम, नायलॉन आदि के किनारे रहने वाले मेहनतकश लोग उनींदे से सारे दिन रहते है और इससे उनकी कार्य क्षमता पर तो असर हो ही रहा है, शरीर में कई विकार या रहे है। जो लोग सोचते हैं कि वातानुकूलित संयत्र से वे इस गर्मी की मार से सुरक्षित है, तो यह बड़ा भ्रम है। लंबे समय तक एयर कंडीशनर वाले कमरों में रहने से शरीर की नस-नाड़ियों में संकुचन, मधुमेह और जोड़ों के दर्द का खामियाजा ताजिंदगी भोगना पड़ सकता है।

मार्च-24 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया है कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। चूंकि आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते।

भारत के बड़े हिस्से में दूरस्थ अंचल तक लगातार बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक त्रासदी-असमानता और संकट का कारक भी बन रहा है। यह गर्मी अकेले शरीर को नहीं प्रभावित कर रही इससे इंसान की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, पानी और बिजली की मांग बढती है, उत्पादन लागत भी बढ़ती है ।

सवाल यह है कि प्रकृति के इस बदलते रूप के सामने इंसान क्या करे? यह समझना होगा कि मौसम के बदलते मिजाज को जानलेवा हद तक ले जाने वाली हरकतें तो इंसान ने ही की है। फिर यह भी जान लें कि प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है, कोई भी आधुनिक विज्ञान इस तरह की दिक्कतों का हाल नहीं खोज सकता।

आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय या गया ही कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन , कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार करना होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जीलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, उर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।

## प्रसंगवश

# संस्कृति के प्रति असंवेदनशील

एक ओर वे लोग हैं, जो जनता के जीवन में घुले-मिले प्रत्येक सांस्कृतिक पक्ष को झुठलाने का प्रयास करते हैं। जनता के जीवन से उलटे चलने को प्रगतिशीलता समझते हैं। जनता को हीनभावना से देखते हैं और अपने को सुपर समझ लेते हैं। खाए अघाए लोग हैं, पेट भरा है। त्योहार को देखते ही बक्कबाय लग जाती है। दूसरी ओर संस्कृति का झंडा उठाए हुए वे लोग हैं, जो संस्कृति के कुछ प्रतीकों और उपलक्षणों को ही संस्कृति समझते हैं, इसके अतिरिक्त कुछ भी सुनने और समझने को तैयार नहीं हैं। कट्टर हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय चिंतन उनके लिए नारा है, केवल नारा। वरना वे यह समझने की कोशिश करते कि भागवत (5-14-26) ने वित्तशाठ्य जैसी अवधारणा भी दी है- विद्वेषमेति वित्तशाठ्यात्। वित्तशाठ्य को आप आज कालेधन का नाम दें या भ्रष्टाचार कहें या घोटाला कहें, उन्होंने माना कि वित्तशाठ्य के प्रति तनिक भी सहानुभूति रखना अधर्म है। वेदव्यास ने कहा कि बहुत बडा संग्रह किया है तो इसका मतलब है कि उसने दूसरों के श्रम का अपहरण किया है। वे स्पष्ट करते हैं कि वह आदमी कितने भी बहाने बनाए, यह निश्चित ही है कि दूसरों को पीडित किए बिना बहुत बडा संग्रहःपूंजी बन ही नहीं सकती-

ना छित्वा पर-मर्माणि नाकृत्वा कर्म दुष्करं,/ ना हत्वा मत्स्यघातीव प्राप्नोति महतीं श्रियम्। (राजधर्म 14-14-14-130-36) नवधनाढ्य-वर्ग के युवा अति संपन्न देशों की बन्दर-नकल को ही संस्कृति समझ रहे हैं। जो निवेश और तकनीक हम पश्चिम से उधार ले रहे हैं, वह संपन्न-देशों की संस्कृति को साथ लेकर आ रही है और भारत की लोक संस्कृति पर हमला कर रही है? परिवार जैसी संस्था हिलने लगी है। संस्कृति को बाजार का माल बना दिया गया है। रामलीला हो या गरबा नृत्य दोनों के बाजार मेरे सामने ही सज गए हैं, दोनों को देख रहा हूं। राजनैतिक सत्ता और बाजार की सत्ता ने मिलकर अपसंस्कृति को प्रोत्साहित किया है। अपनी संस्कृति पर गर्व करने वाले देश की यह कैसी विडंबना है कि विश्वविद्यालयोंमें लोकसंस्कृति को स्वायत्त अनुशासन का दर्जा नहीं मिल सका है। जनता की संस्कृति के प्रति सभी असंवेदनशील हैं। रूढ़िवाद, प्रतिगामिता और मजहबी-उन्माद का जन्म सांस्कृतिक-शून्य में होता है।

# युद्ध जनित वैश्विक वातावरण के प्रभाव



डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

हमें यह समझना होगा कि तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियां मानव के जीवन को सुरक्षित, सुविधा युक्त और आनंद बनाने के लिए हैं।

आज विश्व में कुछ देशों के मध्य चल रहे युद्ध ने न केवल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप सम्मिलित देशों को परेशान कर रखा है अपितु विश्व के समस्त छोटे-बड़े देश चिंतित नजर आते हैं। चिंता का विषय न सिर्फ युद्ध देशों से आ रही बम, गोलों, राकेट, मिसाइल के धमाके, आग की लपटे, घना घुंआ और खंडहर होते भवन और शहर हैं, नष्ट होते पेड़-पौधे, जीव-जंतु, पशु-पक्षी हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मिटती, उजड़ती जिंदगियां हैं अपितु कराहती, रोती, बिलखती मानवता है और आहट सुनाई देती परमाणु/ विश्व युद्ध की आशंका भी है।

आज विश्व में इजराइल-हमास और रुस-यूक्रेन युद्ध अपने चरम पर दिखाई दे रहे हैं। कहने को तो यह युद्ध वन टू वन है पर धरातल पर स्थितियां कुछ अलग है। विश्व के सभी देश चिंतित और परेशान हैं। कुछ ऐसे भी देश हैं जो इन युद्धों की आग में घी डालकर इसे और भयावह बनाने के साथ युद्ध देशों में सुलह के रास्ते बंद कर रहे हैं।

जहां रूस-यूक्रेन युद्ध में युक्रेन के पक्ष में परोक्षरूप से साथ दे रहे हैं अधिकांश नाटों सदस्य देश, वहीं रूस का खुलकर साथ दे रहे हैं चीन, ईरान और नोर्थ कोरिया। इसी तरह हमास-इजराइल युद्ध में हमास का खुलकर साथ दे रहे हैं लेबनान, ईरान,यमन वहीं इजरायल को समर्थन मिल रहा अमेरिका का। कुछ देश ऐसे भी हैं जो प्रत्यक्ष तौर पर तो किसी देश का समर्थन नहीं कर रहे हैं किन्तु चोरी-छुपे युद्ध में अपना अंशदान अवश्य दे रहे हैं। इन्हीं स्थितयों के देखते हुए तीसरे विश्व युद्ध के साथ परमाणु युद्ध होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इन युद्धों ने विश्व के अधिकांश देशों का प्रगति और विकास से ध्यान हटाकर अपने अस्तित्व और सीमाओं को सुरक्षित करने के प्रयासों में लगा दिया है। इन युद्धों से निर्मित स्थितियों ने देशों को भविष्य में अपनी आन-बान-शान और सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए नए सिरे सोचना, योजनाएं बनाना, सुरक्षात्मक संसाधन जुटाना आरंभ कर दिया है। विदेश नीति को नए सिरे लिखने के लिए मजबूर कर दिया है। इन युद्धों को देख कर लगता है कि मानव के वैज्ञानिक मन ने प्रकृति, मानव और मानवता को नष्ट करने के कितने सारे अविष्कार कर रखें है। यहीं पर नहीं रुकते हुए भविष्य के लिए आज जो खतरनाक अस्त्र-शस्त्र हैं उनसे और अधिक खतरनाक अस्त्र-शस्त्र बनाने के लिए मन बना लिया है।

आज के वैश्विक वातावरण तथा परिस्थितियों से उठते कई प्रश्नों ने विश्व के शांति प्रिय, विकास और विश्वबन्धुत्व में विश्वास रखने वाले देशों की नींद उड़ा रखी है और चिंतन करने के लिए मजबूर कर दिया है कि विश्व को अशांत कर कोई भी देश कैसे खुश रह सकता है? क्या परोक्ष या अपरोक्ष रूप से युद्ध में सम्मिलित देश सच्चे अर्थों में पर्यावरण, प्रकृति और मानवता के शुभचिंतक हैं? क्या युद्धों में नष्ट हो रहे प्राकृतिक संसाधन भविष्य में आने वाली पीढ़ी के जीवन को अधिक कष्टदायक नहीं बनाएंगे? क्या जैविक विकास की प्राकृतिक प्रक्रिया बाधित नहीं होगी? क्या युद्ध के कारण तमाम बिगड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं विभिन्न नई समस्याओं को जन्म नहीं देगी? क्या अंतर्देशीय व्यापारिक मार्ग तथा व्यापार प्रभावित नहीं होगा? क्या देश अपने यहां विकास पर ध्यान देने के स्थान पर हथियारों की क्रय-विक्रय की होड़ में सम्मिलित नहीं हो जाएंगे? क्या विस्थापन और शरणार्थी संकट परेशान नहीं करेगा? ऐसे में क्या नये संघर्षों की संभावनाओं के जन्म लेने से इंकार किया जा सकता है? क्या देशों को अन्य खतरनाक हथियारों के साथ परमाणु, जैविक, रसायनिक, इलेक्ट्रॉनिक, साइबर, मानवरहित वैपन का खतरा नहीं सताएगा? क्या समाज और राष्ट्र के विभाजन के खतरे और नहीं बढ़ेंगे? क्या पोस्ट ड्रैमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के साथ मानसिक और शारीरिक बीमारियों में वृद्धि नहीं होगी? युद्ध का परिणाम केवल विकास, व्यवस्थाओं और बाह्य संरचनाओं पर ही नहीं होगा वरन मनुष्य की आंतरिक संरचनाएं भी बदल जाएंगी-उसके मन की करुणा, दया, सहयोग, सद्भाव आदि मानवीय मूल्य और गुण केवल इतिहास की बातें बन जाएंगी। जीवन भय, आशंका और असुरक्षा के साये में सिमट जाएगा। जीवन का आनंद ही समाप्त हो जाएगा। अतः हमें यह समझना होगा कि तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियां मानव के जीवन को सुरक्षित, सुविधा युक्त और आनंद बनाने के लिए हैं। अतः हर देश को अपने संसाधन और क्षेत्रफल से संतुष्ट रहना सीखना होगा तथा बड़े सक्षम और सशक्त देशों को अपने से छोटे और कमजोर देश की मदद करनी होगी तभी मानव और मानवता के साथ यह सृष्टि सुरक्षित रह सकती है।

## सोशल फोरम

# सैन्य नशा और लंबा हैंगओवर

अपने प्रतिशोध को सीमित करने के लिए ईरान का रास्ते से हटकर जाने का निर्णय इजराइल के लिए एक दुविधा का प्रतिनिधित्व करता है। इजराइल जानता है कि वह अकेले ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर नहीं कर सकता। हालांकि, इजराइल ईरान पर बड़े पैमाने पर हमला कर सकता है, ताकि नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए नेतन्याहू के अक्टूबर सरप्राइज़ के हिस्से के रूप में बिडेन और कमला हैरिस के अभियान को शर्मिंदा किया जा सके। खासकर तब जब ऐसी कार्रवाई से ईरान के जवाबी हमले को बढ़ावा मिलना तय है, जो इजराइल के नागरिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगा। एक हमला और जवाबी हमला युद्ध को गर्म चुनावी बहस के मंच पर ले जाएगा, जिससे संभावित रूप से ट्रंप को फायदा होगा और हैरिस को नुकसान होगा।



प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

ईरान में बेतहाशा तबाही मचाने की इजराइल की क्षमता के बारे में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। लेकिन अगर ईरान इजराइल द्वारा किए गए नुकसान के केवल दस प्रतिशत के साथ जवाब देने में सक्षम था, तो इजराइल के लिए विनाश बहुत अधिक विनाशकारी होगा। क्योंकि ईरान के विशाल विस्तार और संसाधनों के विपरीत, इजराइल के पास केवल एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक रिफाइनरी, मुट्ठी भर प्राकृतिक गैस रिग, कुछ बिजली संयंत्र और बंदरगाह, एक प्रमुख परमाणु सुविधा, दो प्रमुख आर्थिक शहर और मुट्ठी भर जल विलवणीकरण संयंत्र हैं। पिछले हफ्ते के युद्धाभ्यास में ईरान ने इज़राइली हवाई रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने की क्षमता का प्रदर्शन किया । अगर आईआरजीसी, लेबनानी प्रतिरोध के साथ समन्वय में, प्रत्येक प्रमुख बुनियादी ढांचे के स्थल पर केवल दस विस्फोटक उपकरण पहुंचाने में कामयाब हो जाता है, तो यह एक करारा झटका होगा, जो संभवतः इज़राइल को लंबे समय तक पंगु बना देगा। ऐसी संभावित स्थिति नेतन्याहू को उनके नशे से बाहर निकाल देगी और उन्हें लंबे समय तक नशे में रहने का एहसास कराएगी।

-फेसबुक वॉल से

# दर्दनाक आतंकी हमले का एक साल

एक वर्ष पूर्व दुनिया ने हमास के आतंकवादियों द्वारा इज़रायलियों पर किए गए भयंकर और दुर्दांत हमले को देखा था जिसमें 1200 बच्चे, महिलाएं, अधेड़ और बुजुर्ग बेवजह मारे गए थे, 250 अपृहत कर लिए गए थे। यह सब आराम से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देख रहे थे और ना उन्होंने और ना ही उनके घर वालों ने कभी स्वप्न में भी सोचा होगा कि अब ये कभी घर नहीं लौटेंगे।



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

इज़राइल भी ईरान का नक्शा बिगड़ने की बात कर रहा है और अमेरिका और यूरोप केनबहुटन्से देशों ने इज़राइल को समर्थन देने की बात की है।

ऐसी अविश्वसनीय नृशंस हत्याएं देखकर दुनिया सन्न रह गई थी। इस घटना को एक वर्ष पूरा हो गया है और इज़रायली आतंक का समूल नाश करने के अपने संकल्प से अकेले लड़ते लड़ते बिना थके सब परेशानियों के बाद अपना प्रयास अनवरत जारी रखे हुए हैं। हमास के इस आतंकवादियों को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठन हिज़्बुल्लाह और हुती ने अपना खुला समर्थन दिया और ईरान के नेतृत्व में कुछ मुस्लिम राष्ट्र भी इन आतंकवादियों को परोक्ष समर्थन देने लगे।

आतंक को समाप्त करने और स्वयं की रक्षा की भीष्म प्रतिज्ञा लिए इज़राइल के यहूदियों के मज़बूत इरादों को यह सब मिलकर भी विचलित नहीं कर पाएं हैं। एक साल के आतंक के ख़िलाफ़ भीषण जंग में इज़राइल ने बहुत हद तक हमास के आतंकियों पर हमला कर इसकी कमर तोड़ दी है, इनके कमांडर ढेर कर दिए हैं लेकिन अभी यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं और इनको ऊर्जा हिज़्बुल्लाह और ईरान समर्थित देशों से प्राप्त हो रही है।

हमास का एक बहुत बड़ा समर्थक लेबनान में बैठा हिज़्बुल्लाह संगठन है जिसका नेता नस्रुल्लाह लगातार हमास की मदद करता रहा है और पिछले एक साल में इसने इज़रायल पर आतंकी भूख शांत करने के लिए हज़ारों मिसाइलों से इज़राइल पर हर दिन लगभग तीस हमले किए , इज़राइलियों का सुरक्षा कवच इतना मज़बूत है की ये हमले इज़राइल का कुछ बिगाड़ नहीं सके और दीपावली पर सीले हुए पटाखों की तरह फुस्स हो गए। लेकिन आतंक को समाप्त करने की फ़ौलादी इज़राइली प्रतिज्ञा इतनी मज़बूत थी की ज़मीन से सैंकड़ों फीट नीचे गड्ढे में छिपे बैठे हिज़्बुल्लाह के सर्वोच्च कमांडर को वहां भी नेस्तनाबूद कर दिया ।

अपने शागिर्द की मौत के सदमे से बोखलाए ईरान के आयातुल्लाह खोमनेई ने एक ही दिन में एक ही समय पर लगभग दो सौ मिसाइलें दाग कर आतंकवाद को अपना खुला समर्थन ज़ाहिर किया एवं और हमलों की धमकी भी दे रहा है।

उधर इज़राइल भी ईरान का नक्शा बिगड़ने की बात कर रहा है और अमेरिका और यूरोप केनबहुटन्से देशों ने इज़राइल को समर्थन देने की बात की है। इज़राइल कह रहा है की ईरान पर अपनी सुविधानुसार समय और तारीख़ पर हमला करेगा इस धमकी के बाद विश्व को लगभग तीसरे विश्व युद्ध की दस्तक सुनाई दे रही है।

कुछ नहीं कह सकते क्या होगा लेकिन उम्मीद के अनुसार मुझे नहीं लगता कि आतंक के ख़िलाफ़ अपने प्रयास की सालगिरह पर इज़राइल ईरान पर कोई हमला करेगा लेकिन करेगा ज़रूर। इस आतंक के ख़िलाफ़ धर्म युद्ध की कर्मभूमि कहीं भी हो लेकिन गजवाए हिन्द के समर्थक भारत में भी नस्रुल्लाह की मौत पर फ़ातिहा पढ़कर आतंकवाद को समर्थन दे रहे हैं। यह चिंतनीय है। संयुक्त राष्ट्र संघ बिना इच्छा शक्ति का काग़ज़ी शेर दिखता है विश्व के शांतिप्रिय लोगों को सारी दुनिया से आतंक के ख़ात्मे का संकल्प लेने का दिन है सात अक्तूबर।

# बड़ी विकट स्थिति

नवरात्र महोत्सव की धूम है। कुछ राज्यों में इस त्योहार पर गरबा व डांडिया नृत्य का सामूहिक आयोजन होता है और इसे धूमधाम से मनाया जाता है। आयोजकों की यह जिम्मेदारी है, वे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें कि ऐसे धार्मिक व संवेदनशील कार्यक्रम में अवांछित तत्व न घुसें और बेहतर तो यही होगा कि परिचित/ आमंत्रित व्यक्ति ही पंडाल मे प्रवेश पाएं।

बहस तो बहुत दिनों से चल रही थी, लेकिन टीवी चैनलों पर कुछ ऐसे मुखौटा प्रेमी, विघ्नसंतोषी जीव गरबा पंडालों के आयोजन स्थल पर उपस्थित दिखे, जो गोमूत्र चखाकर हिन्दुत्व की शुद्धता परखने व तत्पश्चात पूजा पंडाल में प्रवेश के लिए हुडदंग कर रहे थे। मेरा सुझाव है कि जो भी गोमूत्र-पान पर जोर दे, आयोजन स्थल पर तैनात स्वयंसेवक व पुलिसकर्मी पहले उन्हें सार्वजनिक रूप से गोमूत्र पिलाकर उनके हिन्दुत्व को जरूर परखें और गोमूत्र की शुद्धता की गारंटी के लिए आसपास आठ दस गायें खूंटे से बांधकर रखें। इन हुड़दंगियों को इस बात की चिंता नहीं है कि आस्था के उत्सव में भाग लेने जा रहे श्रद्धालुओं की भावनाएं इस प्रकार की ओछी हरकतों से कितनी आहत होती होंगी। पवित्रता 'गो' में है, मूत्र में नही। गाय के मूत्र को भी संशोधित व परिष्कृत किया जाता है। गो शब्द अनेकार्थी है, किरण, जो अज्ञान व अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर उन्मुख करती है, इन्द्रिय जो कर्तव्य -अकर्तव्य का विवेक उत्पन्न करती है, आदि इसके पर्यायवाची हैं। अनेक लोग स्वाम्बु को शिवाम्बु कहकर सेवन करते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पुंसवन से लेकर अंतिम संस्कार तक ही नहीं, पितृपक्ष में पितरों के पूजन के कारण ही नहीं, पुनर्जन्म व चौरासी लाख योनियों में विश्वास के कारण हम सनातनी हिंदू थे, हैं और रहेंगे। इसके लिए न तो किसी के प्रमाण पत्र की आवश्यकता है और न परीक्षण की। जो इससे इतर मापदंड स्थापित करता हो, उसके हिंदू होने का परीक्षण अवश्य किया जाना चाहिए।

# तुम्हें याद हो कि न याद हो

पिछली सदी की ग़ज़ल गायिकी में एक आवाज़ ऐसी भी हुआ करती थी जैसी आधी रात किसी वीराने से आहिस्ता-आहिस्ता उठती उनींदी-सी कोई पुकार। जैसी मुहब्बत में चोट खाई हुई माशूका की दबी-सी एक चीख। जैसे फुसफुसा कर बातें करता पलकों का कोई भींगा-सा कोना। एक सबसे गीली, पुरसुकून आवाज़, एक सबसे अलग अंदाज। ग़ज़ल गायिकी की विधा को जिन कुछ फनकारों ने जान, तेवर और हुस्न बख़्शा, उनमें अख्तरी बाई फैजाबादी उर्फ़ बेग़म अख्तर सबसे प्रमुख नाम है। अच्छा साहित्य, अच्छा संगीत और पुरकशिश आवाज़ मिलकर क्या तिलिस्म पैदा कर सकते हैं, यह पहली बार बेगम साहिबा ने बताया। उनकी गायिकी से गुज़रकर हमने पहली बार जाना कि दर्द को महसूस ही नहीं, सुना भी जा सकता है। सदियों में कभी एक बार ही होता है यह जादू। पिछली सदी के तीसरे- चौथे दशक से लेकर अब तक उनकी आवाज़ देश की कई-कई पीढ़ियों की यादों, दर्द और तन्हाई का भरोसेमंद साथी रही हैं। जाने कितने लोगों ने कितनी बेचैन रातें उनकी आवाज़ के कंधों पर सर टिकाकर गुज़ारे होंगे। आज मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख्तर के यौम -ए -पैदाईश पर उन्हें खिराज़, मेरे एक शेर के साथ : जब भी कम होंगी उम्मीदें, जब भी घबड़ाएगा दिल/आपकी आवाज़ के पहलू में सो जाएंगे हम !



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

## एक नजर

### कानपुर के उमाशंकर वाजपेयी कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व कानपुर निवासी उमाशंकर वाजपेयी ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के समक्ष उन्होंने सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले समर्थकों में कुमारा वाजपेयी, अक्षय कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, मनीष श्रीवास्तव, विकास दीक्षित, आर्यन वाजपेयी, मनीष वाजपेयी, मोहम्मद अख्तर आदि शामिल रहे।

### वृदांवन और गाजीपुर में महिला शरणालय बनेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** मथुरा स्थित वृदांवन और गाजीपुर में में निराश्रित महिलाओं के लिए शरणालय बनेंगे। शक्ति सदन (होम फॉर विडोज) योजना के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग ने वृंदावन में एक हजार क्षमता के सदन संचालन के लिए दो करोड़ 42 लाख 75 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है, इसके सापेक्ष 81 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। गाजीपुर में निर्माणाधीन राजकीय महिला शरणालय के निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 29 लाख 79 हजार रुपये के सापेक्ष एक करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं, जबकि पहली किस्त के तौर पर दो करोड़ रुपये पूर्व में अवमुक्त की जा चुकी है।

### बाल सामान्य योजना के लिए मिला बजट

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के लिए बजट मिल गया है। 25 सौ पात्रों के खाते में दो दिन के भीतर राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। बाल सेवा योजना सामान्य में पात्रों को तिमाही भुगतान किया जाता है। पात्र को प्रतिमाह 25 सौ रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। वहीं, वहीं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के लिए आंशिक बजट मिला है। पात्रों को 4 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है और सहायता छमाही दी जाती है। जिले के 912 पात्रों के लिए 2 करोड़ 18 लाख 88 हजार रुपये की जरूरत है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि एक-दो दिन में बजट आ जाएगा।

# 23 पीपीएस बनेंगे आईपीएस अफसर

## 1995 व 1996 बैच के अधिकारियों की हुई डीपीसी, एक का लिफाफा रहा बंद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उप्र. पुलिस के 24 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के लिए विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक (डीपीसी) हुई। इनमें से 23 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस पद पर प्रोन्नत करने पर सहमति बनी। एक पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव की जांच लम्बित होने के कारण उनके प्रमोशन के बाबत लिफाफा बंद रखा गया है।

लोकभवन में सोमवार को साल 1995 व 1996 बैच के पीपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति के लिए लोकसेवा आयोग के सदस्य, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार की मौजूदगी में बैठक हुई। आईपीएस संवर्ग में जाने वाले इन अफसरों में बजरंग बली, डॉ. दिनेश यादव, समीर सौरभ, मो. इरफान अंसारी, अजय प्रताप, नेपाल सिंह, अनिल कुमार, कमलेश बहादुर, राकेश कुमार सिंह, लाल भरत कुमार पाल, रश्मी रानी, अनिल कुमार यादव, संजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी निवास मिश्र, राजेश श्रीवास्तव, चिरंजीव नाथ सिन्हा, विश्वजीत श्रीवास्तव, मनोज कुमार अवस्थी, अमृता मिश्रा, रोहित मिश्रा, शिवराम यादव, अशोक कुमार और दीपेंद्र नाथ चौधरी शामिल हैं। साल 1993 बैच के पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव की जांच लंबित है। इस कारण उनकी प्रोन्नति पर फैसला नहीं लिया जा सका।

### दंपत्तियों को भी मिला प्रमोशन

विभागीय प्रोन्नत समिति की बैठक में दिवाली से पहले प्रोन्नति की खुशखबरी पाने वालों के इंतजार में पुलिस महकमे के दो दंपत्ति भी रहे। इनमें से एक बाराबंकी में तैनात एडिशनल एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा और अभिसूचना इकाई में तैनात उनकी पत्नी रश्मि रानी हैं। जबकि दूसरे शाहजहांपुर में कार्यरत एडिशनल एसपी मनोज अवस्थी और स्थापना में तैनात उनकी पत्नी अमृता मिश्रा हैं।

# बृजेश नारायण बने सहकारी समितियों के प्रभारी आयुक्त

## दो आईएएस अफसरों का किया गया स्थानांतरण, नौ पीसीएस को मिली कुलसचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण करने के साथ उप्र. के 10 राज्य विश्वविद्यालयों में आईएएस (एक) व पीसीएस (नौ) अधिकारियों को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है।

आईएएस अधिकारी बृजेश नारायण सिंह को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियां उप्र. बनाया गया है। वहीं, राजेश प्रकाश को अपर आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद से प्रभारी निदेशक मत्स्य उप्र. बनाया गया है। इनके अलावा आईएएस अधिकारी राजेश कुमार अपर आयुक्त आगरा को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

▸▸ अपर आयुक्त आगरा राजेश कुमार को अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार

पीसीएस अधिकारियों में पुष्पराज सिंह अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल को कुलसचिव प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विवि प्रयागराज का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हरिओम शर्मा अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल को कुलसचिव दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर, विजय कुमार सिंह अपर आयुक्त अलीगढ़ को कुलसचिव राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि अलीगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमोद कुमार अपर आयुक्त न्यायिक बलरामपुर को कुलसचिव मां पाटेश्वरी विवि बलरामपुर, डा. विश्राम अपर आयुक्त मिर्जापुर को कुलसचिव मां विंध्यवासिनी विवि मिर्जापुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

शशि भूषण अपर आयुक्त मुरादाबाद को कुलसचिव गुरु जंभेश्वर विवि मुरादाबाद, दुर्गेश मिश्रा अपर नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर को कुलसचिव मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विवि गोरखपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अंजू वर्मा उप श्रमायुक्त असंगठित क्षेत्र श्रम आयुक्त संगठन मुख्यालय कानपुर नगर को कुलसचिव हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि कानपुर और निरंकार सिंह अपर नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर को कुलसचिव महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि गोरखपुर का अतरिक्त प्रभार दिया है।

### कुलसचिव कॉडर के अफसरों की थी कमी

उच्च शिक्षा विभाग ने कुलसचिव कॉडर के अधिकारियों की कमी होने के चलते नियुक्ति विभाग से विश्वविद्यालयों में कुलसचिव तैनात करने का अनुरोध किया था। नियुक्ति विभाग ने इसके आधार पर यह तैनातियां की है।

# आक्रामक प्रचार व सदस्यता अभियान दिलाएगा उप चुनाव में प्रचंड बहुमत

**भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिया मंत्र**

## प्रत्याशी और बचे हुए बोर्ड व आयोग के पदाधिकारियों के चयन पर किया मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक में सोमवार को सरकार और संगठन के शीर्ष नेताओं ने 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी चयन पर मंथन के साथ विजयश्री की कार्ययोजना बनाई। साथ ही बचे हुए बोर्ड और आयोग के पदाधिकारियों के चयन पर भी चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्र दिया कि आक्रामक प्रचार और घर-घर सदस्यता अभियान से ही पार्टी को न सिर्फ उपचुनाव में बल्कि 2027 में भी प्रचंड बहुमत दिलाएगा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर हुई कोर कमेटी की बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के साथ प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत कई मंत्री शामिल हुए। प्रदेश में सदस्यता अभियान में सांसद-विधायकों, महापौर, नगर निकाय व पंचायत प्रतिनिधियों समेत सांगठनिक इकाईयों की ओर से पहले चरण में खराब प्रदर्शन चर्चा के दौरान ऐसे लोगों को चिन्हित करके दूसरे चरण में प्रेरित करने की रणनीति के साथ सख्त संदेश देने पर भी सहमति बनी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साफ संदेश दिया कि जो घर-घर जाकर लोगों को भाजपा से जोड़ नहीं सकता, वह कैसा नेता।

सदस्यता अभियान में भाजपा नेताओ-कार्यकर्ताओं की मेहनत से न सिर्फ 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में कमल खिलेगा, बल्कि 2027 में भी प्रचंड बहुमत हासिल करने का यही सबसे बड़ा आधार होगा। विपक्ष खासकर इंडी गठबंधन के नेताओं-कार्यकर्ताओं के देश समेत हर जाति-वर्ग के साथ छल-क्षद्म और सत्ता पाने के पीछे लूट-खसोट की मंशा को जन-जन में सदस्यता अभियान के जरिए पहुंचाना होगा। इसमें सरकार के प्रतिनिधि और संगठन के बीच समन्वित आक्रामक तैयारी धरातल पर दिखनी चाहिए।

### हर सीट पर तय हुए दो दावेदार

भाजपा ने अक्टूबर माह उपचुनाव की तिथियों के संभावित एलान के मद्देनजर 10 में से 9 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी को लेकर चर्चा की। गठबंधन के तहत मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक दल तय करेगा। संगठन ने हर सीट पर तीन नामों की सूची प्रस्तुत की, जिसमें से एक-एक नाम सर्वानुमति से काटे गए। तय हुआ कि संगठन के नेताओं और सरकार के 30 मंत्रियों की क्षेत्रवार बनीं टीम से जीत के सभी समीकरणों पर एक और रिपोर्ट अगली बैठक में चर्चा के लिए प्रस्तुत होगी। इसके बाद प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### दांव पर भाजपा-सपा की प्रतिष्ठा

करहल, मिल्कीपुर, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर सीट पर होने वाले उपचुनाव भाजपा और सपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर है। योगी ने मिल्कीपुर और कटेहरी सीट को जिताने की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली है। वैसे 2022 के चुनाव में इन 10 में से पांच सीटों पर भाजपा जीती थी, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में खराब प्रदर्शन से पुरानी जीत दोहराना चुनौती है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 8 तारीख के बाद किसी भी दिन उपचुनाव की घोषणा हो सकती है। इसी को लेकर पार्टी स्तर पर व्यापक तैयारियां चल रही हैं।

# भाजपा महिला नेता ने एएलटी न्यूज के संचालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ यति नरसिंहानंद के वीडियो को तोड़-मरोड़कर वायरल करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** यति नरसिंहानंद के वीडियो को तोड़-मरोड़कर वायरल करने के आरोप में एएलटी न्यूज के संचालक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

गाजियाबाद के कविनगर थाने में सोमवार दोपहर दी गई शिकायत में भाजपा महिला मोर्चा की नेता उदिता त्यागी ने कहा कि एएलटी न्यूज के सहसंस्थापक मोहम्मद जुबैर ने 3 अक्टूबर की रात किसी कार्यक्रम का वीडियो डालकर मुसलमानों को भड़काया । इसके लिए यति नरसिंहानंद के पुराने भाषणों का जिक्र किया गया। इसके बाद 4 अक्टूबर की रात को डासना देवी मंदिर पर हजारों कट्टरपंथियों ने हमला कर दिया। जुबैर ने 5 अक्टूबर को भी यति नरसिंहानंद के कई वीडियो क्लिप पोस्ट किए। इससे पहले गाजियाबाद के लोनी में बुजुर्ग की दाढ़ी काटने के मामले में दो साल पहले भी मोहम्मद जुबैर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

उदिता त्यागी का आरोप है कि जुबैर ने भाजपा के 10 नेताओं की लिस्ट बनाते हुए उन्हें इस्लाम विरोधी घोषित किया। इस लिस्ट में यूपी के मुख्यमंत्री योगी, नंद किशोर गुर्जर और उनका नाम था। इसके बाद इन नेताओं को धमकी दी जाने लगी।

### डीजीपी को ज्ञापन देने जा रहे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष को रोका

**अमृत विचार, लखनऊ :** यति नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीजीपी को ज्ञापन देने जा रहे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को सोमवार दोपहर में पुलिस मुख्यालय के गेट पर रोक दिया गया। शौकत अली ने कहा कि हमने मुख्यालय में तैनात अधिकारी को ज्ञापन सौंप दिया है। ज्ञापन में हमने डीजीपी से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी मुठभेड़ में घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** देवरिया के तरकुलवा इलाके में स्कूल से घर जा रही छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों से रविवार देर रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। करीब 45 मिनट तक हुई मुठभेड़ में दोनों के पैर में गोली लगी। दोनों को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी के मुताबिक घायल बदमाश तरकुलवा निवासी धीरज पटेल और रितिक यादव हैं। उनके पास दो तमंचे और कारतूस मिले हैं। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। चौथे की तलाश की जा रही है। इन्होंने 4 अक्टूबर को परीक्षा देकर लौट रहीं नारायणपुर गांव स्थित एक विद्यालय की 8वीं की दो छात्राओं के साथ छेड़खानी की थी। शुक्रवार को ही एक आरोपी कार्तिक को गिरफ्तार कर लिया था। उसने रितिक और धीरज के बारे में जानकारी दी। एक आरोपी नाबालिग है। उसकी तलाश की जा रही है।

## धर्म दर्शन

# शक्ति स्वरूपा महादेवी दुर्गा





डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

'नवरात्रों' या 'नवरात्रियों' में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। शारदीय आश्विन (क्वार) शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाने वाला दूसरा नवरात्र (नौरात) कहलाता है। शारदीय नवरात्र में तो नवो दिन अत्यंत उत्तम फलदायक हैं। इनमें भी षष्ठी (कात्यायनी का), सप्तमी (कालरात्रि का) अष्टमी (महागौरी का) तथा नवम (सिद्धिदात्री का) का संबंधित देवी का पूजन विशेष फलदायी माना गया है। चैत्र नवरात्र में बहुत से भक्त प्रतिपदा और अष्टमी को ही व्रत, उपवास, विशेष पूजन करते हैं। बंगाल की दुर्गापूजा तो अंतर्राष्ट्रीय महत्व होता है। पुरुषरुप में जिस प्रकार भगवान शिव, श्रीहरिविष्णु, व्रह्मा तथा प्रजापति आदि के रुप में परब्रह्म का ध्यान किया जाता है, उसी प्रकार स्त्री रुप में मां दुर्गा या उनके विभिन्न स्वरुपों की पूजा, उपासना और ध्यान किया जाता है। पुरुषरुप में माया और मायी को कभी एक ही तो कभी भिन्न, स्त्री-पुरूष दोनों रुपों में कल्पना की जाती है। प्रभा मंडल विहीन नटराज तथा कालिय नाग पर नृत्य करती हुई, श्रीकृष्ण मूर्ति में त्रिगुणात्मिका (सत्व, रज, तम) माया और ब्रह्म का प्रतीक परिकल्पित है। ये ही भाव अलग-अलग हर-गौरी, तथा राधा-कृष्ण आदि के रुपों में साकार किए जाते हैं। ललिता सहस्रनाम के सत्रहवें श्लोक में अंकित है,-"पुरूषं वा स्मरेद्देवि स्त्रीरुपं वा विचिन्तयेत्।

अथवा निष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम्।।"

अर्थात (परब्रह्म का) पुरुषरुप अथवा स्त्री रुप में ध्यान करे, या निराकार सत्-चित्त-आनन्द मात्र का ही ध्यान करे।) शक्ति मात्र होने के कारण ब्रह्म का कोई निश्चित रुप नहीं है। इसीलिए उसकी कोई लिंग या जाति भी नहीं है। रुप तो निमित्त पर आश्रित है। इस संदर्भ में विद्युत (बिजली) का उदाहरण उपयुक्त प्रतीत होता है। हम इसके स्वरूप की निश्चित पहचान आज भी नहीं कर पाए हैं, किंतु निमित्त भेद से यह प्रकाश देती है, गर्मी देती है, ठंड प्रदान करती है, छोटे से लेकर अतिविशालकाय से लेकर छोटे यंत्रों का संचालन करती है। ब्रह्म के विषय में भी कुछ मनीषियों की धारणा कुछ ऐसी ही है। पिता का स्नेह एवं संरक्षण तथा माता का अगाध दुलार, प्यार और लालन-पालन के इच्छुक माता तथा पिता दोनों ही रुपों में ब्रह्म की उपासना कर सकते हैं।'ललिता सहस्रनाम' में ही अंयत्र कथित हैः-"न त्वमब पुरुषो न चाड़्गना चित्तस्वरुपिणी षंडतापि त्वं।/ नापि भर्तुरपि ते त्रिलिंगता त्वां बिना न तदपि स्फुरेवयम्।।" "हे अमब तुम न तो पुरुष हो, न स्त्री हो और न नपुंसक। तू तो केवल चित्त मात्र है। तुम्हारे पति में भी तीनों लिंग नहीं हैं। तुम्हारे बिना उनमें स्फुरण नहीं होता है।" नमामि भवभीतो हम संसारार्णवतारिणीम।।॥१९॥" "(दुर्गा) देवी मंत्रों की माता और शब्दों का ग्यान हैं। ग्यान में भी चेतना से आगे और शून्यों मैं भी शून्य की साक्षिणी हैं। जिनसे बढ़कर कोई भी नहीं है, उनका ही अभिधान (नाम) दुर्गा है।

# स्त्री जीवन के नौ रूप हैं नवरात्र



ममता सोनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, कला भारती फाउंडेशन नई दिल्ली

क्या खूब कहा है किसी ने कि हर स्त्री के जीवन के नौ रूप है जिनका प्रतीक माता के नवरात्र है और जब एक स्त्री इन नौ रूपों में अपना जीवन व्यतीत करती है तो वह देवी तुल्य मानी जाती है।

सबसे पहले स्त्री एक पुत्री के रूप में जन्म लेती है इसलिए पहले रोग मां दुर्गा का शैलपुत्री के रूप में आता है। स्त्री जीवन का दूसरा पड़ाव ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए कुछ सीखने का है। इसलिए उसे ब्रह्मचारिणी रूप में दिखाया जाता है जिसके हाथ में ना तो कोई शस्त्र है और न ही शेर की सवारी। स्त्री के जीवन का तीसरा पड़ाव उसका विवाह है इसलिए गौरी के तीसरे रूप को चंद्रघंटा के रूप में दिखाया जाता है जहां वह पति के माथे के चांद को अपने माथे पर धारण करती है। इसके बाद जय माता बनने के लिए तैयार होती है इसलिए इस रूप को कुष्मांडा कहा गया है कूष का मतलब कॉस्मिक और अंडा संतान की उत्पत्ति का प्रतीक है। तत्पश्चात एक स्त्री मां बनती है इसलिए मां गौरी का अगला रूप स्कंदमाता है। फिर शुरू होती है उसकी आंतरिक यात्रा और वह अपने बाहरी एवं भीतरी संघर्षों से लड़ती है तभी गोरी के रूप को कात्यायनी कहा गया है अर्थात महिषासुर को मारने वाली यह महिषासुर एक स्त्री के भीतर एवं बाहरी संघर्षों का प्रतीक है। और जब वह इन सब संघर्षों पर विजय पा लेती है और सामाजिक बंधनों को तोड़ देती है तो वह कालरात्रि बन जाती है। ऐसा करके जब वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनती है तो एक महान स्त्री होती है इसलिए गौरी के इस रूप को महागौरी कहा गया है। दूसरों को प्रेरणा के साथ-साथ जब वह समाज एवं अन्य स्त्रियों के उत्थान का कार्य करती है और अपने को सिद्ध कर देती है तो वह सिद्धिदात्री कहलाती है। यही है एक नारी के जीवन के रूप।

## वर्ग पहेली-215

**बाएं से दाएं**

3. 1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।

7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8. 1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. गज़ल की रदीफ़।

2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू; ओक, अंजुरी, अंजलि।

4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6. 1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने



### वर्ग पहेली -214 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | | | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | | | | ड़ि | |
| र | | | 4 द | हा | ना |
| | 5 ए | का | हा | र | |
| | का | | ड़ | | 6 झाँ |
| | धि | | | | ई |
| | 7 क | चा | यँ | ध | |

## सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | 5 | | 9 | | |
| 7 | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 1 | 5 | | 3 |
| | | 8 | | | 9 | | 3 | |
| | 2 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 7 | | | 6 | | |
| 9 | | 3 | 1 | | | 2 | | |
| | 5 | | | | 6 | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 2 | 5 | | 8 | |

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :8 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 11.17 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में आपको नई-नई उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। सरकारी कार्य रुक सकते हैं। समाज में आपको परेशानी उठानी पड़ेगी। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। आपको ईर्ष्यालु व्यवहार से आपको बचना चाहिए।

**वृष** – आज आपकी दबी हुई प्रतिभा लोगों के सामने निखर कर आयेगी। आपको व्यवसाय में बड़ा लाभ मिल सकता है। परिवार के साथ आपके शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। शेयर मार्केट में बहुत बड़ा निवेश करने से पहले सावधानी रखनी चाहिए।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। निम्न रक्तचाप के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। दूसरों के मन की बातें आप समझ लेंगे। किसी विशेष मुद्दे को लेकर मित्रों से झगड़ा हो सकता है। बदलते मौसम को लेकर अपना बचाव करें।

**कर्क** – आज आप अपने लक्ष्य को लेकर थोड़े कन्फ्यूज़ हो सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आप थोड़े चिन्तित रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को जॉब के नए ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज व्यापार में कर्ज न लें वरना चुकाने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। आज अत्यधिक काम के कारण आपको थकान हो सकती है। फेफड़ों में संक्रमण की समस्या हो सकती है।

**कन्या** – आज अधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहने वाले हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की संभावना प्रबल है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद प्राप्त होगा। आपको आलस्य से बचना चाहिए। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व करेंगे। आपको सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। संतान के भविष्य की चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज आप हर कार्य आत्मविश्वास के साथ करेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का प्रमोशन हो सकता है। समाज में आपकी छवि काफी मजबूत होगी। आयात-निर्यात के व्यवसाय से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी की सलाह आपको काफी काम आने वाली है।

**धनु** – आज माइग्रेन के रोगियों को आज धूल और धूप से बचना चाहिए। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। आपको पुराने संपर्को के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। किसी की भी गारण्टी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से शुभ है। प्रेमी जन को आप काफी समय देंगे। परिवार की समस्याओं का समाधान होगा। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। विवादित मामलों का निपटारा होगा। विदेश से शिक्षा और नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ** – आज शोधकार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जा सकते हैं। अनजान व्यक्तियों पर ज्यादा विश्वास न करें। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**मीन** – आज परिजनों से आप विशेष महत्व की अपेक्षा रखेंगे। लेकिन दूसरों की भावनाओं को भी समझें। अधिकारियों का व्यवहार आपको दु:ख पहुंचा सकता है। धर्म-चिंतन और अनुष्ठानों में आपकी रुचि हो सकती है। नए कार्यों को लेकर आत्मविश्वास की कमी महसूस हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 9 अक्टूबर 04.08 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
इंसानियत – सुबह : 09.00
आग ही आग – शाम : 06.00

SONY PIX
जर्नी 2 – सुबह :09.56
वेनम – शाम : 05.33

&pictures
परमाणु – सुबह :08.14
विवाह – रात : 07.30

ZEE CINEMA
सिर्फ तुम – सुबह : 07.35
सिंघम – रात : 07.30

ZEE ACTION
किस्मत – सुबह : 10.38
एनकाउंटर सरकार – शाम : 04.45

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू ने अपनी पत्नी सोनी से पूछा :नवरात्रि का व्रत रखा है क्या?
पत्नी : हां जी!
सोने : फिर कुछ खाया की नहीं?
पत्नी :जी पर कुछ खास नहीं...
सोने :फिर भी क्या खाया, बताओ तो?
सोनी सुबह सुबह चाय ली थी, फिर अनार, आलू टिक्की, साबूदाने की खीर बस।

रमन यार चमन, जिस तरह इस बार नवरात्रि में बारिश हो रही है,
मुझे तो समझ नहीं आ रहा है कि,
इस बार दशहरे पर रावण जलेगा कैसे?
चमन-अरे यार, इस बार रावण जलकर नहीं डूबकर मरेगा... समझें।
हा...हा...हा...





भव्य दुर्गा पंडाल

सलोन नगर में सजे मां भगवती के पंडाल का अलौकिक रूप को जिले में पहला स्थान दिया जा रहा है। यह कोलकाता के कलाकारों द्वारा बनाई गई मां जगदम्बा की प्रतिमा के दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़। ● अमृत विचार

मां भगवती की आरती के समय मौजूद रहे हजारों भक्त। अमृत विचार

# सलोन में अलौकिक है मां भगवती का पूजा पंडाल

## सलोन विकास क्षेत्र में लगभग तीन दर्जन स्थानों पर स्थापित की गयी हैं मां दुर्गा की प्रतिमाएं, दर्शन के लिए भक्तों की लग रही भारी भीड़

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** दुर्गा पूजा के दौरान दुनिया के बड़े-बड़े धरोहरों को उकेर देने वाली कला की नगरी कोलकाता के कारीगरों ने इस बार 12 ज्योतिर्लिंग में से एक शिव की नगरी केदारनाथ मंदिर की सबसे ऊंची इमारत की प्रतिकृति बनाई है। जिसमें मां जगदम्बा, गणेश लक्ष्मी कार्तिकेय और सरस्वती जी विराजमान है। नगर का दुर्गा पंडाल क्षेत्र ही नहीं आसपास के जिलों का आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

सलोन नगर में मां भगवती के पंडाल को अलौकिक रूप रायबरेली जिले में पहले स्थान पर रखा गया है। इसे कलकत्ता के कलाकारों द्वारा बनाई गई मां जगदम्बा की प्रतिमा मनमोहक रूप के साथ मां भगवती के साक्षात दर्शन कराती है। नव रूप के साथ विद्यमान माता हाथों में शस्त्र और त्रिशूल लिए दानव राक्षस महिसासुर के सीने के पार हो कर असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। सलोन विकास क्षेत्र में लगभग तीन दर्जन स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित होती है, लेकिन सलोन कस्बे की दुर्गा पूजा की रौनक ने एक अलग आयाम स्थापित किया है। सन 1986 से प्रारंभ हुई दुर्गा पूजा आज एक बड़ा आकर ले चुकी है। कस्बे के लोग बताते है की आज सुल्तानपुर के बाद आसपास के जनपद में सलोन नगर की दुर्गा पूजा महोत्सव पहला स्थान रखता है। पूरे नवरात्रि भर रोज सुबह शाम मां की आरती और आरती के बाद हलवा पूड़ी प्रसाद का वितरण ये नियमित रूप से किया जाता है। इस सम्बन्ध में रामलीला दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष विपिन कौशल और मुरारी लाल साहू ने कहा कि इस नवरात्रि माता से यही विनती है कि राक्षस रूपी बढ़ती मंहगाई का अंत करे और भारत वर्ष की रक्षा करे।

## मां दुर्गा के दरबार में महिलाओं ने किया डांडिया नृत्य

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में नवरात्र पर दुर्गा पूजा का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आरेडिका में यह छठी मां दुर्गा पूजा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करके कारखाने के विकास एवं कॉलोनी में शान्ति के लिए मंगलकामना की। इस दौरान मां दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए कई बंगाली नृत्य, रंगोली, पेन्टिंग, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, बाल नृत्य, महिला नृत्य का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। एक ओर किसी ने नृत्य कला के माध्यम से दर्शकों को मोहित किया। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने मां दुर्गा की आरती की। बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से समाज के लोगों को एक दूसरे की संस्कृतियों का सम्मान करने का अवसर प्राप्त होता है। आरेडिका में कई राज्यों के लोग निवास करते हैं तथा उनके सभी उत्सव भी मनाए जाते हैं, जिसमें सभी लोग सहभागिता करते हैं। नैब सिंह, अशीष श्रीवास्तव, महेश शर्मा, रोहित रंजन, सुमन मिश्रा, गुड्डू कुमार आदि मौजूद रहे।

## कलाकारों ने दर्शकों का मोहा मन



रात्रि जागरण में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह विकास खंड के ग्राम जगदीशपुर के नव दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित रात्रि जागरण कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुकेश शुक्ला जागरण पार्टी के द्वारा फूलों की होली, भोलेनाथ की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर विधायक अशोक कुमार, सलोन के नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, सलोन कोतवाल जेपी सिंह, विनोद मिश्रा, हैप्पी सिंह, प्रिंस सिंह, राजकुमार द्विवेदी, सोनू तिवारी, भूपेंद्र त्रिपाठी, संरक्षक मनीष तिवारी, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# धनुष टूटते ही जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा पंडाल



रामलीला में प्रभु राम और सीता के विवाह का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार:** डलमऊ की ऐतिहासिक रामलीला के चौथे दिन धनुष यज्ञ एवं सीता स्वयंवर की लीला का स्थानीय कलाकारों ने खूबसूरत मंचन किया। रामलीला मंचन के प्रथम दृश्य में राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह के लिए धनुष यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें सभी देशों के राजा, महाराजा व गुरू विश्वा मित्र के साथ अयोध्या से राम, लक्ष्मण भी पधारे। राजा जनक ने धनुष यज्ञ के लिए पधारे राजाओं से कहा कि मेरी प्रतिज्ञा है कि जो भी राजा शिव जी के इस धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ मैं अपनी पुत्री सीता का विवाह करूंगा। एक-एक करके सभी राजा एवं महाराजाओं ने धनुष को उठाने का प्रयास किया, परंतु कोई भी धनुष को उठा नहीं पाया। यह देख राजा जनक को ग्लानि हुई वे बोले लगता है पृथ्वी वीरो से खाली हो गयीं है तभी लक्ष्मण आवेश में आकर बोले सूर्यवंशी के रहते ऐसी बात कोई कह नहीं सकता। लक्ष्मण के गुस्से को देखकर ऋषि विश्वामित्र ने राम को धनुष तोड़ने का आदेश दिया। ऋषि विश्वामित्र के आदेश का अनुपालन करते हुए राम ने जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाई वैसे ही धनुष टूट गया। इसके बाद राजा जनक की पुत्री सीता का विवाह राम के साथ धूमधाम से संपंन हुआ। इस विवाह के संपंन होने पर पूरे ब्रह्मांड में खुशी छा गई और सभी देवी देवताओं ने सीता और राम पर पुष्प वर्षा कर खुशी जताई।

# सिद्धेश्वर मंदिर में कीर्तन का हुआ आयोजन

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** नवरात्रि के अवसर पर बेहटा कला गांव के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर मंदिर में समाजसेवी और क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह की ओर से कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों का कलाकारों ने जमकर मनोरंजन किया। भिंड मध्य प्रदेश से पधारी कीर्तन कलाकारा कल्पना दुबे ने भूमि भारत की चाहू कफन के लिए, जान जाए वतन के लिए गाकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। वही छतरपुर से आए कीर्तनकार जेपी मनचला ने मैंने खुद को मिटाया मां भारती के चरण के लिए कीर्तन गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। कीर्तन कलाकारों सहित वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुण कुमार सिंह मुन्ना, राजेश सिंह फौजी, अविनाश सिंह, राम प्रताप सिंह, विश्वास बहादुर सिंह, कैप्टन रविंद्र बहादुर सिंह, डॉ. वीपी सिंह, डॉ. ओलई, सुरजन सिंह, रवि गौतम आदि दर्शक मौजूद रहे।

# आस्था का केंद्र बना मां अम्बिका देवी मंदिर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** शहर के गोरा बाजार स्थित मां अम्बिका देवी मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। वैसे तो यहां पर पूरे साल कोई ना कोई धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहा है। लेकिन नवरात्र में श्रद्धालु सुबह से ही पहुंचने लगते हैं। हमेशा की तरह इस बार भी देवी जागरण और सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इसको लेकर कमेटी के पदाधिकारियों ने रणनीति बना ली है। इसमें समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इसका आयोजन मंगलवार को किया जाएगा।

**▶▶ देवी जागरण और सम्मान समारोह का आयोजन आज**

पूर्व सभासद एवं भाजपा नेता संजय सिंह ने बताया कि आसपास के कई मुहल्लों से लोग यहां पर पूजा करने के लिए आते हैं। सबसे खास बात यह है कि माता जी के मंदिर के बगल में शिव मंदिर और हनुमानजी का मंदिर है। नवरात्र के अलावा सावन माह में भी लोगों का तांता लगा रहता है। अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि मां अम्बिका के प्रति लोगों में जबरदस्त आस्था है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां पर जो भी आयोजन होते हैं, इसमें सबकी सहभागिता रहता है। गंगा प्रसाद शास्त्री का कहना है कि यहां पर देवी जागरण और सम्मान समारोह काफी समय से होता चला आ रहा है। कार्यक्रम में समाज के सम्भ्रांत लोग शामिल होते हैं। महेंद्र सिंह ने बताया कि शारदीय हो या फिर बासंतिक नवरात्र हमेशा यहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है।

**बनीं रणनीति, सौंपी गई अलग-अलग जिम्मेदारी:** मंदिर में आयोजन को लेकर स्थानीय लागों ने सोमवार को बैठक की। इसमें सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि देवी जागरण के दौरान ही कलाकारों द्वारा झांकी भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा मंदिर में पूजन अर्चन का भी आयोजन होगा।

# बच्चों ने की मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र के चौथी रात्रि कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक झांकी का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें मां की भक्ति संगीत में बच्चों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति पेश की। मां काली के रूप में मोहल्ले ओम नगर की मुस्कान की प्रस्तुति सराहनीय रही।

विगत दो वर्षों से आयोजित होती आ रही मां दुर्गा सेवा समिति ओमनगर की नौ दिनों की प्रस्तुतियां अपने आप मे अद्वतीय है। समिति द्वारा पूरे नौ दिन की अलग-अलग रूपरेखा तैयार की गयी है जिसमें प्रथम दिवस मां आगमन से शुरू हुआ आयोजन मां के विसर्जन तक रोज अलग-अलग कलेवर में पेश होता आ रहा है उसी कड़ी में चतुर्थ रात्रि में आयोजन स्थल मोहल्ले ओमनगर के बच्चों के द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति की गयी। माँ काली का अभिनय कर रही मुस्कान राक्षस बने आशीष हनुमान बने लक्ष्य मिश्र, अद्विका मिश्रा, माही, आदि बच्चों ने अपनी कला से। आठ अक्टूबर को उत्कर्ष बालाजी ग्रुप कानपुर के द्वारा एक झांकी का आयोजन किया जायेगा।



बछरावां में नवरात्र के अवसर पर भक्ति संगीत पर नृत्य प्रस्तुत करतीं बच्चियां।

चिंताजनक | गुस्से की आग तबाह कर रही हंसते-खेलते परिवारों की खुशियां

# आपराधिक घटनाओं की वजह बन रहा गुस्सा

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली

**अमृत विचार:** सहनशीलता खोने और गुस्से पर काबू न होने से अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। तेज रफ्तार जिंदगी की भागदौड़ में लोग मामूली बात पर आपा खोने लगे हैं। आपराधिक घटनाओं की एक बड़ी वजह अचानक आया गुस्सा बन रहा है। बेहद छोटी बातों को लेकर भी लोग एक दूसरे के खून के प्यासे बन रहे हैं।

अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में हुई ह्रदय विदारक घटना में चंदन वर्मा के गुस्से की आग ने सुनील कुमार के हंसते-खेलते परिवार को तबाह कर दिया। अब चंदन वर्मा कितना भी अफसोस जताए लेकिन सुनील कुमार के परिवार की खुशियां वापस नहीं आने वाली। नसीराबाद थाना क्षेत्र में बीते 11 अगस्त को मामूली विवाद में अर्जुन पासी की गोली मारकर हत्या ने भी बड़ा रूप ले लिया था। गुस्से में आपा खोने के कारण इस घटना ने भी कई परिवारों की खुशियों पर ग्रहण लगा दिया। वहीं सिर्फ बीते माह की घटनाओं पर नजर डाली जाए तो लोग मामूली बात पर अपनों के ही खून के प्यासे बनते जा रहे हैं। गुस्से पर काबू ना होने से ऐसी घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही है।

### क्यों आता है गुस्सा

चिकित्सकों के मुताबिक स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की समस्याएं भी अनियंत्रित और बार-बार होने वाले गुस्से का कारण बन सकती हैं। अक्सर अवसाद यानी कि डिप्रेशन के शिकार लोगों में छोटी से छोटी स्थिति में निराशा और क्रोध आने की समस्या देखी जा सकती है। ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) एक प्रकार का चिंता विकार है जो व्यक्ति के व्यवहार पर असर डालती है। ऑब्सेसिव विचारों के कारण भी लोग अत्यधिक गुस्से का शिकार हो सकते हैं।

### गुस्सा आने पर क्या करें

चिकत्सकों का कहना है कि गुस्से को शांत करने का सबसे आसान तरीका है लंबी और गहरी सांस लेना। जब भी आपको गुस्सा आए तो लंबी सांस लें, इससे मस्तिष्क को ऑक्सीजन मिलता है जिससे गुस्से की समस्या को कम किया जा सकता है। शारीरिक गतिविधि या व्यायाम, तनाव को कम करने में मदद करते हैं, जिसे क्रोध का मुख्य कारण माना जाता है। योग और मेडिटेशन को गुस्से को कम करने का स्थाई समाधान माना जाता है।

### बीते माह गुस्से से हुई घटनाएं

- 1 सितंबर को मोहम्मदपुर में पति ने पत्नी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जला दिया
- 8 सितंबर को धनपालपुर में चाचा के लाठियों के हमले से घायल किशोरी की मौत
- 11 सितंबर को पूरे सूबेदार में भतीजे ने चाचा की गला दबाकर की हत्या
- 15 सितंबर को नसीराबाद थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी को चाकू से गोदा
- 16 सितंबर को मजरे उमरी में पायल बेचने के विवाद में दूसरी पत्नी ने पति की गला दबाकर की हत्या
- 28 सितंबर को लालगंज में दो सप्ताह से गायब पत्नी का मिला शव, पति ने गला घोंटकर दफनाया था
- 1 अक्टूबर को गुरुबक्शगंज के चंदवल गांव में चाचा ने तीन वर्ष के भतीजे की हत्या की



लोगों में आपा खो देने की प्रवृति पनपने का मुख्य कारण तनाव है। कई बार जीवन में छा रही हताशा से पैदा तनाव लोगों में आक्रोश का भाव पैदा कर देता है। योग के जरिये तनाव को दूर किया जा सकता है। किसी तरह की समस्या होने पर मनोचिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

–**डॉ. प्रदीप अग्रवाल**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, रायबरेली



मामूली विवाद में लोगों द्वारा आपा खो देने से कई समस्या सामने आती हैं। कानून व्यवस्था के साथ-साथ लोगों का भविष्य भी इसकी वजह से बर्बाद हो रहा है। किसी भी तरह के विवाद में क्रोध में ना आकर लोगों को संयम से काम लेते हुए पुलिस की सहायता लेनी चाहिए।

–**प्रदीप कुमार**, सीओ सलोन

## युवाओं को तम्बाकू सेवन से बचने की सलाह

**डलमऊ, रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर जादूगर अजय एण्ड पार्टी द्वारा जादू दिखा कर तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाया गया। जादूगर अजय पाल ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नवीन कुमार व ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक चौधरी का जादू से स्वागत किया। इसके बाद हैरतअंगेज कारनामों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं खेल-खेल में बड़े रोचक ढंग से तम्बाकू सेवन से होने वाले रोग बीमारियों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। अधीक्षक डॉ. नवीन ने तम्बाकू छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया। बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर पकड़े जाने पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ललित कुमार मिश्र, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अभिषेक यादव, बीपीएम अभिषेक चौधरी, बीसीपीएम सुधांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



राम और सीता का अभिनय करते कलाकार। अमृत विचार

### सीता स्वयंवर और बाणासुर वध का मंचन

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार को श्रीराम लीला मैदान में आयोजित झारखण्डेश्वर रामलीला मंचन में गुरु विश्वामित्र राम व लक्ष्मण को साथ लेकर सीता स्वयंवर में भाग लेने जनकपुरी जाते हैं। राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए भगवान शिव के धनुष को तोड़ने की शर्त रखते है। समस्त देशों से पधारे राजा महाराजा शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाना तो दूर, धनुष को हिला तक नहीं पाए। वहां पर दशानन रावण पहुचता है। इसके बाद रावण और बाणासुर का तीखा संवाद होता है। उसके बाद जब रावण धनुष उठाने जाता है, तब आकाशवाणी होती है कि रावण तुम्हारी लंका में हाहाकार मचा है। इस पर रावण वहां से चला जाता है। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा लेकर धनुष की ओर श्री राम बढ़े। बड़ी आसानी से धनुष को उठाकर तोड़ दिया। धनुष टूटते ही राजा जनक के साथ सभी जनकवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सीता माता ने श्रीराम के गले मे वर माला डाल दी।

### कम्पोजिट विद्यालय बेड़ारु की मेधावी छात्रा सम्मानित

**शिवगढ़, रायबरेली।** कम्पोजिट विद्यालय बेड़ारु की छात्रा नैन्सी शर्मा ने विज्ञान क्विज एवं जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित कर दिया है। छात्रा को खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल मिश्रा व कम्पोजिट विद्यालय बेड़ारु के प्रधानाध्यापक दिनेश वर्मा द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एआरपी अजय सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार को खंड शिक्षाधिकारी अनिल मिश्रा के नेतृत्व में शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में पारदर्शिता पूर्वक विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें नैंसी शर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। दिनेश वर्मा ने नैंसी को बधाई देते हुए कहा कि नैंसी शर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय के साथ ही माता-पिता एवं गुरुजनों को गौरवान्वित कर दिया है।

### हत्याकांड के आरोपी को पकड़े जाने पर हंगामा, मां व दादी बेहोश

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कूड़ गांव के रहने वाले राहुल को लक्ष्मणपुर रेलवे फाटक के पास संदीप व उसके चार अज्ञात साथियों ने लाठी डंडों से पीट कर अधमरा कर दिया था, जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक की मां लाली ने थाने में तहरीर देकर संदीप व उसके चार अज्ञात साथियों को नामजद किया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी संदीप उसके भाई प्रदीप व कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया और थाने में लाकर प्रदीप की जमकर पिटाई कर दी। संदीप को जेल भेज दिया, जिसको लेकर परिजनों ने थाने के बाहर जमकर हंगामा काटा और जगतपुर पुलिस पर संदीप को निर्दोष बताते हुए फर्जी जेल भेजने का आरोप लगाया है। क्षेत्राधिकार डलमऊ अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि मरने से पहले राहुल ने पुलिस के सामने बयान दिया था। उसी आधार पर संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी को जेल भेजने से बचाने के लिए परिजनों ने बेवजह परेशान किया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कूड मजरे टाघंन निवासी राहुल सरोज की हत्या की सूचना पाकर कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की। मृतक की मां लाली व ग्रामवासियों ने रोते बिलखते बताया कि अधिकारियों ने जबरदस्ती शव को लेकर घाट चले गए, जबकि मृतका का भाई दूसरे प्रदेश से घर नही पहुंच पाया, हम लोग विनती करते रहे। किसी ने नहीं सुनी। कांग्रेस प्रदेश सचिव ने कहा कि जिस तरह सुदामापुर मे चार लोगों की हत्या कर दी गई थी। उसके माता-पिता अंतिम संस्कार में नहीं पहुंच सके। उसी तरह आज कूंड में भी ऐसी घटना सामने आई है। दलित समाज के साथ बड़ा अन्याय और अत्याचार हो रहा है।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र में विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। सराय मानिक निवासी नीलम शुक्ला ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग को लेकर पति पंकज, ससुर शारदा, संतोष शुक्ला, सुनीता, रीना शुक्ला, शशि शुक्ला, मीना, रामकली ने उसे मारा पीटा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले के जांच की जा रही है।

### शिवेंद्र और मांडवी बने चैंपियन



मोती लाल नेहरू स्टेडियम में पुरस्कृत हुए विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** मोती लाल नेहरू स्टेडियम में रायबरेली डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से स्व राजकुमार भार्गव मेमोरियल जिला बैडमिंटनशिप का आयोजन किया गया। पुरूष एकल में शिवेंद्र सोनकर ने सीधे सेटों में पीयूष शर्मा को हराकर चैंपियनशिप बने। अन्य वर्ग में मांडवी शुक्ला ने आनंदी को हराकर महिला वर्ग में चैंपियन बनी। बालकों के अंडर-15 में आराध्या गुप्ता में विशेष मिश्रा, अंडर-17 में आदित्य सिंह ने रेलकोच फैक्ट्री के आशुतोष, वेटरन आयु वर्ग 35-50 ग्रुप में अनुज सिंह व अजय सिंह ने पवन और प्रदीप की जोड़ी को, वेटरन 50 से अधिक में गिरीश शुक्ला और महेंद्र खत्री की जोड़ी ने डा. एसपी दीक्षित और सिद्धार्थ वर्मा की जोड़ी को सीधे सेटों में हराया। पुरुष युगल मैच में रोहित हिमांशु की जोड़ी ने आदित्य और कुलदीप की जोड़ी को हराया। एसोसिएशन सचिव राजीव अग्रवाल ने बताया कि विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर ममता भार्गव, राजीव भार्गव, संजय प्रताप सिंह, अरुण अरोड़ा, अनुभव कक्कड़, ओपी सिंह, यशवंत सिंह, मो. अयाज, दिनेश शुक्ला, राजेश भार्गव, डा. एसएम सिंह आदि मौजूद रहे।

### टप्पेबाजों ने दुकानदार से की 10 हजार की ठगी

**सलोन, अमृत विचार:** ग्राहक बनकर आए बाइक सवार टप्पेबाज ने दुकानदार से दस हजार की ठगी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी से पुलिस ने किनारा काट लिया है। सलोन कस्बे में गुड्डू साहू की किराने की दुकान है। सोमवार सुबह एक बाइक से दो लोग किराने की दुकान में पहुंचे। इसके बाद दुकानदार से लगभग पांच हजार कीमत का किराने का सामान निकलवा लिया। इसी बीच दुकानदार से टप्पेबाज ने कहा कि मेरा एक साथ यही बैठा हैं। दस हजार दे दो। अभी मीठा खरीद कर आते है तो पूरा पेमेंट फोन पे से कर देंगे। दुकानदार ने टप्पेबाज को दस हजार दे दिए। काफी देर तक वह नही लौटे तो दुकानदार ने श्रमिक से कहा कि कहा गए ये लोग कब तक आएंगे। इस पर श्रमिक बोला उसे क्या पता, दो घंटे के काम के लिए चार सौ रुपये दिहाड़ी देने की बात कहकर बाइक युवक उसे साथ चलने के लिए कहा था। उपनिरीक्षक राज कुमार तिवारी का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है।

### कूटरचित प्रपत्र बनाने के आरोप में भेजा जेल

**बछरावां, रायबरेली।** शस्त्र प्राप्ति के लिए अवैध तरीके से दस्तावेज देने के मामले में पुलिस ने आरोपी रामचंद्र पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम जमुनिहा खेड़ा मजरे लाऊवा थाना मौरावां जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि गलत दस्तावेज लगाकर शस्त्र लाइसेंस हासिल कर लिया। पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## आशनाई के चक्कर में युवती के परिजनों पर जहर खिलाकर जान से मारने का आरोप

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

**अमृत विचारः** कस्बा निवासी एक युवक रविवार को देर शाम बदहवास हालत में अपने घर पहुंचा तो उसे देख परिजनों में खलबली मच गई। परिजनों ने उसे सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जिसकी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। परिजनों ने आशनाई के चक्कर में प्रेमी युवक की प्रेमिका के परिजनों पर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।


राशिद खान उर्फ गोलू की फाइल फोटो।

कस्बा खीरों निवासी शकीला बानो पत्नी हलीम खान ने आरोप लगाया है कि मेरे बेटे राशिद खान उर्फ गोलू (22) का खीरों कस्बे के एक गांव की एक युवती से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को मृतक राशिद खान उर्फ गोलू और युवती के प्रेम प्रसंग की जानकारी भी थी। आरोप है कि रविवार को शाम लगभग चार बजे युवती के बड़े भाई मुजाहिद खान ने गोलू को फोन करके अपने घर बुलाया। दोनों के प्रेम प्रसंग को लेकर गांव में पंचायत हुई, जिसमें मृतक राशिद खान उर्फ गोलू अपनी प्रेमिका के साथ शादी करने को तैयार था, लेकिन परिजनों के दबाव में उसकी प्रेमिका ने शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद प्रेमिका के परिजनों ने उसे जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया। गोलू देर शाम बदहवास हालत में घर पहुंचा और दरवाजे गिर गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचते ही राशिद खान उर्फ गोलू ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को लेकर घर वापस लौट आए और पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक की मां शकीला बानो के शिकायती पत्र के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतक की मां के शिकायती पत्र के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**बछरावां, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा गांव में रविवार की देर रात आसपास गांव किनारे घूम रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को ग्रामीणों ने उसे वाहन सहित पकड़कर पुलिस के हवाले किया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार उसने अपना नाम नरेंद्र यादव जनपद कानपुर का रहने वाला है। उसने बताया कि वह कानपुर से माल लादकर बाराबंकी छोड़ने गया था और वहां से वापस कानपुर जा रहा था। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। संदिग्ध व्यक्ति का नाम पता नोट कर उसके विषय में जांच संदर्भित की जा रही है।

# पांच असलहा तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को एसओजी और लालगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने असलहों की तस्करी करने वाले पांच तस्कारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

लालगंज व एसओजी पुलिस टीम को बड़ी सफ़लता मिलने के बाद सोमवार को खुलासा करते हुए अवैध शस्त्र के साथ पांच अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त धुन्नर सिंह व अनुराग सिंह जो लालगंज कोतवाली क्षेत्र के है ये दोनों सफारी कार से अवैध शस्त्र और कारतूस की तस्करी करके अन्य जनपदों में जाकर अधिक दामों में बेचने का काम करते है। अभियुक्त अनुराग व धुन्नर से पूछताछ में पता चला यह पिस्टल किसी गैर जनपद के अज्ञात व्यक्ति से खरीदी गई थी।यही पिस्टल थाना मिल एरिया निवासी स्वपनिल सिंह, थाना कोतवाली नगर निवासी मुशीर वेग, थाना लालगंज निवासी शिवम सिंह को बेचा था, जिसके एवज में पूर्व में इनसे पैसा भी लिया है।


मामले का खुलासा करते एएसपी संजीव कुमार सिन्हा। साथ में पकड़े गए तस्कर।

**बांदा की गैंग से पकड़े गए**

**असलहा तस्करों का कनेक्शन**

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने खुलासा करते हुए बताया ये पकड़े गए असलहा तस्करों का पूरा कनेक्शन बांदा से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। जिसके लिए हमारी टीमें लगातार काम कर रही है। इसमें और भी कई अभियुक्त संज्ञान में आ रहे है जल्द ही सफलता मिलने की बाद सारी जानकारी मीडिया के सामने लाई जाएगी।

# छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता,खीरों, रायबरेली

**अमृत विचारः** सोमवार को श्री सूरजदत्त कांतीदेवी महाविद्यालय खीरों में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। साथ ही नशामुक्ति अभियान के अन्तर्गत छात्र छात्राओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से बताया गया।


छात्राओं को नारी सुरक्षा प्रपत्र देती महिला आरक्षी प्रियंका सिंह। अमृत विचार

महिला आरक्षी प्रियंका सिंह ने छात्राओं को बताया कि आज के समय में छात्राओं को निडर और निर्भीक होकर रहना चाहिए। किसी विषम परिस्थिति या कोई दिक्कत होने पर पुलिस सहायता के लिए महिला हेल्प लाइन 1090 पर सूचना देने पर शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है।

सूचना के कुछ ही समय में पुलिस सहायता उपलब्ध हो जायेगी। उपनिरीक्षक अभिजीत मिश्रा ने बताया कि नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। साथ ही धनहानि भी होती है। इस अवसर पर सन्तोष कुमार सिंह, बीरेंद्र सिंह, सुनीता, राजेन्द्र त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, इलियास खान, प्रांसू यादव, अविनाश श्रीवास्तव, रामसिंह, शिक्षिका अर्चना सिंह, दिव्या गुप्ता, सुमन यादव, आशा देवी, नैंसी साहू, दिनेश कुमार, लालती देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेटों ने लिया प्रशिक्षण

**लालगंज, अमृत विचार।** शांति काल में अभ्यास और प्रशिक्षण में बहाया गया पसीना युद्ध के दौरान रक्त के बहाव को कम करता है। बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज में आयोजित एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सूबेदार मेजर धनदेव की अध्यक्षता में कैंप वीएचएम देवेंद्र कुमार, सूबेदार दर्शन सिंह एवं हवलदार गजेंद्र लाल ने वैनंट फाइटिंग के बारे में एनसीसी कैडेट्स को बताया कि गोला बारूद खत्म हो जाने के बाद किस प्रकार दुश्मन का सामना करके उन्हें बर्बाद कर सकते हैं और जवानों में जोश बरकरार रखने की सीख दी। इस मौके पर डॉ. केके दीक्षित, मनोज त्रिपाठी, डॉ. संजीव मिश्रा, डॉ. नवीन विश्वकर्मा, डॉ. वीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# पॉलिटेक्निक में 80 प्रतिशत छात्रों के फेल होने पर हंगामा

संवाददाता,अमावां, रायबरेली

**अमृत विचारः** फिरोज गांधी पॉलिटेक्निक में छात्र-छात्राओं ने बेहतर परीक्षा परिणाम नहीं आने पर जमकर हंगामा किया। प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं मनमानी करने का आरोप भी लगाया। इससे परिसर में अफ़रा-तफ़री मच गई। छात्रों का कहना है कि 80 प्रतिशत छात्र फेल कर दिए गए हैं। इसकी जांच होनी चाहिए।


एफजी पॉलिटेक्निक गेट के निकट प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

रतापुर निकट स्थित फिरोज गांधी पॉलीटेक्निक में एक सैकड़ा से अधिक छात्र उस समय आक्रोशित हो गए, जब उन्हें पता चला कि परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं आया है। बताया गया कि बीईटीयूपी के डेढ़ सौ में से 127 छात्रों को फेल कर दिया गया। 80 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थियों के फेल होने की खबर से छात्रों में आक्रोश बढ़ गया। कालेज प्रबंधन के विरुद्ध लाम बंद होकर सभी पॉलिटेक्निक गेट पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद कॉलेज के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही कापियों को दोबारा जांच कराए जाने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान कई छात्रों ने जबरन फेल करने का भी आरोप लगाया। आक्रोशित छात्रों ने बताया डेढ़ सौ में 127 छात्रों का फेल किया जाना समझ से बाहर है। छात्रों ने कॉलेज के कुछ शिक्षकों पर मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पहले भी धमकी दे चुके हैं। आदर्श बाजपेई, राकेश, दुर्गेश आदि ने बताया कि कापियों का मूल्यांकन गलत तरीके से किया गया है। हम लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें यहां के प्रबंधन की हीलाहवाली और शिक्षकों की मनमानी भी हुई है। इसकी जांच नहीं हुई तो मुख्यालय पर जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे। छात्रों का गुस्सा देख शिक्षक समेत सभी कर्मचारी कमरे में ही बैठे रहे। काफी देर तक हंगामा करने के बाद छात्र यह कहकर चले गए कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

# घर में घुसकर चोरों ने लाखों रुपये का सामान किया पार

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नही ले रही है। जिससे लोगों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।

रविवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के कराहिया चौकी अंतर्गत ओझा का पुरवा मजरे नूरुद्दीनपुर गांव के राजेश कुमार ओझा पुत्र त्रिलोकीनाथ ओझा ने बताया कि घर से लाखों के ज्वैलरी सहित 45 हजार रुपये की नकदी चोरी हुई है। परिजनों का कहना है कि कमरे के अंदर घुसे चोरों ने बक्से के अंदर रखे सोने, चांदी के आभूषण सहित 45 हजार की नकदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर देकर बताया कि घर के बक्से में रखे लाखों रुपए के आभूषण और पेटी के अंदर रखे 45 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए। सुबह जब बेटी छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई तो घटना की जानकारी हुई। उसके बाद कमरा खोला तो ताला लटका था और उसकी कुंडी टूटी थी। कमरे के अंदर बक्से खुले पड़े थे। और चारों तरफ कपड़े व अन्य समान बिखरे हुए पड़े थे। पीड़ित राजेश कुमार ओझा के मुताबिक उसकी पत्नी ने फोन करके घटना की सूचना दी। पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मामला संदिग्ध लग रहा है।

# घर से लाखों की नकदी व जेवर चोरी

संवाददाता,डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचारः** क्षेत्र में इस समय चोरों के अंदर पुलिस का खौफ नहीं है। आए दिन शाम होते ही ताला तोड़कर दुकानों से की जा रही चोरियों ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल दी। लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से लोगों में जहां दहशत व्याप्त है वहीं पुलिस इसको लेकर संजीदा नहीं है।

गदागंज थाना क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग चौराहे पर स्थित एक मकान में लाखों रुपये की चोरी हो गयी। पीड़ित सुनील कुमार यादव पुत्र ओम प्रकाश ने थाना गदागंज में तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार को बीती रात बरारा बुजुर्ग चौराहे पर स्थित मकान में चोरों ने बक्से का


गांव में चोरी के बाद बिखरी पड़ी सामाग्री।

ताला तोड़कर बक्से में रखे लगभग सात लाख के जेवर व दो लाख नगदी रुपए उठा ले गए। इस प्रकार की चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

वहीं, डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नरसवां गांव में चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाकर उसका ताला तोड़ दिया। देर रात न होने के कारण चोरी कर पाने में चोर असफल हो गए। नरसवां गांव निवासी फूलचंद पुत्र नारायण दीन ने घोरवारा चौकी पर प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को बताया कि पांच अक्टूबर को चोरों ने उसके वितास खाना की दुकान का ताला तोड़ दिया। ताला तोड़ते हुए चोरों को देखकर महिलाओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। महिलाओं के शोर मचाने पर जब तक ग्रामीण इकट्ठा हो पाते सभी चोर मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस काफी देर तक चोरों की खोजबीन करती रही लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। पीड़ित फूलचंद ने बताया कि इससे पहले भी दरवाजे पर रखी सीमेंट की बोरियां चोरी हो चुकी हैं।

## अनियंत्रित होकर बाइक से गिरी महिला की मौत

**डलमऊ, रायबरेली।** पति के साथ बाइक से रिश्तेदारी जा रही महिला अचानक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मधुकरपुर मजरे रायपुर टप्पा हवेली गांव के पास रायबरेली-डलमऊ मार्ग पर गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के सतांव गांव निवासी अनीता पति राजेश वर्मा के साथ डलमऊ अपनी रिश्तेदारी बाइक से आ रही थी। तभी हवेली गांव के पास माइनर की पुलिया पर अचानक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। उसे गंभीर हालत में सीएचसी डलमऊ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक बृजेश यादव को मिला भारत गौरव सम्मान

**रायबरेली, अमृत विचार।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों के लिए विकास खंड डीह में कार्यरत विशेष शिक्षक बृजेश यादव को रविवार छह अक्टूबर को जयपुर, राजस्थान में भारत गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया जायेगा। शिक्षक द्वारा दिव्यांग बच्चों को प्रभावी शिक्षा देने के साथ ही उन्हें खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यों में भी निपुण बनाने का प्रयास किया है। साथ ही शिक्षक के मार्गदर्शन में कई दृष्टिहीन, मूकबधिर व अस्थिदिव्यांग बच्चे लखनऊ से उच्च शिक्षा भी ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षक को भारत गौरव सम्मान से सम्मानित पर साथी शिक्षक मनोज सिंह, राजेश शुक्ला, ज्ञान यादव, वीरेन्द्र कुमार, रमन, संदीप, शिवबरन, राकेश सिंह, विवेक शुक्ला, सुनील यादव आदिने खुशी जताई है।

### ब्लॉक संसाधन केंद्र में प्रशिक्षण शिविर आयोजित


सतांव में स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद लोग।

**रायबरेली, अृमत विचार।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र सतांव में पांचवे एवं अंतिम बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी शीतल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में कक्षा एक एवं कक्षा दो में उपलब्ध कराई गई भाषा, गणित एवं अंग्रेजी नवीन पाठ्यपुस्तक तथा कक्षा 4, 5 की नवीन शिक्षक संदर्शिका पर समझ बनाकर विद्यालय में बच्चों को सहजता एवं सरलता से निर्धारित दक्षताओं को प्राप्त कराने का प्रयास करें। प्रशिक्षण में एआरपी आशुतोष तिवारी, दिलीप कुमार ने सीखने की प्रक्रिया पर एवं मौखिक भाषा विकास व भाषा की नई पाठ्य पुस्तक सारंगी पर तथा प्रशिक्षक एआरपी आराधना सिंह, रणविजय सिंह, योगेंद्र कुमार ने गणित की नई पाठ्य पुस्तक आनंदमय गणित, अंग्रेजी की नई पाठ्यपुस्तक मृदंग पर साथ ही प्रभावी शिक्षक संकुल बैठक की रणनीति कैसे बनाई जाए उस पर विस्तृत चर्चा की गई।

### डीएम से की जौनपुर ब्रांच की पक्की पटरी बनवाने की मांग

**रायबरेली, अमृत विचार :** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार पासी ने डीएम को एक शिकायती पत्र देकर जौनपुर ब्रांच की पक्की वाली पटरी को बनवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह ब्रांच लखनऊ-बाराबंकी और रायबरेली एवं अमेठी के आगे तक जाती है। पत्र में नहर से लाखों किसान अपनी खेती और जीविका चलाते हैं इस जौनपुर ब्रांच नहर की पक्की पटरी को पांच वर्ष पूर्व बनाया गया था, लेकिन अब यह मार्ग बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गया है। ईश्वर कुमार पासी ने पत्र में जौनपुर ब्रांच से लाखों किसानों और क्षेत्र की जनता का आवागमन रहता है। यह जौनपुर ब्रांच अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड 28 हैदरगढ़ बाराबंकी के अंतर्गत आता है।

### बैट्री चोर को भेजा जेल

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के सुखई पुरवा के रहने वाले छेद्दू का ट्रैक्टर दरवाजे पर खड़ा था, तभी चोर ने ट्रैक्टर की बैट्री को खोलकर ले जाने रहा कि मालिक छेद्दू ने आरोपी को दबोच लिया । कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि पकड़े गए नाबालिग आरोपी की पहचान खैरहना गांव निवासी नसीम के रूप में हुई है। बैट्री चोरी के मामले में जेल भेजा गया है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**रायबरेली, अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत हो गई। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के गौतमन खेड़ा मजरे लच्छीपुर गांव निवासी बाबूलाल लोधी (65) की देर शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतक के बेटे रिंकू लोधी ने बताया कि पापा सड़क पार कर रहे थे, तभी बाइक की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लालगंज सरकारी अस्पताल इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाबूलाल की मौत से पत्नी राम जानकी और पुत्रों का रो-रो कर बुरा हाल है। दूसरी घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र की है। सोमवार देर शाम क्षेत्र के कोड़री मजरे मोन गांव निवासी फूलकली (56)परिजनों के साथ बाइक से घर लौट रही थी। तभी हरदासपुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडर से बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल फूलकली को एम्बुलेंस से सीएचसी महराजगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# गड्ढों में तब्दील भवानीगढ़-सूरजपुर संपर्क मार्ग

संवाददाता,शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचारः** पूरी तरह से जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील हो चुका क्षेत्र का भवानीगढ़ - सूरजपुर सम्पर्क मार्ग लगातार दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। अफसरों की उदासीनता को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। जल्द ही सड़क की मरम्मत न होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी है।

गौरतलब है कि सात किलोमीटर लम्बे क्षेत्र के भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण वर्ष 2017-18 में पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा कराया गया था। अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्था के बीच बन्दरबांट के चलते मानकों को तांक पर रखकर कार्य कराया गया। इसके चलते निर्माण के कुछ ही दिन बाद सड़क गड्ढों में तब्दील


खस्ताहाल भवानीगढ़-सूरजपुर संपर्क मार्ग।

**▸▸ जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी ने मुख्यमंत्री से की सड़क निर्माण की मांग**

होने लगी। सड़क के बनने के बाद से पिछले छह वर्षों में पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा सिर्फ एक बार रश्म अदायगी के लिए सड़क की रिपेयरिंग कराई थी। पिछले कई वर्षों से यह सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील है। इस सम्पर्क मार्ग पर वाहनों की कौन कहे पैदल चलना भी दुश्वार हो रहा है।

भवानीगढ़-सूरजपुर संपर्क मार्ग बाराबंकी जिले की सीमा से जुड़ा होने के कारण हमेशा वाहनों का आवागमन रहता है। जिस पर आए दिन स्कूली छात्र-छात्राएं एवं राहगीर गिरकर दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। सड़क की रिपेयरिंग के लिए क्षेत्र के लोगों ने दर्जनों बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की, पर नतीजा शून्य रहा। भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पीएमजीएसवाई से पीडब्लूडी विभाग को हस्तांतरित हुए लगभग एक वर्ष हो गया है। पर अभी तक पीडब्लूडी विभाग ने सड़क की रिपेयरिंग कराना मुनासिब नहीं समझा। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। सपा के शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रकाश पटेल, कांग्रेस पार्टी के शिवगढ़

> सात किलोमीटर लम्बे भवानीगढ़-सूरजपुर संपर्क मार्ग को नवीनीकरण के लिए कार्य योजना में डाला गया है। धन आवंटित होते ही नवीनीकरण शुरू करा दिया जाएगा।
>
> -अमन यादव, जेई,पीडब्लूडी विभाग

ब्लॉक अध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि यदि जल्द ही सड़क की रिपेयरिंग शुरू नहीं कराई गई तो पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

शिवगढ़ द्वितीय से कांग्रेस की जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी ने कहा कि विकास का रास्ता सड़कों से होकर गांव तक जाता है, जब सड़के ही बदहाल हैं तो गांवों का विकास कैसे होगा। छात्र, युवा और व्यापारी तरक्की कैसे करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

**सौंदर्यीकरण** | सलोन विधायक अशोक कुमार और चेयरमैन विनोद कौशल ने किया भूमि पूजन

# 1.69 करोड़ से मिढ़ुरिन देवी धाम का होगा कायाकल्प

संवाददाता, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचारः** कस्बे के ऐतिहासिक माता मिढ़ुरिन देवी धाम में वंदन योजना के तहत होने वाले कार्यों का सोमवार को विधायक अशोक कुमार व चेयरमैन विनोद कौशल ने भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

शासन से मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाओं व सौंदर्यीकरण के लिए वंदन योजना के तहत 1 करोड़ 69 लाख रुपए स्वीकृत होकर नगर पंचायत को प्राप्त हुए हैं। इस धनराशि से माता मिढ़ुरिन देवी धाम के प्रांगण का विस्तार किया जाएगा। विधायक अशोक कुमार व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल ने विधिवत भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। पुजारी भोलानाथ तिवारी, धर्मेश महराज ने विधिवत


मिढ़ुरिन देवी धाम में भूमि पूजन करते विधायक अशोक कुमार व चेयरमैन विनोद कौशल।

भूमि पूजन कराया। इस मौके पर श्रीकांत त्रिवेदी, सभासद संदीप मोदनवाल, मो. निहाल, मुर्तजा अंसारी, प्रभाकर मिश्रा, डॉ. राम दयाल, आशु जायसवाल, मो. हाशिम, शम्सी रिजवी, विनोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि बब्बन यादव आदि मौजूद रहे।

**क्या है वंदन योजना :** यूपी में सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अव्यस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास हेतु वर्ष 2023-24 में वंदन योजना शुरू की गई है जिसके तहत नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों के ऐतिहासिक स्थलों में श्रद्धालुओं व आगंतुकों को मूलभूत अवस्थापना व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है।

> वंदन योजना के तहत परशदेपुर के माता मिढ़ुरिन मंदिर में सौंदर्यीकरण हेतु कार्यों का भूमि पूजन किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जल्द ही बहुत ही सुंदर प्रांगण बन कर तैयार होगा।
>
> -अशोक कुमार, विधायक सलोन

> वंदन योजना के तहत नगर पंचायत को 01 करोड़ 69 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। इससे माता मिढ़ुरिन देवी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक बड़ा हाल, टीन शेड, बाउंड्रीवाल आदि कार्यों से मंदिर प्रांगण का विस्तार किया जाएगा।
>
> -विनोद कौशल, चेयरमैन, नगर पंचायत परशदेपुर

# सदर विधायक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता,रायबरेली

**अमृत विचारः** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सदर विधायक अदिति सिंह ने सिंचाई, जल निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरों का रखरखाव उचित तरीके से कराया जाए। जिन नहरों की सफाई अभी नहीं हुई है समय रहते उसे पूरा कर लिया जाए, जिससे फसलों की बुवाई में किसी प्रकार की समस्या या अवरोध उत्पन्न ना हो।


पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सदर विधायक अदिति सिंह।

किसान भाईयों और आमजन को जल संरक्षण के विषय में जागरूक भी किया जाए। जल निगम को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी सीवर लाइन का काम शहरी क्षेत्र में चल रहा है उसे शीघ्र पूरा कराया जाए। खासतौर से आने वाले तीज त्योहारों के दृष्टिगत कार्य समय से पूरा करा लिया जाए, जिससे कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बिजली विभाग अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। ओवर बिलिंग को चेक कराया जाए। विद्युत तारों के अस्त व्यस्त होने से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है अतः तारों को नियमित कर लिया जाए। दीपावली के समय में विद्युत दुर्घटनाएं अधिक होने की संभावनाएं रहती हैं इस पर खास ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन भी कार्यदायी संस्थाओं को कार्य सौंपे गए हैं यदि वह समय से कार्य पूरा नहीं करते हैं तो उन पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर एडीएम (प्र) सिद्धार्थ, नगर पालिका ईओ स्वर्ण सिंह सहित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो दिन पड़ रही अमावस्या, त्योहार पर मंथन

## तिथि को लेकर असमंजस, विद्वानों से विचार-विमर्श के बाद तय होगी राम मंदिर में दीपावली की तिथि

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दीपावली का मुख्य पर्व मनाए जाने के लिए तिथि और मान्यताओं के बीच असमंजस की स्थिति है। कार्तिक मास की अमावस्या दो दिन पड़ रही है। ऐसे में दीपावली के पर्व को लेकर मंथन चल रहा है।

अयोध्या में दीपोत्सव का भव्य आयोजन छोटी दीपावली 30 अक्टूबर को होगा। इस हिसाब से दीपावली का मुख्य पर्व 31 अक्टूबर को पड़ना चाहिए, लेकिन इसको लेकर असमंजस है। धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक माह की अमावस्या तिथि को श्रीराम 14 साल के वनवास और लंका विजय कर अयोध्या लौटे। इसी खुशी में अयोध्यावासियों ने नगर को दीपों से सजाया था। तरह-तरह के व्यंजन बनाकर खुशियां मनाई। इस खास दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है, लेकिन इस साल 2024 में दीपावली को लेकर भ्रम की स्थिति कही जा रही है। पंचांग की गणना के मुताबिक दीपावली का पर्व हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि को मनाने का विधान है। इस बार 31 अक्टूबर 2024 को दोपहर बाद 3:52 बजे अमावस्या तिथि शुरू होगी। एक नवंबर की शाम साढ़े पांच समाप्त होगी। ऐसे में अमावस्या तिथि के आधार पर काशी विद्वत कर्मकांड परिषद और देश के अलग-अलग विद्वानों के दीपोत्सव की तिथि को लेकर अलग-अलग मत हैं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी और ज्योतिषाचार्य के बीच भी अलग-अलग मत सामने आए हैं, जिसमें 31 अक्टूबर या फिर एक नवंबर को दीपावली मनाने की बात सामने आ रही है।

रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास कहते हैं कि पर्व का निर्धारण सूर्य उदय, सूर्यास्त के आधार पर होता है। जहां पर जिस प्रकार से सूर्योदय, सूर्यास्त है। कहीं पर 31 अक्टूबर को और कहीं पर एक नवम्बर की तारीख को दीपावली मनाया जाएगा। दक्षिण में यह 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी, लेकिन अयोध्या में 1 नवंबर को मनाया जाएगा।

### 1 नवंबर को 3:12 बजे तक रहेगी अमावस्या

ज्योतिषाचार्य प्रवीण शर्मा के मुताबिक अमावस्या 31 अक्टूबर को मध्यान में लगभग 3 :15 बजे लग रही है जो एक नवंबर को 3 :12 बजे तक रहेगी। इसलिए शक संवत विजयदशमी का पर्व दीपावली 31 अक्टूबर को ही मनाया जाना उचित है। क्योंकि दीपोत्सव रात्रि में ही मनाई जाती है। 31 अक्टूबर की रात्रि को ही दीपोत्सव का नक्षत्र मिल रहा है। देश में सूर्योदय का समय अलग-अलग है, लेकिन अमावस्या की रात्रि तो 31 अक्टूबर की ही मिल रही है ऐसे में इसी दिन अमावस्या का पर्व मनाया जाना उचित है।

### ट्रस्ट ज्योतिषों की लेगा राय

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का मानना है कि धार्मिक विद्वानों से इस बारे में विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया जाएगा कि दीपावली का पर्व श्री राम जन्मभूमि मंदिर में कब और किस दिन मनाया जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि भारत में त्योहार के लिए एक सामान्य बात है। जन्माष्टमी कहीं एक दिन मनाई जाती है तो कहीं दूसरे दिन। कुछ लोग सूर्योदय के अनुसार मानते हैं कुछ लोग नक्षत्र के अनुसार मानते हैं। इसका निर्णय ट्रस्ट नहीं करेगा। कहा कि यह तो ज्योतिष के विद्वान तय करेंगे। पंचांग भी सबके अलग-अलग हैं कोई काशी का पंचांग है कोई दिल्ली का पंचांग है इसलिए यह सामान्य बात है।

# अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर वसूल रहे दोगुना शुल्क

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मानक पर बने अयोध्या धाम जंक्शन पर मूलभूत सुविधाओं के नाम पर दोगुना शुल्क वसूले जाने का मामला सामने आया है। बस्ती जिले के पीड़ित रेल यात्री ने मामले की शिकायत पत्र भेज रेल मंत्री के प्रमुख सचिव से की है।

शिकायत में बस्ती जनपद के सोनहा थाना क्षेत्र स्थित कनेथू बुजुर्ग निवासीगण कृष्ण मोहन शुक्ला उर्फ संजय शुक्ला पुत्र स्वर्गीय राम बहादुर शुक्ला तथा घनश्याम मिश्रा पुत्र स्वर्गीय ज्वाला प्रसाद मिश्र का कहना है कि रविवार को वह लोग दोपहर बाद दो बजे अयोध्या पहुंचने पर उन्होंने तथा अन्य परिचित यात्रियों ने जंक्शन पर पुरुष संसाधन का प्रयोग किया। जहां पेशाब करने पर 10 रूपये व शौचालय का उपयोग करने पर 20 रुपये वसूला गया तथा रसीद भी नहीं दी गई। विरोध करने पर अभद्रता की गई तथा अधिकारियों से शिकायत पर जवाब मिला कि यहां शौचालय शुल्क महंगा लगता है तो बाहर चले जाइए। यात्रियों ने कहा कि पूरे मामले की जांच करवा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा न होने पर कुंवर ब्रह्मदेव उपाध्याय जनहित संस्था की ओर से विरोध बढ़ाया जाएगा। स्टेशन अधीक्षक विमल चौबे का कहना है कि ऐसी कोई शिकायत मेरे संज्ञान में नहीं आयी है।

## एक नजर

### डेढ़ दशक पूर्व हुई हत्या के इनामी आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** थाना राम जन्मभूमि पुलिस ने 17 वर्ष पूर्व हुई एक हत्या के मामले में फरार दो आरोपियों को अलग-अलग मंदिरों से गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ गोंडा जिले की पुलिस ने 15-15 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पड़ोसी जनपद गोंडा के थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित तुलसीपुर माझा निवासी महावीर सिंह की वर्ष 2007 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में पीड़ित परिवार ने गोविंद उर्फ संजय उर्फ विजय चेला सियानाथ पुत्र पुरुषोत्तम सिंह निवासी बड़इया थाना बड़इया जिला लखीसराय, बिहार एवं सीताराम दास उर्फ विजय चेला रामशरण दास हनुमान कुटी रामघाट अयोध्या के खिलाफ हत्या का मामला पंजीकृत कराया था।

### 56 वारंटी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनपद पुलिस ने अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल 56 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि सभी थाना और कोतवाली पुलिस को अदालत से जारी वारंट को लेकर विशेष गिरफ्तारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। 24 घंटे के भीतर विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 56 वारंटियों को गिरफ्तार कर संबंधित पुलिस ने उनका चालान किया है।

### 30 तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अन्य पिछड़ा वर्ग के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण बेरोजगार युवक/युवतियों से ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन मांगे गए हैं। यह प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जाएगा। आवेदन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से जारी वेबसाइट पर ऑनलाइन करना होगा। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय ने दी।

# सपा और कांग्रेस ने जनता को लूटा : शाही

मिल्कीपुर, अयोध्या


मिल्कीपुर में स्वयं सहायता समूह की महिला को किट प्रदान करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर के संत भीखा दास तपोस्थली पर कृषि विभाग की ओर से एकदिवसीय मिलेट्स मेला, सह-प्रदर्शनी, संगोष्ठी व किसान मेला आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा विशिष्ट अतिथि कामेश्वर सिंह ने 150 किसानों को सरसों, लाही के साथ 200 किसानों को उन्नतशील प्रजाति का सब्जी बीज किट वितरित किया। इसी के साथ ही स्वयं सहायता समूह की 9 महिलाओं को सिलाई मशीन भी प्रदान की गई। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के किसानों की आय दोगुना करने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। कहा इन लोगों ने गांव की भोली-भाली जनता को लूटने का काम किया है। कहा कि जो भी किसान सोलर पम्प लगवाना चाहते हैं, वे लोग आवेदन कर सकते हैं, किसानों को अनुदान के साथ कृषि यंत्र मिलेंगे। कहा, लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने खटाखट खटाखट 8500 रूपये देने की बात की लेकिन चुनाव बाद भूल गये। कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित कर किया।

▶▶ **कृषि मंत्री ने 150 किसानों को सरसों, लाही और 200 को बांटे उन्नतिशील सब्जी के बीज किट**

# 50 क्विंटल फूलों से सजेगा राम मंदिर

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में दीपावली के लिए चाइना सामानों को लगाए जाने की अनुमति नहीं होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि इस बार दीपावली पर 2 लाख दीप जलाये जाने के साथ भव्य समारोह के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस दौरान चीनी समान व लाइटों को लगाए जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राम जन्मभूमि परिसर में भव्य दीपोत्सव की भी तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर परिसर को फूलों से सुसज्जित किया जाएगा इसके लिए 50 क्विंटल फूल लगाए जाएंगे तो वहीं परिसर में प्रकाश व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किये जाएंगे, लेकिन इसके लिए चाइनीज झालरों का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

# 8 लाख के घपले के मामले में सचिव को नोटिस

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में हुए आठ लाख के घपले के मामले में ब्लॉक प्रशासन ने सचिव को नोटिस जारी की है। इसके साथ ही समस्त पत्रावलियों समेत सचिव अजय सिंह को ब्लॉक मुख्यालय भी तलब किया गया है। बता दें कि सोमवार के अंक में 'अमृत विचार' ने आठ लाख के घपले से घिरी पूराबाजार की दो पंचायतें शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए सोमवार को खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने यह कार्रवाई की है।

पूराबाजार ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों अंजना और जलालउदीनपुर में बिना पक्के बिल और शासन द्वारा निर्धारित स्वराज पोर्टल पर दर्ज किए बिना करीब आठ लाख की धनराशि आहरित कर ली गई। वह भी तब संबधित धनराशि के सापेक्ष कोई कार्य भी नहीं दिखाया गया है। इतना ही नहीं योजना तक का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। 28 सितम्बर को पंचायत अंजना में 2 लाख 93 हजार और जलालउदीनपुर में पांच लाख रुपए की धनराशि का बंदरबांट किया गया। गजब बात यह है कि दोनों पंचायतों के प्रधान भी खुद को इससे अनभिज्ञ बता रहे हैं। जबकि पंचायत में संयुक्त खाते का संचालन किया जाता है। नई जानकारी यह मिली है कि दोनों पंचायतों में जिन तिथियों में यह धनराशि निकाली गई है उसमें कोई मद का जिक्र नहीं किया गया है। सोमवार को खबर प्रकाशित होने के बाद दोनों पंचायतों में हलचल रही।

**खबर का असर**



7 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

> सचिव को नोटिस जारी की गई है। पत्रावली उपलब्ध कराने को कहा गया है। पत्रावली के साथ स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। यदि दोषी पाए जाते हैं तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। -अनुराग सिंह, खंड विकास अधिकारी, पूराबाजार

# जमीन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, एक की हालत गंभीर

संवाददाता, शुकुल बाजार


गंभीर रूप से घायल ग्रामीण। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार :** बैनामा की जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

थाना बाजार शुक्ल के अंतर्गत ग्राम बाजगढ़ की निवासी रानी पत्नी राजाराम के नाम से बैनामा है, को लेकर विपक्षी रामकृपाल पुत्र भवानी प्रसाद उर्फ कृष्ण कुमार कोरी से विवाद था। जिसमें उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के आदेश पर सोमवार को पुलिस बल के साथ राजस्व टीम उक्त जमीन पर कब्जा दिलाने गई थी। घायल के पुत्र सुधीर ने तहरीर में बताया कि अधिकारियों के चले जाने के बाद रामकृपाल तथा उनके पुत्र संतोष व सूरज तथा पत्नी गाली देते हुए अचानक पिता राजाराम को जमीन पर गिरा कर लात घूंसों और दंड से मारने पीटने लगे। जब परिजन बचाने दौड़े तो विपक्षियों ने उन्हें भी गाली देते हुए मारने पीटने लगे और जान से मार देने की धमकी दी। पिता को गंभीर चोटें आई हैं, जिनको इलाज के लिए सीएचसी बाजार शुक्ल ले जाया गया है। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक सवार युवक कुएं में गिरा, मौत

**भादर, अमेठी, अमृत विचार:** अमेठी के पीपरपुर थाना क्षेत्र के कल्यानपुर में सोमवार एक तेज रफ्तार बाइक सवार जर्जर कुएं में जा गिरा। मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल पीपरपुर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाते ही घटनास्थल पर पर पहुंच कर पीपरपुर थाने के सिपाहियों द्वारा फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। जानकारी के अनुसार 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाइक और युवक दोनों को कुएं से बाहर निकाला। कुएं से बाहर निकाल कर युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान सुल्तान पुत्र साबिर अली उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी कल्याणपुर के रूप में की गई।

# सामूहिक हत्याकांड से व्यापारियों में दहशत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शिवरतन गंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी चौराहे पर बीते गुरुवार की शाम किराए के मकान में रहने वाले शिक्षक सुनील कुमार के परिवार को आरोपी ने ताबड़तोड़ गोली चलाकर भून डाला था। कस्बे में सरेशाम चली गोलियों की तड़तड़ाहट अभी भी लोग पूरी तरह से नहीं भूल पा रहे हैं। घटना के छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी भी कस्बे के लोगों के कानों में वही गोलियों की आवाज गूंज रही है। इससे अभी भी लोगों के अंदर दहशत व्याप्त है।

कस्बे के व्यापारी जयकांत, लक्ष्मी, अतुल शुक्ल, विजय गुप्ता, राम मनोहर यादव, अमरीश जायसवाल ने बताया कि इस जघन्य हत्याकांड से सभी व्यापारी दहशत में हैं। हालांकि हत्याकांड की घटना के बाद शिवरतनगंज थाने के पुलिस कर्मियों को जरूर तैनात कर दिया गया। जबकि यही काम पुलिस को पहले कर देना था। शायद इतनी मौतें एक साथ न होतीं। कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर थाने की पुलिस सिर्फ खानापूर्ति करती है। इसे लेकर कस्बे के व्यापारियों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश भी व्याप्त है। हालांकि सोमवार को व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें खोलीं।

## सार-संक्षेप

### रामलीला समिति के अध्यक्ष ने कमिश्नर को दिया आमंत्रण


कमिश्नर को आमंत्रण पत्र देते अध्यक्ष राजेश मसाला।

**अमेठी, अमृत विचार :** अमेठी रामलीला समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी करीब 50 साल बाद फिर अगली पीढ़ी को मिली है। जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी राजेश मसाला को अमेठी रामलीला समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद इस बार रामलीला, दुर्गा पूजा और भरत मिलाप के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी क्रम में राजेश मसाला ने अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल से मुलाकात की और उन्हें इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। दरअसल, अमेठी अयोध्या कमिश्नरी का हिस्सा है।

### मां कालिकन धाम में बंटवाया दो क्विंटल सेब का प्रसाद


समाजसेवी संदीप पांडेय।

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** संग्रामपुर स्थित मां कालिकन धाम मंदिर में शारदीय नवरात्रि के मौके पर भक्तों की भारी भीड़ हो रही है। मां के दरबार में कल संध्या आरती में समाज सेवी संदीप पांडेय ने माता कालिकन धाम में प्रसाद की व्यवस्था की, जिसमें उन्होंने दो कुंतल सेब प्रसाद के रूप में वितरित कराया। समाजसेवी संदीप पांडेय, चंद्रा मोहन सेवा संस्थान के अध्यक्ष हैं। इनकी संस्था की तरफ से गरीब व असहाय लोगों की मदद की जाती है। संदीप पांडेय अमेठी ब्लॉक के रेभा गांव के निवासी हैं। वे गरीब बेटियों की शादी में भी अपना योगदान देते रहते हैं। प्रसाद वितरण के दौरान मुख्य रूप से श्री महराज, शोले सिंह, जगदम्बा तिवारी, अविनाश, विपिन दूबे, सुरज दूबे, विकास दुबे, शुभम मिश्रा, इंग्लेश सिंह, दीपक दुबे आदि लोग शामिल रहे।

### मंत्री पुत्र ने किया आरा मशीन का उद्घाटन


फीता काटकर आरा मशीन का उद्घाटन करते मृगांकेश्वर सरण सिंह।

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार।** तिलोई विधायक व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर सरण सिंह के ज्येष्ठ पुत्र मृगांकेश्वर सरण सिंह ने फीता काट कर आरा मशीन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इस आरा मशीन के लग जाने से से क्षेत्रीय आम जनमानस तथा लकड़ी उद्योग जगत से जुड़े लोगों को सहूलियत मिलेगी, जिससे उनको बाहर नहीं जाना पड़ेगा। क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमालपुर रामपुर के पूरे बादे सिंह निवासी अजय सिंह उर्फ सोनू सिंह ने ग्राम पंचायत किशुनपुर केवई के पास आरा मशीन का प्रोजेक्ट स्थापित किया है। इस मौके पर शुभम सिंह, प्रधान आदित्य पांडेय, प्रधान राकेश मौर्या, समर यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य आलोक सिंह, नेहरू सिंह, विपिन सिंह, पूर्व प्रधान संजय सिंह, गुड्डू मिश्रा, भोलई सिंह, प्रवेश सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


कांग्रेस की बैठक के दौरान उपस्थित पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

### कांग्रेस नेताओं ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** संग्रामपुर ब्लॉक मुख्यालय पर कांग्रेस के पदाधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें लोगों की समस्याओं को सुना गया। प्रार्थनापत्रों को केंद्रीय कार्यालय गौरीगंज भेजकर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा को अवगत कराया जायेगा और समस्या का समाधान करवाया जायेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजीव सिंह कसारा, शुभम सिंह युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष, बिजेंद्र लोहा सिंह युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमेठी, हीरामणि कनौजिया ब्लाक अध्यक्ष, ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, सुरेश शुक्ला, शिवेन्द्र सिंह, सुभाष सिंह, अभिषेक सिंह ओमप्रकाश पांडेय, बलराम वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख जियालाल, अमर नाथ, मनोज समेत समस्त ब्लाक के पदाधिकारी तथा ग्राम पंचायत अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशे में धुत सिपाहियों ने मजदूर को पीटा

गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** शराब के नशे में धुत लड़ाई कर रहे सिपाहियों को रोकना एक मजदूर को महंगा पड़ गया। बीचबचाव करने से नाराज सिपाहियों ने मजदूर की जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मामला सामने आने के बाद एसपी ने एक सिपाही को सस्पेंड कर दिया है और पूरे मामले की जांच सीओ मुसाफिरखाना को सौंपी गई है।

पूरा मामला जायस कोतवाली क्षेत्र का है। रायबरेली रोड पर स्थित एक ढाबे पर खाना खाने के बाद जायस थाने में तैनात तीन सिपाही आपस में भिड़ गए। पास से गुजर रहा एक मजदूर बीच बचाव करने पहुंच गया। यह सिपाहियों को नागवार गुजरा और सिपाहियों ने मजदूर उमेश कुमार की जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। मामला जब एसपी अनूप सिंह के संज्ञान में आया तो उन्होंने तत्काल घटना में शामिल एक सिपाही राकेश कुमार सिंह को सस्पेंड कर दिया और पूरे मामले की जांच सीओ मुसाफिरखाना को सौंपी दी है।

▶▶ **एसपी ने एक सिपाही को किया सस्पेंड, जांच शुरू**

# गैर समुदाय के भिखारी को डंडों से पीटा

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी


वायरल वीडियो में भिखारी की पिटाई करता आरोपी। अमृत विचार

▶▶ **भीख मांगना बुजुर्ग को पड़ा महंगा, वीडियो वायरल**

▶▶ **आरोपी को पुलिस ने लिया हिरासत में**

**अमृत विचार।** जनपद में गैर समुदाय के घर जाकर भीख मांगना बुजुर्ग भिखारी को महंगा पड़ गया। अपने घर के सामने बुजुर्ग भिखारी को खड़ा देख गृहस्वामी ने भिखारी की डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है, लेकिन पीड़ित की तरफ से अभी थाने में तहरीर नहीं दी गई है।

मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र के भगीरथपुर गांव का है, जहां सोमवार सुबह एक बुजुर्ग मुस्लिम भिखारी गांव के रहने वाले विजय बहादुर सिंह के घर के सामने पहुंच गया। मुस्लिम बुजुर्ग भिखारी को घर के बाहर खड़ा देख विजय बहादुर आगबबूला हो गया और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए डंडों से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान बुजुर्ग लगातार रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन दबंग उसकी पिटाई करता रहा। इस बीच एक व्यक्ति ने बीच बचाव करने की भी कोशिश की, लेकिन आरोपी लगातार बुजुर्ग भिखारी को पीटता रहा। पूरे मामले पर मोहनगंज थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है अगर तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बोर्ड में उतरे करंट से किशोर की मौत

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार:** घर में लगे बिजली के बोर्ड में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। मामला तारुन थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रामदासपुर का है। राघवराम ने बताया कि सोमवार की सुबह 8:30 बजे उनका बेटा अरुण वर्मा 17 वर्ष मकान के अंदर लगे कमरे के बोर्ड में पंखे का प्लग लगा रहा था। इसी दौरान प्लग में विद्युत करंट उतर आया और इसकी चपेट में बेटा आ गया। परिजन आनन फानन में उसे सीएचसी तारुन ले आए। जहां मौजूद चिकित्सक ननकूराम ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# चयनित पांच बच्चों को किया सम्मानित

शुकुल बाज़ार, अमेठी


प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया गया पुरस्कृत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता का आयोजन केसीआरसी इण्टर कॉलेज में किया गया। इस प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय व कम्पोजिट विद्यालय के कक्षा 6,7 व 8 से 3 बच्चों को प्रति विद्यालय ने प्रतिभाग कराया।

प्रथम चरण में बच्चों ने बहुविकल्पीय प्रश्नों की परीक्षा दी। परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉप 25 बच्चों ने क्विज़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसके बाद टॉप 5 बच्चों को साक्षात्कार कर चयन किया गया, जिन्हें जिले स्तर की प्रतियोगता में प्रतिभाग करना होगा। प्रतियोगिता में पहला स्थान राजकुमारी, दूसरा स्थान रितु, तीसरा स्थान सोनी, चौथा स्थान रितु कुमारी, पांचवां स्थान आदित्य ने प्राप्त किया। अब ये बच्चे जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला ने पांचों बच्चों को शील्ड व प्रमाण पत्र दिया, साथ ही स्टेशनरी किट का वितरण भी किया। साथ ही साथ अन्य प्रतिभागियों को भी स्टेशनरी किट तथा प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। यह प्रतियोगिता विक्रमादित्य तिवारी व अनूप तिवारी के देखरेख में हुई।

▶▶ **केसीआरसी इण्टर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता आयोजित**

# ई-रिक्शा पलटने से 8 लोग घायल

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी


हादसे में घायल महिलाएं व बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के कटरा कसारा के पास ई-रिक्शा पलटने से आठ लोग घायल हो गए। सभी कालिकन धाम में दर्शन करके घर वापस रामनाथ पुर जा रहे थे। सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया। जिसमें एक बुजुर्ग महिला और एक 10 वर्षीया लड़की को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शेष घायलों का इलाज केंद्र पर चल रहा है।

सूचना पर संग्रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। जानकारी के अनुसार, रंग बहादुर निवासी छोटा रामनाथपुर सोमवार को परिवार और रिश्तेदारों के साथ ई-रिक्शा से कालिकन धाम दर्शन करने आये थे। सांयकाल करीब 5 बजे ये लोग ई-रिक्शा पर बैठकर बच्चों सहित 10 लोग ई-रिक्शा से वापस जा रहे थे। कटरा कसारा मोड़ के पास कुत्ता आ गया, उसको बचाने में ई-रिक्शा पलट गया, जिसमें बैठे सभी सवार घायल हो गये। इसमें रंग बहादुर के पिता राम कृपाल उम्र 60 वर्ष, माता मुरेना 58 वर्ष, पत्नी किरन 30 वर्ष, रिश्तेदार सोना देवी उम्र 65 वर्ष, पुत्री मानसी 10 वर्ष, पुत्री जान्हवी 7 वर्ष, पुत्र कार्तिक उम्र 5 वर्ष व चालक घायल हो गया। जिसमें सोना देवी और मानसी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# अड़हुल के फूलों से हुआ स्कंदमाता का श्रृंगार

## भक्तों ने उतारी आरती, देवी मंदिरों में देर रात तक लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार** : शारदीय नवरात्र के शुरु होने के बाद से ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन देवी मंदिरों में मां स्कंद माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में काफी भीड़ रही। शक्ति पीठ मां कल्याणी देवी, अलोप शंकरी, ललिता देवी समेत अन्य मंदिरों में स्कंद माता के रूप में मां का भव्य श्रृंगार किया गया है। सोमवार को मंदिरों में देवी की आराधना और भव्य पूजा की गयी। देवी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा।

शारदीय नवरात्र पर नवदुर्गा का पांचवां स्वरूप स्कंदमाता का है। कार्तिकेय (स्कन्द) की माता होने के कारण इनको स्कन्द माता कहा जाता है। माता चार भुजाधारी, कमल के पुष्प पर विराजमान रहती हैं। जो भक्त स्कंदमाता की विधि विधान से उपासना करते हैं, माता उन पर अपनी संतान के समान स्नेह प्रदान करती हैं। शारदीय नवरात्र पर संगम नगरी प्रयागराज में देवी मंदिरों में भक्तों की भारी हुजूम दिख रहा है। अलोपशंकरी, कल्याणी देवी, ललिता देवी के साथ ही अष्टभुजी देवी सहित शिवकुटी, राजरूपपुर, धूमनगंज, सुलेमसरांय, कटरा, सिविल लाइंस, टैगोर टाउन, चौक, जीरो रोड, लीडर रोड, खुल्दाबाद, राजापुर, बेली रोड, फाफामऊ, झूंसी, नैनी सहित शहर के सभी इलाकों में स्थित देवी मंदिरों में भारी भीड़ रही। पूजन अर्चना और दर्शन का दौर भोर से ही शुरू रहा। मंदिरों में देवी का मां भगवती के पांचवे स्वरूप श्री स्कंद माता के स्वरूप में श्रृंगार किया गया। पुष्प, अक्षत, रोली, चंदन, मिष्ठान्न, नैवेद्य के साथ भगवती की आराधना की गई।

प्रयागराज की शक्तिपीठ अलोप शंकरी समेत दूसरे देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्त देवी मां के दर्शन-पूजन कर मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामना करने के लिये लोग पहुंचे। शक्तिपीठ अलोप शंकरी में तो भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।


शक्तिपीठ मां कल्याणी देवी मंदिर में हुआ श्रृंगार। अमृत विचार


मां की पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## मां शीतला के दरबार में उमड़ी भीड़

**जौनपुर** : मां शीतला चौकियां धाम में शारदीय नवरात्र के नवरात्र के 5वें दिन माता स्कंदमाता स्वरूप में भक्तों ने माता रानी का दर्शन पूजन किया। प्रात :काल 4 बजे मन्दिर के कपाट खुलने के पश्चात माता रानी का भव्य श्रृंगार करके आरती-पूजन किया गया। नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के 5वें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गयी। स्कंदमाता माता की पूजा करने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। स्कंदमाता अपने भक्तों के सभी काम बना देती हैं। असम्भव से असम्भव कार्य उनकी पूजा से पूरे हो जाते हैं। साथ ही स्कंदमाता की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति को संतान सुख की प्राप्ति भी होती है। साथ ही व्यक्ति को सभी दुख–दर्द से छुटकारा मिलता है। भगवान शिव की अर्धांगिनी के रुप में मां ने स्वामी कार्तिकेय को जन्म दिया था। भगवान कार्तिकेय का दूसरा नाम स्कंद है, इसलिये मां दुर्गा के इस रुप को स्कंदमाता कहलाया। मां स्कंदमाता की 4 भुजाएं हैं। मां भगवान कार्तिकेय को अपनी गोद में लेकर शेर पर सवार रहती है। मां के दोनों हाथों में कमल है। साथ ही स्कंदमाता की पूजा में धनुष बाण अर्पित करने चाहिए। पीले रंग का वस्त्र पीले, फूल, इलायची, केला, केसर का खीर का भोग लगाकर विधि विधान से पूजा करनी चाहिए। चौकियां धाम में मन्दिर खुलने के पूर्व ब्रम्ह मुहूर्त से ही माता रानी के दर्शन के लिये भक्तों की लम्बी कतार लगी रही।

## एक नजर

### बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ दावा प्रस्तुत करें

**जौनपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जनपद के समस्त वक्फ बोर्ड के प्रबन्धकों को अवगत कराया कि सम्बन्धित वक्फ के रख–रखाव हेतु कोषागार को एन्यूटी मद में बजट हो चुका है। कृपया समस्त सम्बन्धित कोषागार में अपने बैंक पास बुक की छाया प्रति के साथ उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत करें जिससे वक्फ से सम्बन्धित दावे का भुगतान किया जा सके। यह भुगतान उन्हीं से सम्बन्धित है जिन्हें एन्यूटी रोल प्राप्त हुये हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

**जौनपुर, अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत सिंह ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

### एसडीएम ने गोशाला का निरीक्षण कर लगाई फटकार

**प्रतापगढ़** : उपजिलाधिकारी दीपक वर्मा ने सोमवार को अचानक चंदी गोविंदपुर व बुढ़ौरा गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान दोनों गोशाला में गेट पर ताला लटक रहा था। गोवंश इधर–उधर भटक रहे थे। निरीक्षण के दौरान जानवरों को चारा की व्यवस्था नहीं मिली। उन्होंने गोशाला से जुड़े जिम्मेदारों को फटकार लगाई। एसडीएम ने अव्यवस्था के बारे में डीएम व सीडीओ को अवगत कराया। इसके बाद एसडीएम ने मूर्ति विसर्जन के लिए जामताली सई नदी पुल के किनारे कृत्रिम तालाब खुदाई स्थल का निरीक्षण किया।

### पटाखे की दुकानों का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़** : उपजिलाधिकारी दीपक कुमार वर्मा, सीओ विनय प्रभाकर साहनी ने सोमवार को तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर, मिर्जापुर, चौहरी, दुर्गागंज बाजार जामताली सहित कई बाजारों में लाइसेंसी पटाखे के दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पटाखा संचालकों में खलबली मची रही। एसडीएम ने पटाखों की संख्या का स्टॉक रजिस्टर आदि देखा और मानक अनुसार पटाखों की बिक्री व स्टॉक रखने की बात कही।

### आरपीएफ जवान का महाराष्ट्र में अंतिम संस्कार

**प्रतापगढ़** : रानीगंज के जामताली पंडितान निवासी 35 वर्षीय संजय मिश्र आरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर महाराष्ट्र अकोला के गाय स्टेशन पर तैनात थे। शनिवार रात डिपो में ड्यूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल होने पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद संजय मिश्र का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर उनके अकोला स्थित आवास पर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। उमरी शमशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ विभागीय अधिकारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### आरोग्य मेले में पशुपालकों को वितरित की दवाएं

**प्रतापगढ़** : विकासखंड बाबागंज के राय असकरनपुर में पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नि :शुल्क दवा का वितरण किया गया। कुल 620 पशुओं का पंजीकरण किया गया। शिविर में नि :शुल्क कृमिनाशक दवापान, शल्य चिकित्सा, बांझपन चिकित्सा, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुधन बीमा की जानकारी देते हुए पशुपालकों को जागरूक किया गया। मुख्य उप पशु चिकित्साधिकारी डा .सुशील के निर्देश पर लगे शिविर में पशुओं में होने वाली बीमार से निजात के बारे में पशुपालकों को जानकारी दी गई।

# सगाई समारोह में लड़की के भाई ने की हर्ष फायरिंग, बच्चे की मौत

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज



**अमृत विचार**: सगाई समरोह में मशगूल लड़की के भाई ने हर्ष फायरिंग कर दी। गोली लगते ही मौके पर एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची करछना पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया। घटना के बाद पल भर की खुशी मातम में बदल गई। बच्चे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मौके से फायरिंग करने वाला लड़की का भाई फरार हो गया। पुलिस युवक की तलाश के साथ घटना की जांच कर रही है। मामला यमुनानगर के करछना थाना क्षेत्र के केचुहा गांव में सोमवार की है।

मेजा थाना क्षेत्र के भसुंदर खुर्द गांव के रहने वाले राजकरन यादव के बेटे सूरज यादव की सोमवार को सगाई थी। शगुन लेकर राजकरन का परिवार रिश्तेदारों और परिवार के साथ करछना के केचुहा गांव में पप्पू यादव के यहां पहुंचे थे। राजकरन के बेटे सूरज की पप्पू यादव की बेटी से सगाई होनी थी। सगाई कार्यक्रम के दौरान लड़की के भाई दिनेश यादव ने रायफल से हर्ष फायरिंग कर दी। गोली लगने से सगाई में गए राजकरन के परिवार के ही ज्ञानशंकर यादव का पांच वर्षीय बेटे कार्तिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गोली लगने से राजकरन की आठ वर्षीय नाती आयुष पुत्र जयसिंह यादव निवासी भीटार करछना व 12 वर्षीय नातिन राधा पुत्री दीपनारायण निवासी कूंची मेजा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। लोग भागने लगे। उस दौरान फायरिंग करने वाला लड़की का भाई दिनेश मौके से फरार हो गया। खुशी वाले घर में मातम छा गया। परिवार को लोग खून देख चीत्कार मारकर रोने लगे। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

**▶▶ दो घायल, पल भर में छाया मातम परिवार में मचा कोहराम**

> सगाई समारोह में लड़की के भाई ने हर्ष फायरिंग की है। एक बच्चे की मौत हुई है। जो घायल हैं उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। गोली चलाने वाले की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना की जांच की जा रही है।
>
> –विवेक यादव, डीसीपी यमुनानगर

# अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन


एसडीएम लालगंज नैनसी सिंह को मांगपत्र सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

लालगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार** : संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ला, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी व महामंत्री सूर्यकांत निराला के नेतृत्व में लालगंज तहसील में अधिवक्ताओं ने सोमवार को भी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

इसके बाद नाराज अधिवक्ताओं ने डीएम को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ संदीप सिंह व पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी में समय व स्थान बदलने जाने का अधिवक्ताओं ने विरोध किया। अधिवक्ताओं ने कहाकि जब पुलिस ने दोनों साथियों को घर से गिरफ्तार किया तो उसमें समय व स्थान कहीं और का क्यों दर्शाया गया है। अधिवक्ताओं ने मामले को लेकर मजिस्ट्रेटी जांच कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने में अभिषेक शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुड्डू, अनिल त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक समेत दो पर एफआईआर का आदेश

**जौनपुर, अमृत विचार** : 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे राजा संग्राम सिंह के नेवढ़िया कोट स्थित कीर्ति स्तंभ में तोड़फोड़ व शिलापट से ढकने के मामले में उनके पौत्र पूर्व जिला जज राजेंद्र सिंह ने पूर्व विधायक जफराबाद डॉक्टर हरेंद्र प्रसाद सिंह व ठेकेदार दिलीप तिवारी के खिलाफ कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया।

एसीजेएम एमपी/एमएलए कोर्ट ने प्रथम दृष्टया मामला पाते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष नेवढ़िया को दिया। एफआईआर दर्ज कर कॉपी तीन दिन में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश हुआ।पूर्व जिला जज व राजा संग्राम सिंह जन कल्याण संस्थान नेवढ़िया कोट के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने पूर्व विधायक जफराबाद डॉक्टर हरेंद्र प्रसाद सिंह व दिलीप तिवारी ठेकेदार के खिलाफ एसीजेएम एमपीध् एमएलए कोर्ट में धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी वीरवर राजा संग्राम सिंह की यादगार में नेवढ़िया कोट पर उनके स्मारक का निर्माण व लोगों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं व अन्य योजनाओं के लिए ट्रस्ट बनाया गया। संग्राम सिंह के पुत्र वादी के पिता हरि मूर्ति सिंह सेवानिवृत आईएएस व पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति थे। हरि मूर्ति सिंह व शेष भाइयों ने व गांव दलपतपुर के कुछ मानिंद लोगों ने मिलकर ट्रस्ट का पंजीकरण 12 अप्रैल 1994 को कराया। नेवढ़िया कोट पर एक कीर्ति स्तंभ का निर्माण किया गया। राजा संग्राम सिंह जनकल्याण संस्थान ट्रस्ट जनपद समेत पूरे देश और प्रदेश में विख्यात रहा।

# फूलपुर उपचुनाव: बीजेपी सरकार में दलितों पर हो रहा हमला: इंद्रजीत

**प्रयागराज, अमृत विचार**: फूलपुर में होने वाले उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओ में जोश और उत्साह भरने के लिए सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा बीजेपी सरकार में लगातार दलितों पर अत्याचार किया जा रहा है। अभी हाल में ही अमेठी में हुई एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या की पुलिस एवं प्रशासन की लापरवाही का ताज़ा उदाहरण है। पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज ने फूलपुर में होने वाले उप चुनाव को लेकर आयोजित की गई बैठक में पार्टी के जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को उन्हें उनकी शक्ति को याद दिलाने का काम किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि पीडीए की एकता और मजबूती से बीते लोकसभा चुनाव में आये रिजल्ट से भाजपा के अंदर डर पैदा हुआ है।

बैठक में एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती हैं। पार्टी की नीतियों और सपा सरकार में किए गये कार्यों को जनता के बीच बताने के साथ ही भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यों से जागरूक भी करना होगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, मंसूर आलम आदि मौजूद रहे।


प्रयागराज फूलपुर में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते इंद्रजीत सरोज।

**तैयारी** | उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने आयोजित की बैठक

# उपचुनाव मझवां में सपा की होगी जीत : देवी चौधरी

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जिले के मासिक बैठक में 397, मझवां विधानसभा उपचुनाव के अलावा 29 अक्टूबर से मतदाताओं को जोड़ने के अभियान में समाजवादी पार्टी के जोनल, सेक्टर प्रभारी जी जान से जुटने का काम करें। यह उदगार मझवां विधानसभा के बाणापुर में आयोजित जिले की बैठक में कही।

श्री चौधरी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के अलावा बूथ स्तर को भी मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर को कांशीराम की पुण्यतिथि, 10 अक्टूबर को नेताजी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि, 11 अक्टूबर को जयप्रकाश नारायण की जयन्ती एवं 12 अक्टूबर को डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पार्टी के जिला कार्यालय पर यादगार के रूप में मनाया जायेगा।

बैठक में पूर्व सांसद रमेश बिन्द, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, रामराज पटेल, आशीष यादव, सुरेन्द्र पटेल, राजनारायन निराला, राजेश भारती, झल्लू यादव, रामजी मौर्या, आदर्श यादव, राम गोपाल बिन्द, सुनील पटेल, संजय यादव, शैलेष पटेल, राणा प्रताप सिंह, संतबीर मौर्या, जमुना यादव, भूप नरायन यादव, सतीश मिश्रा, अमिताभ पाण्डेय, अरशद अली, इन्दु कुमारी आदि ने अपने-अपने विचार रखे।



बैठक को संबोधित करते सपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# यात्रियों से लूट करने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

**प्रयागराज, अमृत विचार**: रेलवे स्टेशन, बस अड्डे के आसपास यात्रियों से लूट करने वाले 5 बदमाशों को पुलिस और एस ओजी ने सोमवार को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की हि। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों के पास से 6 लाख कीम के 41 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। सभी के खिलाफ कार्रवाई कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। पकड़े गए बदमाश मोबाइल छीनने में माहिर थे। बदमाशों के पास से 14,600 रुपये नकद भी बरामद हुए हैं।

बताया जाता है कि यमुनापार इलाके में मोबाइल लूट, छिनैती की घटनाएं लगातार हो रही थीं। इसी के बाद मेजा थाने की पुलिस और एसओजी यमुना नगर की संयुक्त टीम लगाई गईं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की फोटो मिलीं। फिर पहचान कर उन्हें पकड़ा गया। सोमवार को नवोदय विद्यालय मोड़ के पास शिवकुमार पुत्र कुंवर बहादुर सिंह निवासी कोल्हेपुर मेजा, सुभाष कुमार यादव पुत्र शारदा प्रसाद निवासी परमान्दपुर रिखीपुर हंडिया, वाल्मीकी पुत्र कुल्लू निवासी हरिजन बस्ती दारागंज, हसनैन पुत्र मो. जाहिद उर्फ मकबूल निवासी अकोड़ा, कौंधियारा और अजय आदिवासी पुत्र रघ्घू आदिवासी निवासी मइयन थाना वैराड जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सार-संक्षेप

### अदलपुर शीतला धाम में भक्तों की लगी कतार



**सीखड़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में स्थित अदलपुरा शीतला माता मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास का केन्द्र है। नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को करीब डेढ लाख भक्तों ने माता शीतला के दर्शन पूजन किए, नवरात्र के दिनों में मां के दरबार में दूर- दूर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आकर मनोकामना पूर्ति के लिए व्रत और अनुष्ठान रख कर मां के चरणों में शीश नवाते है। मनोकामना पूर्ण होने पर महिलाएं कढ़ाई चढ़ा कर हलुआ, गुलगुला, चना, बतासा, नारियल चुन्नी, पूरी मिष्ठान चढ़ाती है और मां की पूजा अर्चना करती है। नवरात्र के पांचवें दिन धाम में देर रात्रि लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर मां के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भोर में स्नान करने के लिए गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। जैसे ही मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए मन्दिर का कपाट खुला मां की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। घंटा, घड़ियाल की कल कल ध्वनि और जय माता दी की जयकारे से पूरा मन्दिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। विजय पुजारी ने बताया कि पाचवे दिन डेढ लाख श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में शीश नवाया है। यह धाम मा गंगा जी के तट पर स्थित है, यहा दर्शन से मन को शांति मिलती है शासन और प्रशासन दोनो की ड्यूटी लगी है चुनार के लेखपाल राजेश ने बताया कि आज हर दिन की अपेक्षा ज्यादा भीड थी, तेज धूप होने पर भी लोगो मे पूरा जोश था! गोताखोरों के साथ नाव पर तैनात पुलिस कर्मी श्रद्धालुओ को बराबर हिदायत दे रहे है कि ज्यादा गहरे पानी मे न जाय, डूबने से बचे, नायब तहसीलदार , लेखपालों के साथ खोया पाया लोगो को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे है।

### भरत चौक को आकर्षक बनाने पर ईओ सम्मानित

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद बेल्हा कार्यालय में सभासदों द्वारा बोर्ड की बैठक में शहर के घण्टाघर चौक का नाम बदलकर भरत चौक किया गया। भरत चौक नामकरण कराने और उसका स्वरूप बदल कर आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार को वार्ड सभासदों ने सामूहिक रूप से अंगवस्त्र एवं पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। सभासदों ने कहा कि भरत चौक को मधुबनी रंगाई एवं विशेष रूप से आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। इस अवसर पर अनिल सिंह, सुनील दुबे, विजय सोलंकी, आशुतोष सिंह, योगेश सिंह, राकेश पटेल, बसन्त लाल, तुषार दत्त मिश्र, धीरज सिंह, अमृत लाल, अवधेश कुमार, शिव शंकर मिश्र, अज्जू श्रीवास्तव, रमेश मौर्या, दीपक, पवन, मुफीज अहमद, धर्मशाल शुक्ल आदि सभासद उपस्थित रहे।

### कालिकन मंदिर की साफ-सफाई का दिया निर्देश

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार** : त्योहारों के मद्देनजर उप जिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी धर्म स्थलों पर साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल तथा बिजली व्यवस्था सुचारू रखने का दिया निर्देश। इस दौरान खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इसी क्रम में बड़ोखर कालिकन मंदिर सहित स्थापित नवदुर्गा पंडालो का भी उन्होंने निरीक्षण किया। एसडीएम ने मूर्ति विसर्जन के लिए तालाबों व बड़ी नहर पत्थरताल का भी निरीक्षण कर खंड विकास अधिकारी को तालाबों के साफ–सफाई का आदेश जारी किया।

### सड़कों से सम्बन्धित प्रस्तावों की हुई समीक्षा

**जौनपुर** : राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में जनपद की सड़कों से सम्बन्धित प्रस्तावों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जन प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग की नवीनीकरण, विशेष मरम्मत, नवनिर्माण चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से सम्बन्धित लगभग 2342 मार्गों लम्बाई 3259 .852 किमी की करीब 1096 करोड़ की परियोजनाओं के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त के प्रस्ताव जो अभी कार्य योजना में शामिल नहीं है उनको भी कार्ययोजना में शामिल करने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में राज्यमंत्री द्वारा धर्मार्थ कार्यों के तहत मार्गों का चौड़ीकरण, ग्रामीण मार्गो के नवनिर्माण, राज्य सड़क निधि के तहत परियोजनाओं, जिला पंचायत से सम्बन्धित सड़को के मरम्मत, श्री कृष्णा नगर में फ्लाईओवर सहित अन्य प्रस्तावित परियोजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराई जाने के निर्देश दिए गए। पॉलिटेक्निक से भदोही तक की सड़क को ठीक किए जाने के साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित की जाए, इसके साथ ही दुर्घटना से सम्भावित होने वाले पुलो का आगणन प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शास्त्री पुल पर निर्माण कार्य चल रहा है जिसकी वजह से जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है उसे तत्काल ठीक कराया जाए, जिससे आमजनमानस को समस्या का सामना न करना पड़े राज्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए जिन सड़कों पर गड्ढे हो उनकी पैचिंग कर दी जाए, इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाए। इस अवसर पर विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्रा, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विधायक आरके पटेल, एमएलसी बृजेश सिंह ''प्रिन्सू'', जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव का किया गया स्वागत।

### फूल तोड़ने को लेकर चले लाठी डंडे, चार घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** पतरखुरा गांव में एक व्यक्ति के दरवाजे के सामने उसकी जमीन पर गेंदा का फूल है। पड़ोसी अपने जमीन में फूल होने का दावा करते हुए फूल तोड़ने लगे। महिला के मना करने पर दोनों पक्षों की महिलाओं में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के पुरुष व महिलाएं लाठी डंडा लेकर आमने–सामनेआ गए और जम कर एक दूसरेपरलाठीयां बरसानेलगे।मारपीट में 18 वर्षीय डुरंब,13 वर्षीया निर्मला व प्रीति, 15 वर्षीय नेहा और 53 वर्षीय बंगाली गंभीर रूप सेजख्मी हो गए। पांचों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद निर्मला कीहालत गंभीर देख मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्धमुकदमा पंजीकृत कार्यवाही मेंजुटी गई है।

### घर में बने खाने से दादा-दादी और पोती की मौत, दो बीमार

**मिर्जापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के टीकापुर मसारी गांव मेंरविवार की रात देहात कोतवाली क्षेत्र के टीकापुर मसारी गांव मेंरविवार की रात घर में बने उड़द के दाल का बड़ा खाने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य की तबियत खराब हो गई। इनमें बच्ची की तबियत ठीक हो जाने पर घर भेज दिया गया। मरने वालों में दादा, दादी और पोती शामिल हैं। चिकित्सकों ने फूड प्वाइजनिंग से मौत होने की आशंका जताई है। मौके पर पहुंची पुलिस मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाली के गुरुगुसंडी चौकी क्षेत्र के टीकापुर मसारी गांव निवासी 70 वर्षीय टेढ़ई बिंद के घर रविवार की रात आठ बजे उड़द की दाल का बड़ा बना था। टेढ़ई बिंद की पत्नी 65 वर्षीय पतिया देवी, उनकी 13 वर्षीय पोती सीता कुमारी पुत्री मुन्नूलाल बिंद, छह वर्षीय गीता देवी, पुत्र 40 वर्षीय रमाशंकर, बहू 25 वर्षीय रानी देवी पत्नी आशीष ने उड़द का बड़ा खाया। कुछ देर बाद लगभग नौ बजे रात सभी की हालत बिगड़ने लगी।

### एसडीएम सदर ने 47 कोटेदारों पर लगाया जुर्माना

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र ने सरकारी कार्यों में उदासीनता पर तहसील सदर के 47 कोटेदारों पर जुर्माना लगया है जिससे कोटेदारों में हड़कंप मच गया है। उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र ने समय से प्रति माह खाद्यान नहीं उठाने पर शासकीय कार्यों में उदासीनता बरतने पर विरशाहपुर, दुबरा पहाड़ी, बरकछा खुर्द , ठेड़वा, अहमलपुर,बरकछा कला, धनी पट्टी,परवा राजधर, दुल्हपुर, भुइली पाण्डेय, सिरसी बघेल,भौरूपुर, विजयपुर, शिवपुर, ऊंचडीह,काशी सरपती, विजयपुर, खैरा, बजटा, रंन्नोपट्टी, मैहड़ौरा, कसधना, नदनी,गडौली, आही, बडापुर, आही,महरवरी, हरदरा, कल्याणपुर, कटका, पडेरी, सरावा, दियाव, गढ़गेड़ी, हरसिंगपुर, मुजेहरा खुर्द, विष्णुपट्टी, लखनपुर,नवठिया,महंगीपुर,विरोहिया,रामनगर सिकरी,गोपालपुर,टैगा,खुटाहा साहू,गहिरा के कोटेदार द्वारा प्रतिमाह समय से खाद्यान का उठान न करने पर शासकीय कार्यों में उदासीनता मानते हुए कोटेदारों पर एक एक हजार रूपये का जुर्माना लगया है। कोटेदारों पर लगाया गया जुर्मना शसकीय खाते में जमा करने का निर्देश दिया है उपजिलाधिकारी सदर के इस कार्यवाही से कोटेदारों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र ने बताया कि कोटेदारों द्वारा प्रतिमाह समय से राशन का उठान नहीं करने पर शासकीय कार्यों में उदासीनता बरतने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर कुल 47 कोटेदारों पर एक एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कुल 47000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल, गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल प्रति कुन्तल, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, दाल दलहन, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-620, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000, राज्मा काला 11500-12500, मूंगफली का दाना 11000-12000, तेल तिलहन, अलसी 5310-5510, लाही 4800-5200, काली सरसों 4900-5300, पीली सरसों 5600-5800, तेल सरसों (प्रति 15 1475-1900, तेल अलसी 2600-2700, तेल तिल्ली 2600-2700, तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500, तेल नारियल 2700-2800, तेल सोयाबीन 1650-1700, वनस्पति , बावर्ची 1900, रथ 1950, चीनी (एम 30) 4250, चीनी (एस 30) 4100, गुड़ पंसेरा 5000, गुड लड्डू 5200, आटा मैदा, मैदा 3000-3100, आटा 2700-2900।

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,250 |
| सोना रवा | 78,100 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 94,600 |
| चांदी (999) | 94,500 |
| चांदी सिक्के (100 ग) | 80,000 |

# शेयर बाजार डेढ़ माह के निचले स्तर पर

## सेंसेक्स लुढ़ककर 638.45 अंक पर पहुंचा, चौतरफा बिकवाली से गिरा बाजार

मुंबई, एजेंसी



इजराइल-ईरान तनाव और चीन के प्रोत्साहन पैकेज के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार लगातार छठे दिन गिरता हुआ आज डेढ़ माह के निचले स्तर पर आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.45 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब डेढ़ माह के निचले स्तर 81,050.00 अंक पर आ गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 218.85 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 24,795.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.85 प्रतिशत प्रतिशत लुढ़ककर 47,019.08 अंक और स्मॉलकैप 3.27 प्रतिशत कमजोर होकर 54,117.72 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4178 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3422 में गिरावट जबकि 636 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों में बिकवाली जबकि 10 में लिवली हुई। विश्लेषकों के अनुसार, मध्य-पश्चिम में बढ़ते तनाव के बावजूद वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार लचीले रहे हैं। इक्विटी बाजारों के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात यह है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत है, जहां सितंबर में गैर-कृषि नौकरियों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से 2.54 लाख रही। मजबूत अर्थव्यवस्था और अमेरिका के बाजार में घटती मुद्रास्फीति एक बड़ी सकारात्मक बात है। बीएसई में आईटी और टेक की 0.46 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 2.54, सीडी 1.49, ऊर्जा 2.46, एफएमसीजी 0.73, वित्तीय सेवाएं 1.90, हेल्थकेयर 1.01, इंडस्ट्रियल्स 2.38, दूरसंचार 2.49, यूटिलिटीज 3.63, ऑटो 0.38, बैंकिंग 2.10, कैपिटल गुड्स 2.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.89, धातु 2.24, तेल एवं गैस 2.38, पावर 3.14, रियल्टी 1.15 और सर्विसेज समूह के शेयर 3.12 प्रतिशत टूट गए।

### विदेशी डैक्स में भी गिरावट की गई दर्ज

पिछले सप्ताह के अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़ों से मंदी की आशंका दूर होने, ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने तथा कम से कम शुरुआत में डॉलर और इक्विटी को समर्थन मिलने के बाद बेंचमार्क 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड सोमवार को चार प्रतिशत तक बढ़ गई। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.36, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 1.60 और चीन का शंघाई कंपोजिट 8.06 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.28 प्रतिशत की गिरावट रही।

### निवेशकों के 8.9 लाख करोड़ रुपये डूबे

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहने से निवेशकों की संपत्ति 8.90 लाख करोड़ रुपये घट गई। शेयर बाजार में इस बड़ी गिरावट की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 8,90,153.84 करोड़ रुपये घटकर 4,51,99,444.70 करोड़ रुपये (5.38 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 4,521.85 अंक यानी 5.28 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। इससे निवेशकों को कुल 25.16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 3,493 नुकसान में रहे जबकि 568 शेयरों में तेजी रही और 117 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# भारत, यूएई खाद्य गलियारे पर दो अरब डॉलर निवेश : गोयल

- हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा

मुंबई, एजेंसी

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दो अरब डॉलर के अनुमानित निवेश से एक खाद्य गलियारा स्थापित करेंगे जो यूएई एवं अन्य खाड़ी बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा। इससे भारत के किसानों को अधिक आमदनी एवं अधिक रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बारे में यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाने के लिए एक छोटा कार्यसमूह भी गठित किया गया है जिसमें केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकारें और यूएई शामिल हैं। गोयल ने कहा भारत में खाद्य पार्कों की स्थापना के बारे में बहुत विस्तार से चर्चा की गई। इससे जुड़ा बुनियादी काम काफी हद तक पूरा हो चुका है। यह एक और क्षेत्र है जो किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगा, हमारे हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और यूएई की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। यूएई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और खाद्य पार्क लॉजिस्टिक में निवेश के लिए लगभग दो अरब डॉलर की शुरुआती प्रतिबद्धता जताई है। भारत से यूएई को खाद्य उत्पाद पहुंचाने के लिए लॉजिस्टिक सुविधाओं की जरूरत होगी। उन्होंने कहा हमने केंद्र एवं राज्य सरकारों और यूएई की भागीदारी वाले एक छोटे कार्यसमूह का गठन किया है, जो दोनों देशों के बीच एक खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाएगा।

# केंद्र ने दिल्ली में 65 रुपये प्रति किलो के भाव पर टमाटर की बिक्री शुरू की

- अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने सोमवार को आम आदमी को राहत देने और बिचौलियों द्वारा असामान्य रूप से कमाये जाने वाले मुनाफे पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचना शुरू किया। राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर औसतन 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचने वाली भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड की वैन को हरी झंडी दिखाई। खरे ने कहा हम टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतें कम हो जाएंगी। एनसीसीएफ ने मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर और उन्हें 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचकर बाजार हस्तक्षेप शुरू किया है। मोबाइल वैन राष्ट्रीय राजधानी की 50 कॉलोनियों में टमाटर बेचेगी। बयान के अनुसार, यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं को टमाटर की कीमतों में हाल ही में हुई वृद्धि से बचाने और बिचौलियों को अप्रत्याशित लाभ कमाने से रोकने के लिए किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कहा मंडियों में लगातार अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में काफी वृद्धि हुई है।

## देश में सुस्त मांग के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में सुस्त मांग के कारण सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। सितंबर में कुल पंजीकरण घटकर 17,23,330 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी महीने 18,99,192 इकाई था। यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों सहित अधिकतर श्रेणियों में सालाना आधार पर गिरावट देखी गई।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा गणेश चतुर्थी और ओणम जैसे त्यौहारों के बावजूद डीलरों ने बताया कि प्रदर्शन काफी हद तक स्थिर रहा है। बड़े त्यौहारों के मद्देनजर फाडा ने ओईएम से वित्तीय झटके से बचने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह भी किया है। वाहनों की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 2,75,681 इकाई रह गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी महीने 3,39,543 इकाई थी।

## ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 8 प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में सोमवार को दिन के कारोबार के दौरान 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई और अंत में यह आठ प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की सेवा गुणवत्ता के मुद्दे पर कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भाविश अग्रवाल और स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के बीच तीखी बहस हुई थी।

बीएसई पर ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 8.31 प्रतिशत गिरकर 90.82 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। इसमें लगातार तीसरे दिन गिरावट हुई। दिन के कारोबार में शेयर 9.43 प्रतिशत गिरकर 89.71 रुपये के निचले स्तर पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 8.38 प्रतिशत गिरकर 90.75 रुपये पर बंद हुआ।

## हिताची एनर्जी करेगी 2000 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी ने भारतीय कारोबार के 75 साल पूरे होने के अवसर पर देश में स्थायी ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता, प्रोडक्ट रेंज और टैलेंट बेस को विस्तार करने पर लगभग 2000 करोड़ का निवेश की योजना है।

पिछले 75 सालों में भारत की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं में योगदान देते हुए हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक से लेकर हिंदुस्तान ब्राउन बॉवेरी, एबीबी पावर ग्रिड्स, हिताची एबीबी पावर ग्रिड्स और अब हिताची एनर्जी बनने तक, कंपनी ने 1949 से ऊर्जा विकास में अहम भूमिका निभाई है।

## राष्ट्रीय

# बंगाल की कोयला खदान में विस्फोट, छह लोगों की मौत

## बीरभूम में हुआ हादसा, ट्रक पर रखे विस्फोटकों में हुआ था धमाका

कोलकाता, एजेंसी



अचानक विस्फोट हो जाने के बाद शव को निकालने में जुटे लोग।

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में एक ट्रक पर रखे विस्फोटकों में धमाका हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ, जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए ट्रक से डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया गांव की एक कोयला खदान में हुई। बीरभूम के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राणा मुखर्जी ने बताया छह लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हुए हैं। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने कहा, यह घटना कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। डब्ल्यूबीपीडीसीएल एक अन्य अधिकारी ने बताया कि संबंधित खान संचालक पीड़ित परिवारों को मुआवजा देगा। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने कहा घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था। पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी डब्ल्यूबीपीडीसीएल के पास पांच बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित क्षमता 4,265 मेगावाट है। चालू वित्त वर्ष में, अतिरिक्त 660 मेगावाट क्षमता बढ़ाए जाने की संभावना है।

# जम्मू-कश्मीर में जनादेश पलटने का भाजपा का मंसूबा, हम सतर्क हैं: कांग्रेस

- महासचिव जयराम रमेश ने किया दावा- कांग्रेस-नेकां के पक्ष में फैसले को नकारने के लिए भाजपा उठा रही है कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने से एक दिन पहले, सोमवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मंसूबा इस केंद्र शासित प्रदेश में जनादेश पलटने का है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि कांग्रेस-नेकां गठबंधन के पक्ष में आने वाले लोगों के फैसले को नकारने के लिए दुर्भावनापूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान हुआ था। मतगणना मंगलवार को होनी है। जम्मू-कश्मीर में 10 साल के अंतराल पर तथा 2019 में राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किये जाने के बाद ये चुनाव हुए हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आसन्न हार को देखते हुए भाजपा बहुमत हासिल करने के लिए हताशापूर्ण खेल, खेल रही है और अपनी चाल में मदद मिल जाए, उसके लिए त्रिशंकु विधानसभा की उम्मीद कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा जानती है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने कांग्रेस-नेकां गठबंधन को स्पष्ट जनादेश दिया है।

कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को खत्म करने के लिए, उन्होंने अपनी स्वयंभू फर्जी चाणक्य-नीति के पुराने तरीकों का सहारा लिया है। हमारे पास यह कहने के लिए स्पष्ट जानकारी और आधार है कि जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के पक्ष में जनादेश को नकारने के लिए दुर्भावनापूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। रमेश ने कहा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर में जनादेश को स्पष्ट खतरा है। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है, लेकिन भाजपा लोकतांत्रिक जनादेश को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है और उसका मंसूबा किसी भी तरीके से इसे पलटने का है।

# अधिकारी जब तक शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात का समय नहीं बताते लद्दाख भवन में डटे हैं : वांगचुक




जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक नई दिल्ली के लद्दाख भवन में अपनी भूख हड़ताल के दौरान अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ।

नई दिल्ली, एजेंसी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को कहा कि वह और उनके समर्थक तब तक लद्दाख भवन में रहेंगे जब तक अधिकारी यह नहीं बता देते कि कब वे देश के शीर्ष नेतृत्व से मिल सकते हैं। वांगचुक ने कहा कि प्रदर्शनकारी लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं और यह असामान्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे यहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यह याद दिलाने आए हैं जिसका वादा उसने चुनाव के दौरान किया था। मौजूदा समय में छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों को 'स्वायत्त जिलों और स्वायत्त क्षेत्रों के रूप में प्रशासन से संबंधित है। वांगचुक और उनके समर्थकों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर रविवार को लद्दाख भवन में ही अपना अनिश्चितकालील अनशन शुरू कर दिया। वांगचुक ने कहा, हम तब तक यहां बैठेंगे जब तक हमें जवाब नहीं मिल जाता कि हम अपने नेताओं से कब मिल पाएंगे। हमने 30-32 दिन तक पैदल यात्रा की है, हम कम से कम एक मुलाकात के तो हकदार हैं।

जलवायु कार्यकर्ता ने कहा कि लद्दाख के लोगों ने इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया था क्योंकि उन्हें विधानसभा और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा हम कोई असामान्य मांग नहीं कर रहे हैं, हम यहां भाजपा को उसके घोषणापत्र में किए गए वादों की याद दिलाने आए हैं।

# कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया : रिजिजू

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया और इसके नेता राहुल गांधी अब यह झूठा विमर्श फैला रहे हैं कि देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं।

रिजिजू ने कहा कि मुसलमानों को कांग्रेस का वोट बैंक नहीं बनना चाहिए क्योंकि इससे राष्ट्र और समुदाय को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का प्रभारी होने के नाते, मैं कुछ चीजें स्पष्ट करना चाहता हूं। अपने शासनकाल में, कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया। हम इस धारणा को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सरकार देश में सभी अल्पसंख्यकों के लिए समान रूप से काम कर रही है। यह राष्ट्रीय हित के प्रति प्रतिबद्ध है।

रिजिजू ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाएं मुसलमानों को अन्य समुदायों की तरह ही फायदा पहुंचा रही हैं। फिर, क्यों मुसलमानों को कांग्रेस का वोट बैंक बने रहना चाहिए? यह न केवल राष्ट्र के लिए बल्कि मुसलमानों के लिए भी नुकसानदेह है। उन्होंने कहा, जब वे एक राजनीतिक दल और उसके सहयोगियों का वोट बैंक बन जाएंगे तो यह उनके कल्याण की तुलना में कहीं अधिक नुकसान पहुंचाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों को एकजुट रखेगी और लोगों को इस बात से अवगत कराएगी कि राहुल गांधी और उनके सहयोगियों द्वारा यह गलत विमर्श फैलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गांधी विदेशी धरती पर देश के बारे में बुरा-भला बोल रहे हैं और भारत-विरोधी ताकतों से हाथ मिला रहे हैं।

### विदेश में देश को बदनाम कर रहे

रिजिजू ने कहा, देखिए, किस तरह की राजनीति की जा रही है? क्या आपने कभी सुना था कि विदेश जाकर किसी नेता ने देश की छवि धूमिल की... जनता ने उन्हें 10 साल के लिए खारिज कर दिया और अब वह विदेश में देश को बदनाम कर रहे हैं और भारत-विरोधी ताकतों से हाथ मिला रहे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अमेरिका में, गांधी ने आरक्षण के बारे में अपने विचार व्यक्त किये और बाद में इसकी लीपापोती करने की कोशिश की। अमेरिका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान गांधी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी और अभी ऐसा नहीं है। हालांकि, बाद में गांधी ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं और असल में 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा को हटाना चाहते हैं ताकि अधिक लोगों को लाभ मिल सके। भाजपा में मुस्लिम प्रतिनिधित्व के बारे में पूछे जाने पर, रिजिजू ने कहा, ...यदि वे हमें वोट नहीं देंगे तो हमारे उम्मीदवार कैसे जीतेंगे? हम किसी का वोट नहीं छीन सकते। यदि हमें समुदाय से वोट मिलेगा तो हमारे पास उस समुदाय से सांसद और मंत्री होंगे। यदि हमें वोट नहीं मिला तो हम सांसद और मंत्री कैसे बनाएंगे? रिजिजू ने यह भी कहा कि नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए उनका मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में, हर जिले में संविधान भवन स्थापित करेगा।

## हाथी को बांधने पर दिल्ली के चिड़ियाघर की सदस्यता निलंबित

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघरों और मछलीघरों के एक वैश्विक संगठन ने एक अफ्रीकी हाथी शंकर को जंजीरों से बांधकर रखे जाने को लेकर सोमवार को दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की सदस्यता निलंबित कर दी।

दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि उचित कार्रवाई की जाएगी और पत्र का अध्ययन करने के बाद अनुपालन रिपोर्ट भेजी जाएगी। उन्होंने कहा, फिलहाल शंकर अपने बाड़े में बिना जंजीरों के आजादी से घूम रहा है। जिम्बाब्वे ने 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को यह हाथी उपहार में दिया था। अफ्रीकी हाथी शंकर अकेला है। कुमार और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को लिखे पत्र में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जू एंड एक्वेरियम्सने कहा कि पहले उसने हाथी के संबंध में उनसे जानकारी मांगी थी और जवाब 24 मई तथा 24 जुलाई को मिले।

# नीट-यूजी के लीक प्रश्नपत्र पाने के लिए 144 अभ्यर्थियों ने रकम अदा की थी : सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने 144 अभ्यर्थियों की पहचान की है जिन्होंने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने से कुछ घंटे पहले नीट-यूजी के लीक और हल प्रश्नपत्र पाने के लिए कथित तौर पर पैसे दिए थे।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने पिछले सप्ताह दाखिल अपने तीसरे आरोप पत्र में पंकज कुमार का नाम दर्ज किया है जिसने झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य अहसानुल हक और उप प्राचार्य मोहम्मद इम्तियाज आलम के साथ मिलीभगत करके स्कूल से प्रश्नपत्र चुराए थे। उन्होंने बताया कि अपराध कथित रूप से उस समय किया गया जब बैंक वॉल्ट से प्रश्नपत्र लेकर ट्रंक पांच मई को सुबह आठ बजे के बाद स्कूल पहुंचे थे जिस दिन परीक्षा होनी थी। हक हजारीबाग के शहर समन्वयक थे और आलम को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट यूजी) 2024 आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया था। आरोप पत्र में 5,500 पन्ने हैं जिसमें 298 गवाहों, 290 दस्तावेजों और 45 भौतिक वस्तुओं के आधार पर निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं, तथा पेपर लीक करने वाले गिरोह के काम करने के तरीके का विस्तृत विवरण दिया गया है। उन्होंने बताया कि हक और आलम ने जमशेदपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर कुमार को कथित तौर पर उस कमरे में प्रवेश करने की इजाजत दी, जहां ट्रंक रखे हुए थे। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कुमार ने प्रश्नपत्र वाले ट्रंक के कब्जों से छेड़छाड़ की, एक प्रश्नपत्र निकाला और इसके सभी पन्नों की तस्वीर ली।

## नाबालिग लड़के पर ऑटिज्म पीड़ित युवती के यौन शोषण का आरोप

**इंदौर।** इंदौर में एक नाबालिग लड़के द्वारा ऑटिज्म से जूझ रही 18 वर्षीय युवती के कथित यौन शोषण को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस घटना के बारे में पुलिस से पखवाड़े भर के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि पीड़ित युवती की मां ने पलासिया पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित उनकी बेटी को उसके एक नाबालिग रिश्तेदार ने तीन अक्टूबर को कथित यौन शोषण का शिकार बनाया, जब वह बाथरूम में थी। कथित यौन शोषण में शामिल 13 साल का लड़का पीड़ित युवती का रिश्तेदार है। दंडोतिया ने बताया कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### मेक्सिको में मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मेक्सिकन सिटी के मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की पदभार ग्रहण करने के एक सप्ताह से भी कम समय में हत्या कर दी गई। बीबीसी की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिवंगत आर्कोस रविवार को चिलपेंसिंगो में मृत पाए गए। वह दक्षिण-पश्चिमी राज्य गुएरेरो के छह दिनों तक मेयर रहे थे। राज्य की गवर्नर एवलिन सालगाडो ने कहा कि आर्कोस की हत्या को लेकर शहर में शोक की लहर है। रिपोर्ट के अनुसार, मेयर की मौत शहर सरकार के नए मंत्री फ्रांसिस्को तापिया की गोली मारकर हत्या के तीन दिन बाद हुई।

### परिवार के 13 लोगों को जहर देने वाली लड़की गिरफ्तार

**सुक्कुर (सिंध)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक लड़की और उसके प्रेमी को अपने परिवार के 13 सदस्यों को जहर देकर मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने कहा कि शाइस्ता अमीर बख्श से प्यार करती थी लेकिन उसका परिवार उनकी शादी के लिए सहमत नहीं था, जिसके कारण उसने प्रेमी के साथ मिलकर 19 अगस्त को खैरपुर के पास हैबत खान ब्रोही गांव में सामूहिक हत्या करने की योजना बनाई। जहरीला खाना खाने से शाइस्ता के परिवार के नौ सदस्यों की जल्द ही मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्यों की मौत कुछ दिनों में इलाज के दौरान हो गई।

### पुलिस अभियान में 7 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के मियांवाली जिले में सात आतंकवादियों को मार गिराने का सोमवार को दावा किया। सीटीडी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रविवार देर रात जिले के मेकरवाल इलाके में खुफिया सूचना के आधार पर अभियान चलाया गया, जिसके बाद आतंकवादियों और सीटीडी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी के दौरान सात आतंकवादी मारे गए, जबकि उनके आठ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

### म्यांमा : पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत

**म्यांमा।** पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत बैंकॉक, सात अक्टूबर (एपी) म्यांमा की पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के वरिष्ठ नेता जॉ म्यिंट मौंग की सोमवार को जेल में मौत हो गई। वह 72 साल के थे। मौंग को 2021 में सेना द्वारा तख्ता पलट किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। माना जाता है कि उन पर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित थे। मौंग अपदस्थ नेता आंग सान सू ची के करीबी थे और नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के प्रवक्ता थे। सेना द्वारा 2021 में तख्ता पलट कर सत्ता अपने हाथ में लेने से पहले तक मौंग पार्टी के द्वितीय उपाध्यक्ष और मध्य मांडले क्षेत्र के मुख्यमंत्री भी थे। सेना ने 2021 में तख्ता पलट के बाद सू ची और एनएलडी के कई वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था।

## हमला



बेंगलुरु के पास बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क में रविवार को एक तेंदुआ सफारी बस पर कूद गया। • एजेंसी

## हसीना के सहयोगी हिरासत में, पूर्व प्रधान सचिव भी गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रधान सचिव अबुल कलाम आजाद और ढाका मेट्रोपॉलिटन अवामी लीग के कोषाध्यक्ष हुमायूं कबीर को जुबो दल के नेता शमीम की हत्या के मामले में सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने रविवार को यह आदेश जारी किया। इससे पहले, इस मामले के जांच अधिकारी, पलटन पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक (एसआई) नजमुल हसन ने दोनों आरोपियों के लिए 10 दिन की पुलिस रिमांड की मांग की थी। जवाब में, बचाव पक्ष के वकील ने रिमांड रद्द करने की मांग करते हुए जमानत याचिका दायर की थी।

# हमले का साल पूरा, जान गंवाने वालों को किया याद

- इजराइल पर हमास के हमले को लेकर दुनिया भर के कई देशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**बुडापेस्ट, एजेंसी**

इजराइल पर हमास के हमले का एक वर्ष पूरा होने को लेकर सोमवार को दुनिया भर के कई देशों में कई विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही वैश्विक स्तर पर कई नेताओं ने यहूदी-विरोध' को समाप्त करने तथा इजराइली बंधकों की रिहाई का आह्वान किया। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में घुसकर सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया था।

हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे। इसके बाद से इजराइल के गाजा पर हमले जारी हैं। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध के बीच इजराइल-हमास जंग से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया। यूरोपीय देशों, जहां यहूदी और मुस्लिम समुदाय के सदस्य रहते हैं, ने हमास के हमले और उसके बाद गाजा में उग्रवादियों के खिलाफ इजराइल के युद्ध के मद्देनजर यहूदी विरोधी और मुस्लिम विरोधी भावनाओं को दबाने का प्रयास किया है। पिछले साल अक्टूबर से जारी इस युद्ध में 41,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 19 लाख लोग युद्धग्रस्त क्षेत्र से विस्थापित हुए हैं। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली लोगों की याद में बर्लिन स्थित जर्मन चांसलरी के बाहर पीले रंग का एक रिबन लगाया गया। रिबन पर इजराइल पर हमले के दौरान मारे गए लोगों के नाम भी लिखे गए। इनमें से लगभग 100 लोग अभी भी बंधक हैं और उनमें से कई के मारे जाने की आशंका है।



हमलों के एक साल पूरे होने पर अपनों को याद कर पत्नी को गले लगाता पति।

# भारत-मालदीव में मुद्रा समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी ने मुइज्जू से द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा, मुक्त व्यापार समझौता जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और मालदीव ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा करने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौता करने और स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच सोमवार को यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए।

दोनों नेताओं ने भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे और 700 से अधिक आवास का उद्घाटन किया तथा मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया जो रक्षा, भ्रष्टाचार निरोधक कार्यवाही, विधि क्षेत्र में क्षमता विस्तार तथा खेल एवं युवा मामलों के क्षेत्र को लेकर हैं। इस मौके पर मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। हमारी पड़ोसी प्रथम की नीति और 'सागर' विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए सबसे पहले मददगार की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं की जरूरत पूरी करनी हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो या कोविड महामारी के समय वैक्सीन देने की बात हो। मोदी ने कहा हमने हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को प्रमुखता दी है। इस वर्ष भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के 10 करोड़ डॉलर के ट्रेज़री बिल्स का रोल ओवर किया है। मालदीव की आवश्यकता अनुसार, 40 करोड़ डॉलर और तीन हजार करोड़ रुपए का मुद्रा विनिमय समझौता भी संपन्न हुआ है। हमने मालदीव में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए व्यापक सहयोग पर बात की है।



मालदीव के राष्ट्रपति से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### जलवायु परिवर्तन है बड़ी चुनौती

मोदी ने कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में संस्थापक सदस्य के रूप में जुड़ने पर मालदीव का स्वागत किया और कहा कि जलवायु परिवर्तन दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती है। इस संबंध में सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता में भारत अपने अनुभव मालदीव के साथ साझा करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने मुइज्जू का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से संबंध मजबूत होंगे।

### मोदी ने कहा- डिजिटल कनेक्टिविटी पर भी फोकस

मोदी ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी पर भी फोकस किया है। उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले, मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया गया है। आने वाले समय में, भारत और मालदीव को यूपीआई से भी जोड़ने के लिए काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अड्डू में नया भारतीय वाणिज्य दूतावास और बेंगलुरु में मालदीव का नया वाणिज्य दूतावास खोलने पर भी हमने बात की है। इन सभी पहलों से, हमारे लोगों के बीच संबंधों को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। एकता हार्बर प्रोजेक्ट में काम तेजी से चल रहा है। हम मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बलों की ट्रेनिंग और क्षमता निर्माण में अपना सहयोग जारी रखेंगे। हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। हाइड्रोग्राफी और आपदा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाया जायेगा।

# इमरान के 18 तक मिलने-जुलने पर प्रतिबंध

- कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन के बीच लगाया प्रतिबंध

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुरक्षा चिंताओं के कारण 18 अक्टूबर तक उनके परिवार के सदस्यों, वकीलों और पार्टी नेताओं से मिलने पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन किये जाने के बीच लगाया गया है।

पीटीआई के संस्थापक खान अगस्त 2023 से कई मामलों में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने पीटीआई पर 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन को बाधित करने के प्रयास का आरोप लगाया है और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया है कि ये साजिशें नाकाम हों। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को रावलपिंडी की अदियाला जेल में अपने परिवार, वकीलों और पार्टी नेताओं से 18 अक्टूबर तक मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर यह फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन की प्रत्याशा में यह फैसला लिया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने आरोप लगाया है कि शिखर सम्मेलन को विफल करने के लिए पीटीआई इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन कर रही है।



## दुनिया की नदियों के लिए 2023 गत तीन दशक में सबसे अधिक सूखा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी ने सोमवार को बताया कि 2023 विश्व की नदियों के लिए तीन दशकों से अधिक समय में सबसे सूखा वर्ष रहा, क्योंकि रिकॉर्ड गर्मी की वजह से जल प्रवाह घट गया और कुछ स्थानों पर लंबे समय तक सूखे की स्थिति बनी रही। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कई देशों में स्थित ग्लेशियर को गत पांच दशक में भारी नुकसान हुआ है जो इन नदियों में जल के स्रोत हैं।

## हैरिस के पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक से संबंधों को लेकर सवाल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में एक हिंदू राजनीतिक समूह ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के यूएस कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलिजीयस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) के पाकिस्तानी-अमेरिकी सदस्य से संबंधों पर सवाल उठाए व कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर उनके प्रशासन के रुख को लेकर चिंता व्यक्त की है। हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट के संस्थापक और अध्यक्ष उत्सव संदूजा ने यूएससीआईआरएफ की पिछले सप्ताह जारी एक रिपोर्ट के बाद यह टिप्पणी की है जिसमें आरोप लगाया गया है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थितियां 2024 में भी बदतर रहीं, खासतौर से देश के आम चुनावों से पहले और तुरंत बाद के महीनों में। भारत ने इस रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्णबताया है। ट्रंप के समर्थक संदूजा ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें हैरिस को प्रचार का समर्थन करने के लिए पाकिस्तानी अमेरिकी और यूएससीआईआरएफ के आयुक्त आसिफ महमूद की तारीफ करते हुए देखा गया।

## सूडान में जारी संघर्ष में 13 बच्चों की गई जान

**काहिरा।** सूडान के उत्तरी दारफुर में सूडानी सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच जारी संघर्ष में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह जानकारी दी।

यूनिसेफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि बच्चों की उम्र छह से 17 वर्ष के बीच थी। स्थानीय समाचार पत्र सूडान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सूडानी सेना ने शुक्रवार को उत्तरी दारफुर की राजधानी अल फाशिर से लगभग 70 किलोमीटर पूर्व में स्थित अल कुमा शहर के एक बाजार को निशाना बनाकर हवाई हमले किए।

# रूस के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना

- राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा- युद्ध अपने अहम चरण में

**कीव, एजेंसी**

यूक्रेन की सेना ने दावा किया कि उसने क्रीमिया में रूस के अहम तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है जहां से रूसी सेना को युद्ध में तेल की आपूर्ति की जाती है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध अहम चरण में प्रवेश कर गया है।

यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि रूस की सैन्य और आर्थिक संभावनाओं पर चोट पहुंचाने के इरादे' से उसके कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप के दक्षिण में स्थित फियोदोसिया तेल टर्मिनल पर हमला किया गया क्योंकि वहां से रूसी सेना को युद्ध के लिए तेल की आपूर्ति की जा रही थी। फियोदोसिया में तैनात रूसी अधिकारियों ने बताया कि काला सागर के किनारे स्थित टर्मिनल में सोमवार सुबह आग लग गई लेकिन उन्होंने इसके कारणों का खुलासा नहीं किया।

यूक्रेन तीसरे साल में प्रवेश कर गए युद्ध में रूस के कब्जे वाले अहम इलाकों को निशाना बना रहा है। उसने लंबी दूरी के ड्रोन विकसित किए हैं, जिनसे तेल डिपो और तेल शोधकों के साथ-साथ शस्त्रागारों पर भी हमला किया गया है।

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सईद के दूसरी बार चुनाव जीतने के संकेत

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में आम चुनाव के बाद हुए सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में निवर्तमान राष्ट्रपति कैस सईद को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए जीत मिलने की संभावना जताई गई है। बहरहाल, सईद ने 'एग्जिट पोल' के नतीजों को स्वीकार करते हुए रविवार देर रात कहा की कि वह अपनी जीत की घोषणा करने से पहले आधिकारिक परिणामों की प्रतीक्षा करेंगे। 'एग्जिट पोल' में सईद की भारी अंतर से जीत की संभावना जताई गई है। सईद के कई विरोधियों को गिरफ्तार किए जाने से चुनाव पर असर पड़ा है। सईद ने चुनाव के बाद कहा, हम देश से सभी भ्रष्ट लोगों और षड्यंत्रकारियों का सफाया कर देंगे।

## हरियाली को बढ़ावा



कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव से पहले हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधों का उपयोग करके एक कलाकार के द्वारा बनाया गया पूजा पंडाल। • एजेंसी

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, दो चीनी नागरिकों व आतंकी की मौत

- जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुआ विस्फोट

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे के पास देर रात चीनी श्रमिकों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए बलूच विद्रोही समूह के आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिकों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुए विस्फोट में एक संदिग्ध आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई।

यह हमला पाकिस्तान में चीनी श्रमिकों के खिलाफ हिंसा की श्रृंखला में नवीनतम घटना है। यह हमला राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से दो सप्ताह से भी कम समय पहले हुआ है। प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह विस्फोट एक आत्मघाती हमला था, जिसमें जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से निकल रहे चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के काफिले को निशाना बनाया गया। यह हमला हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल से एक मील से भी कम दूरी पर हुआ। अधिकारियों ने हवाई अड्डे की तरफ जाने वाले सभी यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया। हमले में एक इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के चीनी कर्मचारियों को ले जा रहे काफिले को निशाना बनाया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक आसिफ शेख ने बताया प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आत्मघाती हमले को अंजाम देने के लिए एक छोटे वाहन का तब इस्तेमाल किया गया, जब चीनी नागरिकों को ले जा रहा वाहन कराची हवाई अड्डे के पास मुख्य सिग्नल पर पहुंचा था। उन्होंने कहा कि आत्मघाती हमलावर द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहन में विस्फोटक थे और निशाने से टकराने के बाद उसमें विस्फोट हो गया।



## अल्बानिया में भारतीय व्यंजनों, परंपरा की दिखी झलक

**तिराना।** अल्बानिया के राष्ट्रपति के राजप्रसाद का एक हिस्सा कुछ समय के लिए भारतीय शाही दरबार में तब्दील हो गया जिसमें रामपुर की समृद्ध पाककला, पारंपरिक संगीत और फैशन की झलक दिखाई दी। हजारों मील की दूरी पर यह संभव हुआ अल्बानिया में भारत की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित पहले भारत महोत्सव की वजह से। इस उत्सव का आयोजन अल्बानिया के अर्थव्यवस्था, संस्कृतिक और नवाचार मंत्रालय द्वारा किया गया क्योंकि बाल्कन का यह छोटा सा देश भारत के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ करना चाहता है और इसकी शुरुआत वह लोगों से लोगों के बीच संपर्क के साथ कर रहा है। मिनी फेस्टिवल ऑफ इंडिया इन तिराना नाम से की गई इस पहल में शाही रात्रि भोज के अलावा आजादी के बाद से भारत की वास्तुकला में की गई प्रगति भी प्रदर्शित की।

## ज्ञान-विज्ञान

### सेंटौर पिंडों की उत्पत्ति व बनावट का रहस्य खोलेगी यह खोज

# गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** सुदूर अंतरिक्ष में गैस की तीव्र धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा यह खोज हुई है। इन्हें सेंटौर कहा जाता है। हमारे सौरमंडल की उत्पत्ति व विकास को समझने में यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। साथ ही सेंटौर पिंडों की उत्पत्ति व बनावट के रहस्य को जानने में भी मददगार होगी।

सौरमंडल के सभी पिंडों से हम परिचित हैं। मगर सेंटौर जैसे बर्फीले पिंड आज भी रहस्य बने हुए हैं। इन पिंडों से निकलने वाली गैस की धारा कुछ उसी तरह की होती है, जैसे पृथ्वी में ज्वालामुखी फटा करते हैं। इस पिंड का नाम सेंटौर 29पी/श्वासमैन-वाचमैन है। पिंड के चट्टान के भीतर से गैस के विस्फोट होते हैं और कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड के जेट जैसी तेज धारा छोड़ते हैं। विस्फोट हर छह से आठ सप्ताह में होते हैं, जिस कारण यह बाहरी सौर मंडल में सबसे गतिशील वस्तुओं में माने जाते हैं। इस पिंड का आकार मूंगफली जैसा है। यह बर्फीले पिंड बृहस्पति और नेपच्यून के बीच से सूर्य की परिक्रमा करते हैं। यह खोज सौर मंडल के गठन और विकास में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, ऐसा वैज्ञानिकों का मानना है। वैज्ञानिक इन पिंडो की संरचना को समझने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उनकी गैस-उत्सर्जन गतिविधि के कारण को समझने का प्रयास कर रहे हैं। पिंड की सतह के नीचे मौजूद बर्फ के लुप्त होने का कारण भी तलाश करेंगे।



खोजे गए सेंटौर की तस्वीर।

### प्राचीन पिंडों व धूमकेतुओं के बीच की कड़ी हैं ये पिंड

नैनीताल : सेंटौर के संदर्भ में अधिक जानकारी नही है। यह पूर्व ट्रांस-नेप्च्यूनियन वस्तुएं हैं जो पिछले कुछ मिलियन वर्षों में ग्रहों के सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से नेप्च्यून की कक्षा के अंदर चली गई हैं। ये पिंड बाहरी सौर मंडल में आदिकालीन बर्फीले पिंडों और विकसित धूमकेतुओं के बीच की कड़ी हैं। नासा ग्रीनबेल्ट, मैरीलैंड के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर और वाशिंगटन डी.सी., अमेरिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है।